पौष शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मुरादाबाद, मंगलवार, 16 जनवरी 2024
वर्ष 4, अंक 297, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com

चंद्रमा की दौड़ में अमेरिका-चीन के बीच जुबानी जंग 16
गणतंत्र दिवस पर रिलीज होगी ऋतिक की फाइटर 15

## सेंसेक्स पहली बार 73,000 के पार



**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार फिर नए रिकॉर्ड हाई पर पहुंचा। पहली बार सेंसेक्स 73000 और निफ्टी 22000 के पार पहुंचा है। सोमवार को बाजार में सबसे ज्यादा खरीदारी आईटी सेक्टर के शेयरों में दिखी। सेंसेक्स सोमवार को 759.49 अंक यानी 1.05 प्रतिशत उछलकर 73,327.94 के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 202.90 अंक यानी 0.93 प्रतिशत चढ़कर 22,097.45 के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। (देखें कारोबार पेज)

## अब थोक महंगाई भी बढ़ी दिसंबर माह में 0.73% रही

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सरकार ने खाद्य वस्तुओं का महंगा होना बताया कारण

थोक मुद्रास्फीति दिसंबर, 2023 में बढ़कर 0.73 प्रतिशत हो गई। यह इसका नौ माह का उच्चस्तर है। खाद्य पदार्थों खासकर सब्जियों तथा दालों की कीमतों में तेज उछाल से इसमें बढ़ोतरी हुई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत थी। खुदरा मुद्रास्फीति का आंकड़ा जारी होने के कुछ दिनों थोक बाद थोक महंगाई दर के आंकड़े सामने आए हैं। खुदरा महंगाई दर नवंबर के 5.55 प्रतिशत के मुकाबले बढ़कर चार महीने के उच्च स्तर 5.69 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, 'वस्तुओं, मशीनरी तथा उपकरण, विनिर्माण, परिवहन अन्य उपकरण तथा कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक तथा ऑप्टिकल उत्पादों आदि की कीमतों में वृद्धि दिसंबर, 2023 में थोक मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी का कारण रही।' थोक मुद्रास्फीति का इससे पिछला उच्चस्तर मार्च, 2023 में दर्ज हुआ था।

### पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से पहाड़ों पर बर्फबारी के आसार, मैदानी इलाकों में बढ़ेगी गलन

## दो दिन और नहीं मिलेगी हाड़ कंपाऊ ठंड-कोहरे से राहत

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली, उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में अभी दो दिन और मौसम में कोई बदलाव की उम्मीद नहीं है। सोमवार सुबह दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का सबसे कम तापमान रहा। वहीं, यूपी के दर्जन से ज्यादा जिलों में कोहरे, कोल्ड वेव और कोल्ड डे को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

पश्चिमी यूपी में इसका ज्यादा असर देखने को मिलेगा। यूपी मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। 17 जनवरी तक 45-50 जिलों में सीवियर कोल्ड और घने कोहरे का असर दिखाई देगा। सोमवार की रात से सक्रिय होने वाले इस विक्षोभ के चलते न सिर्फ उत्तर भारत के कुछ राज्यों में बारिश की संभावनाएं बनी हैं, बल्कि पहाड़ी इलाकों पर ताजा बर्फबारी का भी अनुमान लगाया जा रहा है।

मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक सोमवार रात से लेकर गुरुवार तक मैदानी इलाकों में जबरदस्त ठंड और गलन पड़ सकती है, जबकि इन्हीं इलाकों में अभी भी लगातार कोहरा बढ़ता जाएगा। वहीं बढ़े हुए कोहरे के चलते सोमवार को भी देश की राजधानी दिल्ली के हवाई अड्डे पर यातायात व्यवस्था चरमराई रही। दोपहर 12 बजे तक कई उड़ानों को अलग-अलग एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट किया गया, जबकि 100 से ज्यादा उड़ानें एक बार फिर से देरी से उड़ीं।

### कोहरे से उड़ान में हुई देरी, यात्री ने पायलट को पीटा, गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान में देरी की घोषणा कर रहे इंडिगो के पायलट पर एक यात्री ने हमला कर दिया। घटना के बाद यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। रविवार शाम हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आया है। वीडियो में साहिल कटारिया नामक यात्री गोवा जा रहे विमान के अंदर घोषणा कर रहे पायलट पर हमला करते दिख रहा है। घटना उस दिन हुई, जब घने कोहरे के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर परिचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ, जिसके कारण कई उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया, कई उड़ानें रद्द हुईं या उनके परिचालन में देरी हुई।

### एक नजर

### कर्नाटक के प्रखर ने खेली नाबाद 404 रन की पारी युवराज का तोड़ा रिकॉर्ड



**शिवमोगा (कर्नाटक)।** कर्नाटक के युवा बल्लेबाज प्रखर चतुर्वेदी ने सोमवार को कूच बिहार ट्रॉफी के मुकाबले में एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया। प्रखर ने अंडर-19 के सालाना चार दिवसीय मुकाबले की पहली पारी में 404 रन बनाकर नाबाद रहने का रिकॉर्ड बनाया है। 638 गेंदों की इस पारी में उन्होंने 46 चौके और तीन छक्के मारे। कर्नाटक की टीम ने मुंबई के खिलाफ आठ विकेट खोकर 890 रन बनाए।

### मनी लॉन्ड्रिंग: पंजाब के पूर्व मंत्री धर्मसोत अरेस्ट

**चंडीगढ़।** ईडी ने कथित वन घोटाले से जुड़ी धन शोधन जांच में सोमवार को कांग्रेस नेता और पंजाब के पूर्व वन मंत्री साधु सिंह धर्मसोत को गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी ने पीएमएलए के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की है। ईडी ने पिछले साल नवंबर में धर्मसोत, राज्य के एक अन्य वन मंत्री संगत सिंह गिलजियान, कुछ वन विभाग के अधिकारियों और अन्य के परिसरों पर छापेमारी की थी। यह जांच राज्य वन विभाग में पेड़ों की कटाई के लिए परमिट जारी करने और विभाग में स्थानांतरण/तैनाती के लिए घूस के आरोपों से संबंधित है। धर्मसोत पांच बार विधायक रहे हैं।

# जिनको कभी किसी ने नहीं पूछा मोदी उन्हें पूछता भी है, पूजता भी

### पीएम जनमन लाभार्थियों से बोले प्रधानमंत्री, 1 लाख लोगों को पहली किस्त जारी

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि त्रेता युग में राजा राम की कथा हो या आज की 'राज-कथा', यह गरीब-वंचित और जनजातीय लोगों के कल्याण के बिना संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार इसी सोच के साथ लगातार काम कर रही है और इसी का प्रतिफल है कि जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी आज पूछता भी है और पूजता भी है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी करने के बाद मोदी ने यह बात कही।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'त्रेता में राजा राम की कथा हो या आज की राज-कथा बिना गरीब, बिना वंचित, बिना वनवासी भाई-बहनों के कल्याण के संभव ही नहीं है। इसी सोच के साथ हम लगातार काम कर रहे हैं। हमने 10 साल गरीबों को समर्पित किए। गरीबों को 4 करोड़ से अधिक पक्के घर बनाकर दिए।' उन्होंने कहा, 'जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी आज पूछता भी है और पूजता भी है।' प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों को 540 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की गई। इस दौरान लाभार्थियों ने रसोई गैस कनेक्शन, बिजली, पाइप से पानी और आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के बाद अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने संवाद के दौरान कहा, 'हमारी सरकार का प्रयास है कि कोई भी उसकी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे।'

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं अति पिछड़े जनजातीय लोगों तक पहुंचें, यही पीएम-जनमन महाअभियान का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सिर्फ दो महीने में ही पीएम-जनमन अभियान ने वह लक्ष्य हासिल करने शुरू कर दिए हैं जो पहले कभी कोई नहीं कर सका।

### श्रीराम की कथा माता शबरी के बिना संभव नहीं

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इन दिनों उन्होंने भी 11 दिन व्रत-अनुष्ठान का एक संकल्प किया हुआ है और इस दौरान वे श्रीराम का ध्यान और स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जब आप प्रभु राम का स्मरण करेंगे तो माता शबरी की याद आना बहुत स्वाभाविक है। श्रीराम की कथा माता शबरी के बिना संभव ही नहीं है। अयोध्या से जब राम निकले थे, तब तो वह राजकुमार थे। लेकिन राजकुमार राम, मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में हमारे सामने आए, क्योंकि माता शबरी हों, केवट हों, निषाद राज हों... न जाने कौन-कौन से लोग... जिनके सान्निध्य ने राजकुमार राम को प्रभु राम बना दिया।'

### पहले सिर्फ कागजों पर चलती थीं सरकारी योजनाएं

लाभार्थियों से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'पहले सरकारी योजनाएं सिर्फ कागजों पर ही चलती रहती थीं और असली लाभार्थियों को पता ही नहीं चलता था। जिनको पता चल भी जाता था तो उनको कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। अब पीएम-जनमन महाअभियान में हमारी सरकार ने ऐसे सभी नियम बदल दिए हैं, जिससे आपको परेशानी होती हो।' बता दें पिछले वर्ष 15 नवंबर को पीएम-जनमन की शुरुआत समाज के सबसे कमजोर जनजातीय समूहों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए की गई थी। पीएम-जनमन का बजट लगभग 24,000 करोड़ रुपये का है और इसमें नौ मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण पहलों को शामिल किया गया है।

## विस अध्यक्ष के आदेश के खिलाफ कोर्ट पहुंचा उद्धव गुट

▸▸ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को असली शिवसेना घोषित करने के फैसले को दी चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के शिवसेना गुट को असल शिवसेना बताने वाले महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के आदेश के खिलाफ उद्धव ठाकरे वाले गुट ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। जून 2022 में एकनाथ शिंदे ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र में सरकार बनाई थी और उद्धव ठाकरे की सरकार गिर गई थी।

इसके खिलाफ उद्धव ठाकरे वाले गुट ने एकनाथ शिंदे सहित 16 बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने की अपील की थी। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने इसे भी ठुकरा दिया। 10 जनवरी को दिए अपने आदेश में नार्वेकर ने बागी गुट के किसी भी विधायक को अयोग्य नहीं ठहराया। शिंदे गुट के पास शिवसेना में टूट के समय पार्टी के कुल 54 में से 37 विधायकों का समर्थन था। इससे पहले 2023 में ही चुनाव आयोग ने ''शिवसेना'' नाम और ''तीर-कमान'' वाला चुनाव चिह्न भी शिंदे गुट को दिया था।

## अयोध्या में विराजमान होगी योगीराज की बनाई प्रतिमा


अरुण योगीराज की बनाई रामलला की मूर्ति मंदिर में हो सकती प्राण प्रतिष्ठित
▸▸ बेंगलुरु के भाजपा सांसद पीसी मोहन का दावा, एक्स पर डाली तस्वीर और जानकारी
अयोध्या कार्यालय
अमृत विचार : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मैसूर के मूर्तिकार द्वारा बनाई गई मूर्ति का चयन कर लिया गया है। मूर्ति में श्रीराम के साथ माता सीता, लक्ष्मण व हनुमानजी श्याम रंग में नजर आ रहे हैं। इस बात की जानकारी बेंगलुरु के भाजपा सांसद
भाजपा सांसद की ओर से एक्स पर डाली गई तस्वीर।
बता दें कि रामलला की तीन
अलावा कर्नाटक के तीन और पत्थर आए थे, जिसमें से एक पत्थर पर गणेश भट्ट की टीम मूर्ति बनाने का काम रही थी। गत दिनों मूर्ति के चयन की बात भी सामने आई थी, लेकिन स्पष्ट कुछ भी नहीं हो रहा था। सोमवार को भाजपा सांसद की ओर से तस्वीर जारी करने के बाद से रामभक्तों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। इस बाबत जब विहिप के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तीन मूर्तियां बनाई गई हैं, जिसमें दो

▸▸ राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी जानकारी
▸▸ अमृत विचार ने 2 जनवरी के अंक में कर दिया था नाम का खुलासा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि गर्भगृह में विराजने वाली प्रतिमा का चयन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई गई पांच साल के राम की बाल रूप की नई प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित होगी।

बाल रूप की नई मूर्ति श्याम रंग की रामलला की मूर्ति है, जो योगीराज ने बनाई है। विदित हो कि अमृत विचार ने 2 जनवरी के अंक में पहले पेज पर 'अरुण योगीराज की बनाई रामलला की मूर्ति मंदिर में हो सकती है प्राण प्रतिष्ठित' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इस पर चंपत राय ने सोमवार को मुहर लगा दी। अमृत विचार ने पाठकों को बताया था कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मैसूर के मूर्तिकार द्वारा बनाई गई मूर्ति का चयन कर लिया गया है। इस बात की जानकारी बेंगलुरु के भाजपा सांसद पीसी मोहन ने भी साझा की है।



### मूर्ति इसलिए भी खास

- बाल रूप और श्याम रंग की
- मूर्ति में रामलला धनुष-बाण लिए हुए
- श्याम शिला की आयु हजारों साल
- पानी नहीं कर सकता प्रभावित
- चंदन आदि से फीकी नहीं होगी चमक
- मूर्ति की कुल ऊंचाई 51 इंच
- वजन लगभग 200 किलोग्राम

## मायावती ने चुनी एकला चलो की राह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ इंडिया गठबंधन में नहीं शामिल होगी बसपा
▸▸ कहा- गठबंधन से फायदा कम नुकसान ज्यादा



**अमृत विचारः** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने सोमवार को विपक्षी गठबंधन के मंसूबों पर पानी फेरते हुए ऐलान कर दिया कि 2024 के लोकसभा चुनाव पार्टी अकेले लड़ेगी। किसी के साथ कोई गठबंधन नहीं करेगी। साथ ही, कार्यकर्ताओं को फिर से सतर्क रहने की हिदायत देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं।

बसपा प्रमुख ने अफवाहों पर विराम लगाते हुए स्पष्ट किया कि उत्तराधिकारी घोषित करने का मतलब सक्रिय राजनीति से संन्यास लेना नहीं है। जीवन की अंतिम सांस तक बसपा को मजबूती प्रदान करने का संघर्ष करती रहूंगी। बिजली पासी किला समीप स्थित बसपा मंडल कार्यालय पर सोमवार को मायावती के 68 वें जन्मदिन को जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया गया। विधानपरिषद सदस्य भीमराव आंबेडकर ने मायावती को 2024 में प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प कार्यकर्ताओं को दिलाया। जन्मदिन के अवसर पर मायावती, पार्टी की प्राथमिकताओं की जानकारी देते हुए पत्रकारों को संबोधित कर रही थी।

**अयोध्या जाने का विचार नहीं :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में निमंत्रण मिलने को लेकर बसपा सुप्रीमो ने कहा कि निमंत्रण मिला है लेकिन अभी जाने पर विचार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर से पार्टी को कोई आपत्ति नहीं है। भविष्य में मस्जिद बनती है तो उसमें भी आपत्ति नहीं होगी।

## मैं रहूं या न रहूं, मेरा देश सुरक्षित रहना चाहिए : राजनाथ



**लखनऊ।** सूर्या खेल परिसर में सेना दिवस के मौके पर आयोजित शौर्य संध्या दिवस में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं रहूं या न रहूं, मेरा देश सुरक्षित रहे। इसी भावना के साथ मातृभूमि की रक्षा करने वाला सैनिक एक अनुकरणीय देशभक्त होता है। सोमवार को युद्ध प्रदर्शन में रक्षामंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भारतीय सेना के साहस और प्रदर्शन को सराहा। राजनाथ ने कहा कि दिल्ली से बाहर सेना दिवस दूसरी बार लखनऊ में हो रहा है, जबकि इससे पहले पिछले वर्ष बेंगलुरु में मनाया गया था। सेना, नौसेना व वायु सेना दिवस को दिल्ली के बाहर मनाने का विचार देश की परंपरा और सैन्य प्रगति को लोगों तक ले जाना है। लखनऊ की धरती वीरों की धरती है। यहां के सैनिकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जबकि कैप्टन मनोज पांडे की यह धरती है। जिनकी वीरता के किस्से बच्चे-बच्चे की जुबान पर है।

## अब ग्रामीण भी ले सकेंगे मकान के लिए लोन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ खरीद-फरोख्त के बाद उनके घरों का नामांतरण हो सकेगा और वरासत भी होगी आसान

**अमृत विचारः** घरौनी को शहरी मकानों के 'एलॉटमेंट लेटर' की तर्ज पर लोन लेने का आधिकारिक दस्तावेज बनाने की सरकारी कवायद तेज हो गई है। इसके पीछे मंशा यह है कि प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को भी अपने मकान पर बैंकों से ऋण मिल सके। सरकार के इस कदम से खरीद-फरोख्त के बाद उनके घरों का नामांतरण हो सकेगा और वरासत भी आसानी से हो सकेगी। राज्य सरकार इसके लिए जल्द ही उप्र. ग्रामीण आबादी अभिलेख विधेयक-2024 को विधानसभा से पास करवाने की औपचारिकता करेगी। अब तक 90866 गांवों में ड्रोन से सर्वे हो चुका है। 52448 गांवों में कुल 75 लाख 31 हजार 29 घरौनी भी तैयार हैं।

राजस्व परिषद के अध्यक्ष हेमंत राव के मुताबिक, नामांतरण, वरासत दर्ज कराने और संशोधन किए जाने के लिए नए विधेयक बनाने की जरूरत महसूस की गई है। इसके बनने के बाद ग्रामीण आबादी में नामांतरण, वरासत व संशोधन हो सकेंगे।

## चीनी मिल में बॉयलर फटा, 3 की मौत, दो बरेली निवासी

**सीतापुर।** रामकोट थाना इलाके में डालमिया यूनिट की जवाहरपुर चीनी मिल में डिस्टलरी ग्रेन टैंक में सोमवार को तेज धमाका हो गया। धमाका इतना तेज था कि टैंक में जाली लगाने का काम कर रहे तीन कर्मचारियों की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना देकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की वजह टैंक में प्रेशर अधिक बढ़ जाना बताया जा रहा है। सोमवार सुबह दस बजे जवाहरपुर चीनी मिल के नए डिस्टलरी ग्रेन टैंक के बाहरी हिस्से में जाली लगाने का काम चल रहा था। इस दौरान अचानक डिस्टलरी ग्रेन टैंक में प्रेशर अधिक बढ़ने से तेज धमाका हो गया और जद में आकर तीन मजदूरों की मौत हो गई। इनकी पहचान अवतार सिंह निवासी कस्बा रामकोट सीतापुर, राजू मौर्या निवासी सीबीगंज जिला बरेली, विनोद निवासी फतेहगंज पश्चिमी थाना फतेहगंज जनपद बरेली के रूप में हुई है। मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की गई है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है।

## बालिका से दुराचार के दोषी किशोर को 20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ विशेष न्यायाधीश ने पॉक्सो एक्ट में सुनाया फैसला, एक लाख का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचारः** छह साल की बालिका से दुष्कर्म मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने आरोपी किशोर को 20 साल की सजा और एक लाख तीन हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। जुर्माने की धनराशि पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं।

केमरी थाना क्षेत्र के एक गांव में छह साल की बच्ची अपनी नानी के पास रह रही थी। पीड़िता की नानी ने बताया है कि 6 फरवरी 2021 बच्ची घर से लापता हो गई। इसके बाद ग्रामीण बच्ची की तलाश में जंगल की ओर गए तो गांव का ही एक किशोर उसके साथ गलत हरकतें कर रहा था। लोगों को देखकर किशोर (17 वर्ष) फरार हो गया। इसके बाद बालिका ने घटना के बारे में नानी को जानकारी दी थी।

पीड़ित परिवार ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना की और चार्जशीट अदालत में दाखिल कर दी। इस मामले की सुनवाई विशेष न्यायधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में हुई। सोमवार को पीठासीन अधिकारी रामगोपाल सिंह ने दोषी किशोर को 20 साल की सजा सुनाई और एक लाख तीन हजार जुर्माना लगाया।

## चंडीगढ़ः साथ आए आप-कांग्रेस, मिलकर लड़ेंगे मेयर चुनाव

**चंडीगढ़।** मेयर चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने गठबंधन कर लिया है। सोमवार को आप और कांग्रेस के नेता और उम्मीदवार नामांकन वापस लेने के लिए नगर निगम पहुंचे। मेयर का पद आम आदमी पार्टी के पास रहेगा और सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का पद कांग्रेस के खाते में जाएगा। अब आप के उम्मीदवार कुलदीप टीटा मेयर बन सकते हैं।

कांग्रेस के मेयर उम्मीदवार जसबीर सिंह बंटी ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। आप और कांग्रेस में गठबंधन से मेयर चुनाव के सारे समीकरण बदल गए हैं। वर्तमान में भाजपा के पास सबसे ज्यादा नंबर हैं।

### अभिनव प्रयोग — संतकबीरनगर के अभिनव ने बिजली उत्पादन की सबसे सस्ती तकनीक ईजाद की, घर और चौराहे को रोशन करने का बनाया मॉडल

## आठवीं के छात्र ने बनाया मॉडल, रद्दी कागज से तैयार की बिजली

गोरखनाथ मिश्र, संतकबीरनगर





▸▸ एक महीने शोध करने के बाद यह उपलब्धि हासिल की

**अमृत विचार :** जिले के एक छात्र ने उत्तम प्रयोग करते हुए बिजली उत्पादन की सबसे सस्ती तकनीक ईजाद कर कमाल कर दिया है। आठवीं क्लास के छात्र अभिनव ने विज्ञान की प्रतियोगिता का ऐसा मॉडल तैयार किया कि हर ओर उसी की चर्चा है। इस मॉडल को बनाने में सिर्फ 3 हजार रुपये का खर्चा आया है। अभिनव आगे चलकर ऐसी तकनीक विकसित करना चाहते हैं, जिससे दुनिया में सबसे सस्ती बिजली लोगों को मिल सके।

अभिनव ने एक महीने अपने कागज के मॉडल पर शोध के बाद यह उपलब्धि हासिल की है। उनका कहना है कि मैं ऐसा मॉडल बनाना चाहता था कि बिजली उत्पादन में लागत व खर्च कम हो और आने वाले समय में सस्ती बिजली यूपी को मिल सके, क्योंकि अक्सर माता-पिता कहते हैं कि बिजली का बिल बहुत आता है। यह बात मुझे परेशान करती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए मैंने कागज का मॉडल प्रदर्शित किया है। आगे पढ़कर प्रयोगशाला में इस पर काम भी करूंगा। जनपद मुख्यालय स्थित खलीलाबाद पब्लिक स्कूल के छात्र अभिनव की इस मॉडल की चौतरफा चर्चा हो रही है। उन्होंने घर में पड़े रद्दी कागजों को जलाकर बिजली पैदा कर लोगों को चौंका दिया। विवेक श्रीवास्तव के 14 वर्षीय पुत्र अभिनव के इस प्रयोग से घर और चौराहों को भी रोशन किया जा सकता है।

अभिनव के स्कूल में मंगलवार को विज्ञान विषय की प्रतियोगिता का आयोजन होना है। सामाजिक कार्यकर्ता श्याम सिंह ने बताया कि इस तकनीक से बेहद कम खर्चे में बिजली तैयार की जा सकती है। इस मॉडल को स्थानीय जन प्रतिनिधियों के सहयोग से सरकार के संज्ञान में लाने का प्रयास किया जाएगा।

### तीन दिनों की मेहनत के बाद तैयार कर दिया प्रोजेक्ट

अभिनव ने बताया कि पिछले दिनों यूट्यूब पर सर्च करते समय इस प्रोजेक्ट का कुछ फॉर्मूला पता चला था। उसमें सोलर पैनल और बैट्री की सहायता से बिजली उत्पादन दिखाया गया था। यह देख मैंने नई तकनीक ईजाद करने की ठानी और बाजार से छोटे साइज का सोलर पैनल, चार्जेबल बैट्री और ट्यूबलाइट स्टार्टर खरीदा। महज तीन दिनों की मेहनत के बाद प्रोजेक्ट तैयार हो गया। छात्र का कहना है कि अन्य सोलर पैनल सूर्य की रोशनी से चार्ज होते हैं, लेकिन यह रद्दी कागज और अन्य बेकार की चीजों को जलाकर चार्ज किया जाता है। आग की गर्मी से यह सोलर पैनल बैट्री को काफी कम समय में चार्ज कर देता है। अभिनव ने यह भी बताया कि बड़े साइज की बैट्री और बड़ी क्षमता के सोलर पैनल लगाकर बड़े पैमाने पर भी ऊर्जा का उत्पादन किया जा सकता है।

### शायरों के साथ अमेरिका, कतर, बहरीन, दुबई और पाकिस्तान में किए मुशायरे, लोगों की जिंदगी से जुड़े मसलों को बनाया अपनी शायरी का मजमून

# रामपुर से शायर मुनव्वर राना का रहा अटूट रिश्ता

सुहेल जैदी, रामपुर

**अमृत विचार :** अदब के तीन स्कूलों दिल्ली और लखनऊ के साथ रामपुर का नाम भी शामिल है। दिल्ली और लखनऊ तो वक्त के धारे में बह गए जबकि, रामपुर में अदब और अदब नवाज अभी बाकी हैं। यही वजह है कि देश-दुनिया का हर शायर रामपुर में होने वाले मुशायरों में अपना कलाम जरूर पढ़ना चाहता है।

यह सिलसिला मिर्जा असद उल्लाह खां गालिब और दाग देहलवी जैसे नामचीन शायरों से चला आ रहा है। मुनव्वर राना 1990 में किला मैदान में उस्ताद रामपुरी की याद में हुए मुशायरे में आए थे। इसके बाद नगर पालिका परिषद और इसके बाद सपा सरकार के दौर में 2014 में यहां आए। जौहर यूनिवर्सिटी में मंच से उन्होंने दर्शक दीर्घा में बैठे पूर्व मंत्री आजम खां से दो टूक कहा कि अब तो आप हमारा फोन भी रिसीव नहीं करते हैं। हाजिर जवाब आजम खां उस समय कोई जवाब नहीं दे पाए थे। कार्यक्रम का संचालन शायर नवाज देवबंदी कर रहे थे। मुनव्वर राना ने बातचीत में कहा था कि रामपुर से उनका अटूट रिश्ता है और रामपुर में अदब नवाज लोग मौजूद हैं। जबकि, लखनऊ और दिल्ली से यह संस्कृति मिट चुकी है।

उन्होंने बताया था कि यहां देश-दुनिया का शायर मुशायरा पढ़ना चाहता है। उन्होंने किसी पर इस शेर से तंज कसा था- इतना सांसों की रफाकत पे भरोसा न करो- सब के सब मिट्टी के अंबार में खो जाते हैं। जौहर यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में मुनव्वर राना ने लोगों की फरमाइश पर मां शीर्षक से अपनी यह नज्म सुनाई थी। लबों पे उसके कभी बद्दुआ नहीं होती, बस एक मां है जो मुझसे खफा नहीं होती, किसी को घर मिला हिस्से में या कोई दुकां आई, मैं घर में सब से छोटा था मेरे हिस्से में मां आई, इस तरह मेरे गुनाहों को वव धो देती है, मां बहुत गुस्से में होती है तो रो देती है। मुनव्वर राना ने रामपुर के शायरों के साथ अमेरिका, कतर, बहरीन, दुबई, पाकिस्तान में मुशायरों में शिरकत की थी। अमृत विचार समाचार पत्र की टीम ने यहां उनके दोस्त शायरों से उनकी शख्सियत के बारे में बातचीत की। पेश हैं बातचीत के मुख्य अंश...।


मुशायरे में कलाम पेश करते शायर मुनव्वर राना। (फाइल फोटो)

#### तुम हमें अदब में दाखिला दे दो, हम मुशायरों में दे देंगे

प्रसिद्ध शायर ताहिर फराज बताते हैं कि वर्ष 1990 में किला मैदान में मुशायरा हुआ था। इसके बाद कई नामचीन शायर दो-तीन दिन रामपुर में रुके थे। सभी लोग बैठे थे, तब शायर और साहित्यकार सलाहुद्दीन परवेज ने मुनव्वर राना से कहा कि मुझे मुशायरे में बुलवाया करो। मुनव्वर ने कहा था कि आप अदब में दाखिला दे दो हम तुम्हें मुशायरों में दाखिला दे देंगे। तब सलाहुद्दीन परवेज दिल्ली से एक रिसाला निकालते थे। मुनव्वर राना एक अच्छे अदीब (साहित्यकार) भी थे। ताहिर ने बताया कि बिजनौर में हुए मुशायरे में मुनव्वर राना ने कहा था कि उर्दू एकेडमी शिप से रिजाइन कर दिया। तब ताहिर ने मुनव्वर राना को यह शेर सुनाया था जिसको सुनकर वह मुस्कुरा दिए थे, उसको होना था मेरा हमदम हुआ, हां मगर उम्मीद से कुछ कम हुआ।



"उस्ताद रामपुरी की याद में किला मैदान में वर्ष 1990 में मुशायरा हुआ था और उस मुशायरे के संयोजक प्रसिद्ध उद्योगपति मुकर्रम हुसैन सिद्दीकी थे। मुशायरे में सलाहुद्दीन परवेज, मलिक जादा मंजूर अहमद, राहत इंदौरी, मुनव्वर राना समेत बहुत नामचीन शायर आए थे और रामपुर में दो-तीन दिन रुके थे। क्योंकि, शायर रामपुर के मुशायरों में कलाम सुनाकर फख्र महसूस करते हैं। तब रामपुर आकर कलाम सुनाना एक टास्क होता था। मुनव्वर राना हाजिर जवाब थे, शेर के कहने के मामले में उनका अंदाज अलग था। वह आसान जुबान में शेर कहने के कायल थे। -ताहिर फराज"



"मुनव्वर राना के दुनिया से जाने से खला (खाली स्थान) पैदा हुआ है। राहत इंदौरी और मुनव्वर की कमी हमेशा सालती रहेगी। मुनव्वर इंतकाल से कुछ माह पहले एक किताब तरतीब करना चाह रहे थे। किताब के लिए मतअले चाह रहे थे, तब मैंने उन्हें रामपुर से अच्छे शायरों के मतअले भेजे थे। वह परेशानी में थे और बहुत तकलीफें उठाईं। कतर, दुबई, अमेरिका में मेरा इनका साथ नहीं हुआ, लेकिन पाकिस्तान में साथ मुशायरा पढ़ा। रामपुर एक दबिस्तान है इसकी पहचान आज तक बाकी है। दिल्ली और लखनऊ खत्म हो चुके हैं, वहां कोई पहचान बाकी नहीं है। -अजहर इनायती"



"मुनव्वर राना के गुजर जाने से अदब को बड़ा नुकसान हुआ है। हमारे प्यारे दोस्तों में थे उन्होंने मेरी बहुत हौसला अफजाई की है। सीनियर में अब वसीम बरेलवी साहब हैं। मुनव्वर राना पाकिस्तान में बहुत चहेते शायर रहे हैं। मुनव्वर का मुहाजिर नामा पाकिस्तान में बहुत मकबूल था। इनका बहुत बड़ा ट्रांसपोर्ट का लखनऊ और कलकत्ता तक काम था। जायदाद को लेकर काफी बवाल हुए, इनकी बेटियां राजनीति में आ गईं और कई मुकदमे भी हुए। अब ऐसे लोग नहीं आ रहे हैं सारे लोग खत्म होते जा रहे हैं। मलिक जादा मंजूर अहमद उनके उस्ताद थे। -नईम नजमी"



"2013 में मैं अमेरिका में था वहां लोगों ने कहा कि मुनव्वर राना के नाम पर अमेरिका में जश्न हो जाए। उन्हें मैंने वहां से फोन पर पूरी बात बताई और वह अमेरिका पहुंच गए और कई जगह मुशायरों में शिरकत की। वह नामचीन शायर थे, सफे अव्वल के शायर थे। उन्होंने अपने अंदाजे बयान से सामाईन के दिलों पर जो छाप छोड़ी है, वह अमिट है। मुहाजिर नामे में उन्होंने 500 शेर कहे हैं। एम्स दिल्ली में मुनव्वर राना की अच्छी पकड़ थी और बहुत लोगों की उन्होंने एम्स में मदद की। उनके जाने से अदब का नुकसान हुआ है। ऐसी शख्सियत अब आसानी से मयस्सर नहीं होगी। - शकील गौस"

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7535080677 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

- किसानों की मांगों को लेकर भाकियू की पंचायत आंबेडकर पार्क में 1:30 बजे।
- ज्वालानगर स्थित कृष्णा मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ 6:30 बजे।

## एक नजर

### रोजगार शिविर आज

**रामपुर, अमृत विचार :** करोवॉक्स प्लेसमेंट के डायरेक्टर मोहम्मद बिलाल खान, बिस्मिल्लाह टूर एंड ट्रेवल्स के डायरेक्टर सैयद फरहान मियां ने बेरोजगारी को देखते हुए जिले के ग्रेजुएट युवक-युवतियों के लिए खुशखबरी दी है। उत्तर प्रदेश में दिल्ली एनसीआर यानी नोएडा, गुरुग्राम और दिल्ली में जानी मानी मल्टीनेशनल आउट सोर्सिंग कंपनियों में प्लेसमेंट दिलवाया जाएगा। इसके लिए ग्रेजुएट और इसके साथ-साथ बेहतर इंग्लिश कम्युनिकेशन होना अनिवार्य है। इंटरव्यू और टेस्ट दिलवाने में पूरी सहायता की जाएगी। अब कंपनी में ज्वाइनिंग भी करवाई जाएगी। फ्रेशर, एक्सपीरियंस रिज्यूम के साथ आधार कार्ड और पासपोर्ट साइज फोटो होना अनिवार्य है। इसके लिए शिविर 16 जनवरी दोपहर 1:30 बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा।

### पूर्व मंत्री ने गायों को चारा खिलाया

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने साईं विहार स्थित शिव मंदिर शिवालय में मकर संक्रांति पर रुद्राभिषेक किया। इसके बाद गायों को चारा खिलाकर गो सेवा की। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति का दिन भक्ति भाव के साथ ही सेवा का दिन है। इस दिन जिससे जो संभव हो, वह सेवा करता है। कहा कि 22 जनवरी को भगवान श्री राम अपने मंदिर में विराजमान होंगे।

# शीतलहर के बीच और गिरेगा तापमान, बढ़ेगी परेशानी

### ट्रेनें और बसें चल रहीं विलंब से, लोगों के स्वास्थ्य पर सर्दी का असर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनवरी में कड़ाके की सर्दी का क्रम जारी है। शीतलहर और कोहरे से लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। कोहरे में ट्रेनें निर्धारित समय से कई घंटे विलंब से चल रही हैं। साथ ही रोडवेज की बसें कम चलने से यात्रियों को दिक्कत हो रही है।

मौसम वैज्ञानिक सर्दी बढ़ने के आसार जता रहे हैं। अनुमान के मुताबिक, तीन से पांच डिग्री तापमान में गिरावट हो सकती है। कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के कृषि वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही ने बताया कि जनवरी में तापमान में तीन से पांच डिग्री तक गिरावट हो सकती है। अधिकतम तापमान 9 से 12 डिग्री के बीच रहेगा।

गलन बढ़ने से लोगों की कंपकपी बंध गई। न्यूनतम पारा 5 डिग्री तक लुढ़क गया। शाम ढले लोग सड़क के किनारे अलाव जलाकर सर्दी से निजात पाने दिखे। पूरे दिन कोहरा छाया रहा। देर रात शहर में कई जगह सड़कों के किनारे और चाय के होटलों पर लोगों की भीड़ रही। लेकिन लेकिन प्रशासन ने चिह्नित जगहों पर अलाव के इंतजाम नहीं कराए हैं।

जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. डीके वर्मा ने बताया कि सर्दी मधुमेह और दिल के मरीजों के लिए खतरा पैदा कर सकती है। मरीजों को एहतियात बरतने की जरूरत है। बताया कि सर्दी के चलते मॉर्निंग करने जाने वाले लोग गर्म कपड़े पहन कर निकलें। मरीजों को इस मौसम में खास ध्यान देना जरूरी होता है। ठंड में मधुमेह के मरीजों को दिल और मस्तिष्क आघात का खतरा रहता है। रक्तचाप भी बढ़ता है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मीकांत बताते हैं कि कोहरे से गेहूं की फसल को लाभ मिलेगा।


कोहरे के बीच हाईवे पर जाते साइकिल सवार। ● अमृत विचार

### कोहरे में देहरादून काठगोदाम छह घंटे विलंबित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कोहरे ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। इसका सीधा असर ट्रेनों के संचालन पर भी पड़ रहा है। बढ़ती सर्दी और कोहरे से ट्रेनों की रफ्तार कम हो गई है। ट्रेनें समय से नहीं चल रही हैं। देहरादून काठगोदाम छह घंटे, सियालदा एक घंटे देरी से आई। जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

पिछले कुछ दिनों से सर्दी बढ़ रही है। कोहरे का असर यातायात पड़ रहा है। सोमवार को पूरे दिन कोहरा रहने के कारण लंबे रुट की ट्रेनें कई-कई घंटे लेट चलीं। शहीद एक्सप्रेस काफी दिनों से रद चल रही है, जोकि फरवरी तक रद रहेगी। इसके अलावा लालगढ़ डिब्रुगढ़ करीब 45 मिनट देरी से रामपुर पहुंची। ट्रेनों के इंतजार में सभी यात्री परेशान रहे। बार-बार स्टेशन के चक्कर काटते रहे।


रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंजतार करते यात्री। ● अमृत विचार

#### यात्रियों की अधिक संख्या देख चलाईं 73 बसें

रोडवेज के पास इस समय 73 बसें हैं। ताकि यात्रियों को सफर करने में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो सके। पिछले कुछ दिनों से सर्दी के चलते यात्री घरों से निकलने से बच रहे थे तो रोडवेज बस अड्डे से कभी 55, 56बसें चल रही हैं लेकिन, सोमवार को यात्री अधिक हो जाने के कारण सभी 73 बसों को चला दिया। यात्री बसों में सफर कर रहे हैं।

"यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रोजाना बसों को वर्कशॉप से निकाला जाता है। सोमवार को सवारी अधिक होने के कारण सभी 73 बसों को रुटों पर दौड़ा दिया है। सवारियां भी लगातार मिल रही हैं। - दीपचंद जैन, एआरएम"

### थाने में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हुई चर्चा

**रामपुर, अमृत विचार:** गंज थाने में सोमवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सभी धर्म गुरुओं के साथ बैठक हुई। पुलिस प्रशासन ने लोगों से प्राण प्रतिष्ठा के दौरान शांति बनाए रखने की अपील की।

22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। उसको लेकर राम भक्तों में खुशी है। जिसको लेकर अधिकारी भी अलर्ट हो गए हैं। रोजाना थानों और तहसीलों में बैठक की जा रही है। सोमवार को गंज थाने में बैठक की गई। जिसमें सभी को थाना गंज प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम होना है। इसके अलावा 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस है। इन सभी कार्यक्रमों को शांति पूर्वक निपटाना है।

**वार्डों में चला सफाई अभियान:** प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सोमवार को शहर के कई वार्डों में सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान 14 से 21 जनवरी तक चलेगा। सुबह सात से 11 बजे, दोपहर दो के बाद शाम पांच बजे अभियान चला।

# समूह की सदस्यों को बांटे प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पहाड़ी गेट स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में 10 दिवसीय फास्ट फूड के प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रमाण पत्र पाकर प्रशिक्षार्थियों के चेहरे खिले नजर आए।

कार्यक्रम में उपायुक्त रोजगार मंशाराम यादव ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान जो भी कुछ सीखा है, उसे अपने जीवन में शामिल करें। एक अच्छा उद्यमी बनकर समाज में अलग पहचान बनाएं। हमेशा कुछ नया करने के लिए प्रयास करते रहें। डीडीएम नाबार्ड डीके मिश्रा ने कहा कि अपने विशेष गुण का प्रयोग करके आगे बढ़ें। बाजार की जरूरत के अनुसार, अपने उत्पाद तैयार करें। इस दौरान एलडीएम एमएम प्रसाद, आरसेटी निदेशक शुऐब अहमद आदि शामिल रहे।


पहाड़ी गेट स्थित केंद्र में प्रमाण पत्र दिखातीं महिलाएं, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

# सर्दी में मधुमेह रोगियों के लिए खतरा बढ़ा, बरतें एहतियात

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सर्दी में डायबिटीज के रोगियों को खतरा बढ़ गया है। स्वस्थ्य रहने के लिए एहतियात बरतने की जरूरत है। सर्दी से बचने के लिए पौष्टिक आहार लें। लापरवाही करने पर परेशानी अधिक हो सकती है।

अधिक सर्दी होने पर जो लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं उन्हें इस मौसम में अपना ध्यान रखना जरूरी है। मौसम बदलने पर शरीर और इंसुलिन बनने की प्रक्रिया पर असर पड़ता है। तापमान कम होता है तो शरीर को अच्छे से चलाने के लिए अधिक इंसुलिन की जरूरत होती है। बदलाव की वजह से शरीर में ग्लूकोज और फेरीफेरल टिशू में इंसुलिन की मात्रा बढ़ जाती है। सर्दी में लोग तनाव ज्यादा लेकर अवसाद का शिकार हो जाते हैं। तनाव से ब्लड, शुगर का स्तर भी बढ़ जाता हैं। जनरल फिजिशियन डॉ. शंशाक झा ने बताया कि जुकाम और फ्लू से बचें और गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करें। पैरों को अच्छे से ढक कर गर्म रखें। ब्लड, शुगर स्तर की नियमित जांच कराते रहें। मधुमेह रोगी उचित मात्रा में फल और सब्जियां खाएं। शराब और नशे से दूर रहें। नियमित रूप से व्यायाम करें। समय-समय पर चिकित्सक से भी सलाह लें।


जिला अस्पताल में चेस्ट फिजीशियन कक्ष के बाहर मरीज। ● अमृत विचार

**चिकित्सकों की सलाह- लोग पौष्टिक आहार का करें सेवन**

#### जिला अस्पताल में हुई 585 रोगियों की ओपीडी

जिला अस्पताल में सोमवार को 585 रोगियों की ओपीडी हुई। अस्पताल में चिकित्सकों कक्ष के बाहर मरीजों की कतार नजर आई। सर्दी में लोग खांसी, जुकाम और बुखार की चपेट में आ रहे है। जनरल फिजिशियन डॉ. संजय अग्रवाल, चेस्ट फिजिशियन डॉ. डीके वर्मा और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पल्लव सिंघल ने सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक 200 से 250 से रोगियों को देखा। बाल रोग विशेषज्ञ के अनुसार, सात से आठ साल के बच्चे अधिक सर्दी होने पर खांसी, निमोनिया के शिकार हो रहे हैं। जिनमें अभिभावकों को एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं। डॉ. डीके वर्मा ने बताया कि बुखार, सांस रोगियों को देखा। अधिक कोहरा होने की वजह से रोगियों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। जिनको परामर्श देकर दवाएं वितरित की है। इसके अलावा दंत रोग, नेत्र रोग विशेषज्ञ के यहां भी 100 से अधिक रोगियों को देखा।


सफाई अभियान के दौरान झाड़ू लगाती भाजपा की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# मंदिर में सफाई अभियान चला लोगों को किया प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुनीता सिंह सैनी ने आदर्श कॉलोनी स्थित शिव हरि मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया। उन्होंने मंदिरों के आसपास सफाई रखने के लिए लोगों को प्ररेति किया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, सूर्य प्रकाश पाल, क्षेत्रीय सह संयोजक प्रमोद आहूजा, मंडल अध्यक्ष आशु गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष सुनीता सिंह, निधि वर्मा, मुन्नी देवी गंगवार, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता प्रभात अग्रवाल, विनोद सैनी, विशाल सैनी, सविता सक्सेना, पूनम सागर, मीना पाल आदि मौजूद रहे।

**उपलब्धि** — मंडल के पांच जिलो में रामपुर नंबर वन, स्वार में सबसे अधिक लाभार्थियों को मिला लाभ

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रदेश में जिला 14वें स्थान पर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रदेश में जनपद को 14वां स्थान मिला है, जबकि मंडल के पांच जिलों में जनपद पहले पायदान पर है। जिले को 36.11 प्रतिशत अंक मिले हैं। आठ स्वास्थ्य केंद्रों में स्वार सीएचसी का बेहतर प्रदर्शन रहा। दूसरे पायदान पर बिलासपुर सीएचसी है।

केंद्र सरकार की ओर से सरकारी अस्पतालों में महिलाओं को संतान पैदा होने पर पांच हजार रुपये दो किश्तों के रूप से संबंधित एमओआईसी से हस्तांरित किए जाते हैं। इसके लिए बैंक पासबुक, आधार कार्ड की कॉपी लगाना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक अर्पूवा सैनी के अनुसार, आठ स्वास्थ्य केंद्रों में स्वार सीएचसी का बेहतर प्रदर्शन रहा है। इसमें 1221 लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन कराकर उनके खातों में धनराशि जमा कराई गई है। अर्बन में 789 लाभार्थियों को योजना का लाभ मिला है। लाभार्थियों को जागरूक करने के लिए अधिक से अधिक जानकारी को प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र पर रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। जिससे कि योजना का महिलाओं का लाभ मिल सके।

उधर, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि लाभार्थियों के प्रपत्रों का अंकन नए पोर्टल पर किया जाएगा। पूर्व में लाभार्थियों को धनराशि 5000 रुपये का भुगतान तीन किश्तों में किया जाता था। जिसमें पहली किश्त 1000 रुपये गर्भ धारण के समय से पंजीकरण के बाद, दूसरी किश्त 2000 रुपये प्रसव पूर्व जांच के उपरांत तथा तीसरी किश्त 2000 रुपये बच्चे के जन्म के प्रमाण पत्र के बाद प्रदान की जाती है। अब नई व्यवस्था के अन्तर्गत द्वितीय शिशु (बालिका) के लिए धनराशि 6000 रुपये दी जाएगी। इसमें शिशु के जन्म से 270 दिन के अन्दर लाभ के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य है।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वार।

| केंद्र | रजिस्ट्रेशन |
| --- | --- |
| बिलासपुर | 625 |
| चमरौआ | 503 |
| मिलक | 580 |
| सैदगनर | 495 |
| शाहबाद | 617 |
| स्वार | 1221 |
| टांडा | 396 |
| अर्बन | 789 |

"केंद्र सरकार की योजना के तहत पहली संतान होने पर प्रत्येक लाभार्थी को पांच हजार रुपये, दूसरी बच्ची को जन्म देने पर छह हजार रुपये लाभार्थी के खाते में हस्तांरित किए जाते हैं। प्रदेश में जनपद को 14वां स्थान मिला है। मार्च माह तक संबंधित एमओआईसी के सुधार लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। -डॉ. एसपी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी"



## एक नजर

### 20 लीटर शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**रामपुर,अमृत विचार :** पुलिस ने अभियान चलाकर एक आरोपी को 20 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया और उसे थाने ले आई। जहां उस पर कार्रवाई कर दी है। थाना शहजादनगर पुलिस ने आरोपी छोटे सिंह निवासी ग्राम चकरपुर थाना शहजादनगर को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ ग्राम डुंडई बाग के पास से गिरफ्तार किया। इसके बाद आरोपी को थाने ले आई, जहां पुलिस ने उस पर कार्रवाई कर दी है।

### अभियान में पटवाई पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** पटवाई पुलिस ने चेकिंग के दौरान अभियान चलाकर शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद थाने ले आई। थाना पटवाई पुलिस ने चेकिंग के दौरान जुगेन्द्र सिंह निवासी ग्राम भैयानगला को 13 पव्वे देसी शराब के प्राथमिक विद्यालय चौराहा के पास से गिरफ्तार किया।

### संतोष कुमार को मिली जेई की जिम्मेदारी

**रामपुर, अमृत विचार :** एक्सईएन प्रथम के निर्देश पर उपखंड अधिकारी द्वितीय प्रद्योमन सिंह ने संतोष कुमार को डूंगरपुर बिजली घर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पहले बिजलीघर का कार्यभार नरेंद्र शर्मा के पास था। उनको हटाकर थाना गंज बिजलीघर भेज दिया गया हैं। संतोष कुमार भी विजिलेंस टीम में रह चुके हैं।

### तीन आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी जफर पुत्र हनीफ निवासी अब्दुल्ला गंज, फरजन्द व राबिया को पकड़ा है। तीनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** एलआईसी चौराहा के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंज थाना क्षेत्र के गांव केसरपुर निवासीर वीरपाल किसी काम से बाइक से सिविल लाइंस आ रहा था। तभी एलआईसी चौराहा के पास कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी कार चालक मौका पाकर फरार हो गया।

# युवक को निर्वस्त्र कर पीटने में प्रधान के पति को भेजा जेल

संवाददाता, सैदनगर



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**अमृत विचार:** अजीमनगर पुलिस ने युवक को निर्वस्त्र करके पीटने के आरोप में प्रधान के पति को जेल भिजवा दिया है। आधी रात प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी को परिजनों ने पकड़ लिया था। इस दौरान आरोपी युवक की परिजनों ने पेड़ से बांधकर पिटाई की थी।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के कुचैटा गांव का था। पड़ोसी गांव खेड़ा का एक युवक अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर आ गया था। परिजनों ने संदिग्ध हालत में दोनों को पकड़ लिया था। पड़ोसियों की मदद से युवती के परिजनों ने आरोपी युवक को पेड़ से बांध दिया। इस दौरान आरोपी को निर्वस्त्र करके पीटा गया। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को अपने साथ ले गई थी। लेकिन सुबह होने पर दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया। दो दिन बाद घटना का वीडियो वायरल हुआ। पुलिस ने प्रधान के पति एवं युवती के अन्य परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। सोमवार को पुलिस ने प्रधान के पति तस्वीर अहमद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भिजवा दिया गया। प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा ने बताया कि बाकी आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा।

## अभियान चलाकर 30 वाहनों के चालान काटे

**रामपुर, अमृत विचार :** एआरटीओ ने अभियान चलाकर दो दिन में बिना हेलमेट के चलने वाले 30 वाहन स्वामियों के चालान काटे। साथ सभी पर जुर्माना भी लगाया, इससे बाइक स्वामियों में हड़कंप मच गया।

शहर में बिना हेलमेट और एक बाइक पर तीन-तीन लोग सवार होकर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इससे लगातार हादसे भी बढ़ रहे हैं। उसी के चलते एआरटीओ अनिल कुमार ने जिला सड़क सुरक्षा समिति में नामित एनजीओ अध्यक्ष आदर्श उत्थान विकास सेवा समिति की टीम ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत 14 और 15 जनवरी को शाहबाद रोड बाईपास पुल अजीतपुर के निकट चेकिंग अभियान चलाया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अनिल कुमार ने 30 बिना हेलमेट और तीन सवारी के जुर्माना लगाया। इससे वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया है।

### थाने के सामने वाहनों में बैठाई जाती हैं सवारियां, हादसा होने का रहता है खतरा

# नो पार्किंग में रोडवेज की 10 बसों समेत 50 के चालान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



कार चालक से बात करते उप निरीक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नो पार्किंग में रोडवेज की बसें रोककर चालकों को सवारी बैठाना भारी पड़ गया। ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर 10 रोडवेज की बसों साहित 50 वाहनों के चालान काट दिए। इससे वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। करीब 20 हजार का जुर्माना भी लगाया।

चालक रोडवेज की बसों को अड्डे के अंदर नहीं ले जाकर जगह-जगह चौराहों पर सवारियां बैठाते हैं। इससे हादसे का खतरा रहता है और जाम लगता है। कई बार सिविल लाइंस क्षेत्र के रहने वाले लोगों ने इन बसों पर रोक लगाने के लिए अधिकारियों को जानकारी दी। ताकि हाईवे पर जाम नहीं लग सके। एआरएम को सख्त निर्देश देकर बसों को रोडवेज परिसर में खड़े करने के लिए कहा गया है। लेकिन फिर भी बसें रोडवेज अड्डे के अंदर नहीं जाती हैं। सिविल लाइंस थाने के सामने खड़ी कर बसों में सवारियां बैठाई जाती हैं। सोमवार को प्रभारी यातायात विजेंद्र सिंह, उप निरीक्षक यातायात सुमित कुमार ने माल गोदाम, रेलवे स्टेशन, सिविल लाइंस, आंबेडकर पार्क के पास अभियान चलाकर नो पार्किंग में रोडवेज की 10 बसों सहित करीब 50 वाहनों के चालान काटे। इससे सभी चालकों में खलबली मच गई। सभी पर करीब 20 हजार का जुर्माना डाला गया।

> अधिकारियों के निर्देश पर नो पार्किंग को लेकर अभियान चलाया गया। इसमें रोडवेज की 10 बसों सहित 50 वाहनों का चालान काटा गया। आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।
> – सुमित कुमार, उपनिरीक्षक ट्रैफिक

### निजी वाहन चालकों को किया जागरुक

ट्रैफिक पुलिस में तैनात दरोगा सुमित कुमार ने निजी वाहन चालकों को जागरूक किया। कहा कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिए। मोबाइल पर बात करते समय वाहन नहीं चलाएं। इस मौके पर टैंपो टैक्सी, ई-रिक्शा के चालक मौजूद रहे। इस मौके पर इंस्पेक्टर विजेंद्र कुमार के अलावा ट्रैफिक का स्टाफ मौजूद रहा।

# चौराहा पर ट्रक से कुचलकर बीएससी के छात्र की जान गई

### आईएफटीएम विश्वविद्यालय में बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर का था छात्र

संवाददाता, टांडा (रामपुर)





सीएचसी में रोते-बिलखते मृतक के पिता व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर के मुख्य मार्ग पर नवाब के चौराहा के पास ट्रक से कुचलकर छात्र की मौत हो गई। वह मुरादाबाद स्थित आईएफटीएम विश्वविद्यालय में बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर का छात्र था।

नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी मंसूर अख्तर का पुत्र फरहान अख्तर (22) सोमवार को अपने बहनोई की बाइक लेकर जरूरी काम से रामपुर के लिए निकला था। परिजनों के अनुसार, जब वह नवाब के चौराहा के पास पहुंचा तो एक अन्य वाहन से साइड लेते समय उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। मुरादाबाद की ओर से तेजी से आ रहे ट्रक के पिछले पहिये से कुचल कर उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद दुकानदार और राहगीरों ने ट्रक को पकड़ लिया। हालांकि बाद में चालक घटनास्थल से फरार हो गया। लोग फरहान को स्थानीय सीएचसी ले गए। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद उसके परिजन सहित पालिका अध्यक्ष के पति हाजी सरफराज, पूर्व पालिका अध्यक्ष के पति मकसूद लाला, मोहम्मद शकील और युवक के रिश्तेदार सईद रहमानी आदि भी अस्पताल पहुंच गए। जानकारी के बाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह पचौरी भी फोर्स के साथ घटनास्थल और बाद में अस्पताल पहुंचे। वह मंसूर अख्तर की तीन संतानों में सबसे छोटा था।

## महिला को पीटकर घर से निकाला, सात पर रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** दहेज में एक लाख नहीं मिलने पर ससुराल वालों ने महिला को पीटकर घर से निकाल दिया। उसने गंज थाने में पति सहित सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जेठ पर छेड़खानी का आरोप लगाया है।

थाना गंज क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 28 फरवरी 2021 को काशीपुर थाना क्षेत्र के गांव हिम्मतपुर निवासी एक युवक से हुई थी। बाद में ससुराल वालों ने उससे दहेज में एक लाख रुपये, कार और सोने की चेन की मांग की थी। मांग पूरी नहीं होने पर उसे पीटा था। आरोप है कि 20 जुलाई 2023 को सभी ससुरालियों ने महिला को पीट दिया। जेठ ने उसके साथ छेड़खानी की। इस दौरान महिला तीन माह की गर्भवती थी। आरोप है कि ससुरालियों ने उसका गर्भपात करने का प्रयास किया, लेकिन महिला मायके आ गई। बाद में उसने गंज थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# कोर्ट ने धनराशि पीड़िता को देने का दिया आदेश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**निर्णय**

- दोषी को कई धाराओं में हुई सजा
- 103000 रुपये का अर्थदंड लगा

**अमृत विचार :** केमरी थाना क्षेत्र के गांव में तीन साल पहले छह वर्षीय बालिका से दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने किशोर को दोषी ठहराया है। उसे 20 साल की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 103000 रुपये का अर्थदंड लगाया है। यह धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है।

इस मामले में विशेष लोक अभियोजक सुमित कुमार शर्मा ने बताया कि लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा छह के अंतर्गत 20 वर्ष का कठोर कारवास एवं एक लाख रुपये जुर्माना लगाया गया। धारा 323 में आरोपी को एक वर्ष का कारावास और एक हजार रुपये अदा करने की सजा सुनाई। इसके अलावा धारा 506 में आरोपी को दो साल की सजा और दो हजार का जुर्माना लगाया गया। जुर्माने की सारी धनराशि पीड़िता को दी जाएगी।

**शिकायत करने पर दी थी जान से मारने की धमकी :** पीड़िता जब अपनी मासूम धेवती को लेकर आरोपी किशोर के घर गई थी तो आरोपी ने महिला के साथ मारपीट की थी। कहा कि अगर शिकायत करने के लिए थाने गई तो वह उसे जान से मार देगा। इस बात को सुनकर महिला घबरा गई थी। लेकिन बाद में वह किसी तरह थाने पहुंच गई थी। उसने सारा मामला पुलिस को बताया था।

इसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इसके बाद आरोपी घर से फरार हो गया था। लेकिन बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस की जांच में उसका नाम सामने आया था।

## हड़ताल के चलते डूंगरपुर प्रकरण में सुनवाई टली

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर बस्ती में घर में घुसकर मारपीट व डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने के मामले में की सुनवाई एमपी-एमएलए( सेशन कोर्ट ) में चल रही है। इस मामले में सोमवार को हड़ताल के चलते पूर्व मंत्री आजम खां की सुनवाई नहीं हो सकी। अब 18 जनवरी को सुनवाई होगी। पिछली तारीख पर सपा नेता आजम खां के अधिवक्ता ने सबूत पेश करने के लिए समय मांगा था।

गंज थाना क्षेत्र के डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के 12 मुकदमे वर्ष 2019 में दर्ज हुए थे। ये सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। इसमें पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन, फिरोज खां, रानू खां, धर्मेंद्र चौहान, फसाहत अली खां शानू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। आजम खां को आपराधिक षड्यंत्र रचने का आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि आजम खां के इशारे पर ही घटना को अंजाम दिया गया। इस मामले में सोमवार को अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 18 जनवरी को सुनवाई होगी।



फीता काटकर प्रतियोगिता का आगाज करते पालिकाध्यक्ष के पति मामून शाह खां।

# शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में साइम व शाकिब अव्वल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बिलासपुर गेट स्थित सगाई मैरिज हॉल में पॉवर लिफ्टिंग बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता हुई। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष के पति मामून शाह खां ने कहा कि स्वास्थ्य के लिए वर्जिश सबसे बड़ी दवा है।

अखिल भारतीय जाटव महासभा की ओर से सोमवार को पावर, लिफ्टिंग बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता कराई गई। इसमें साइम खान, शाकिब को प्रथम, फिटनेस में अली मलिक, फैजान अली, अब्दुल रहमान, सरफराज खां, अमन शमसी को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। इस दौरान महेश कुमार सागर, उस्ताद सैयद खूशनूद मियां, रेहान खान, वसीम खान, मुराद अली, वसीम खान, इरफान अली, शैजी उर्फ शाहवेज, असद, हनी कुरैशी, रहमान अली अंसारी आदि शामिल रहे।

# कैलेंडर में दर्ज है पांडुलिपियों का इतिहास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



सौलत पब्लिक लाइब्रेरी का कैलेंडर जारी करते चेयरमैन व पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** सौलत पब्लिक लाइब्रेरी में सोमवार को वर्ष 2024 के कैलेंडर का लोकार्पण लाइब्रेरी के चेयरमैन डॉ. महमूद अली खां ने किया। उन्होंने कहा कि कैलेंडर के हर पेज पर सौलत पब्लिक लाइब्रेरी की पांडिलिपयों की तस्वीरें और उनका इतिहास दर्ज किया गया है। कहा कि इस कैलेंडर से शोधार्थियों को काफी राहत मिलेगी।

पुरानी तहसील स्थित सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के कांफ्रेंस हाल में सोमवार को कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता लाइब्रेरी के अध्यक्ष ने की। बैठक में आवश्यक विषयों पर चर्चा के बाद सौलत लाईब्रेरी द्वारा तैयार किए गए वर्ष 2024 के कैलेंडर का लोकार्पण किया। लाइब्रेरी के चेयरमैन ने बताया कि इस कैलेंडर की विशेषता यह है कि इसके ऊपरी भाग पर सौलत लाईब्रेरी के भवन का चित्र और उसका संक्षिप्त परिचय दिया गया है।

नीचे के हिस्से में लाइब्रेरी में सुरक्षित नादर नायाब उर्दू अखबारात, जाम जहांनुमा, ताज अल अख़बार, दबदबा सिकंदरी, अल ब्लाग, अल हिलाल, कॉमरेड, जमींदार, हमदर्द, मुफीद आम, नयर आजम, नाजिम और तेज के अक्स और इनका संक्षिप्त परिचय दिया गया है। अंत में रामपुर के सपूत प्रमुख शायर, खतात और सहाफी कैस रामपुरी और विश्व प्रसिद्ध शायर मुनव्वर राना के निधन पर शोक जताया गया। इस दौरान लायब्रेरी सचिव डॉ. अदनान खां जियाई, डॉ. सैय्यद जाफर शाह, जीशान, मोहम्मद खां मुराद, हाफिज सदीद अहमद खां और फहीमा बी आदि मौजूद रहे।

## बंदर के हमले में महिला घायल

**सैदनगर, अमृत विचार :** हकीमगंज में बंदर ने महिला पर हमला कर दिया। जिससे महिला घायल हो गई। उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है।

अजीमनगर के हकीम गंज निवासी काबुल की पत्नी मोबीन जहां घर के जीने पर गई थीं। परिजनों के अनुसार, छत पर बैठे बंदरों ने उनको देखकर घुड़की दी तो वह डर गईं। पीछे हटीं तो जीने से नीचे गिर गईं। महिला की चीख- पुकार सुनकर परिजन व पड़ोसी महिला के पास पहुंचे। घायल महिला लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला को घर भेज दिया। काफी देर तक मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र रही। इसके अलावा ज्वालानगर में भी बंदरों का आंतक कायम है। बंदर छत से लोगों के कपड़े उतारकर ले जाते हैं। इतना ही नही दुकानों का सामना भी खीचकर ले जाते हैं।




प्रतियोगिता में पोस्टर दिखातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

# भारतीय सेना दिवस पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गांव नारायणपुर स्थित साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को भारतीय सेना दिवस मनाया गया। विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता हुई। छात्र-छात्राओं ने सेना के शौर्य को दर्शाते हुए पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया।

सभी छात्रों ने सेना पर स्लोगन लिखे और भारतीय सेना को तिरंगा हाथ में लिए चित्रों को भी उकेरा। इसमें कक्षा नौ और 11 के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। भारतीय सेना के अदम्य साहस और बलिदान को दर्शाते हुए विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाए। प्रधानाचार्य शिवांश ने बच्चों को भारतीय सैनिकों के शौर्य के बारे में बताया। कहा कि किस प्रकार हमारी भारतीय सेना ने विपरीत स्थितियों में अपना पराक्रम दर्शाया है।

**विकास** सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बदले जाएंगे बिजली खंभे, लगेगा नया एबीसी केबल

# कई क्षेत्रों में आज छह घंटे बिजली रहेगी गुल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



चेकिंग के दौरान विजिलेंस टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला बिलासपुर गेट और अंगूरी बाग क्षेत्र में मंगलवार सुबह 10 से शाम चार बजे तक बिजली गुल रहेगी। नवाबी दौर के खंभों के स्थान पर नए खंभे लगेंगे और दोनों फीडरों की एबीसी केबल कार्यदायी संस्था एनसीसी कंपनी बदलवाएगी। बिजली गुल रहने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

केंद्र सरकार की ओर से दिए गए 98 करोड़ के बजट से जनपद में बिजली सुधार के कार्य कराए जा रहे हैं। बिजली घरों, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, क्षतिग्रस्त केबल, खंभे बदलने जैसे कार्य अभी तक मिलक, शाहबाद, बिलासपुर, स्वार समेत सभी डिवीजनों में कराए जा रहे हैं। लेकिन अब यह कार्य शहर में शुरू किया गया है। कई टीमें शहरी क्षेत्र में लगाई हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर प्रतिदिन जर्जर लाइनों को बदल रही हैं। मंगलवार को अंगूरी बाग, बिलासपुर गेट के फीडरों पर नए खंभे लगाने का कार्य सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक होगा जिसके चलते विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। एक्सईएन प्रथम इमरान खान ने बताया कि कार्यदायी संस्था के कर्मचारी जल्दी से कार्य पूर्ण कराने की दिशा में बढ़ रहे हैं। इसके बाद उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा साथ ही आपूर्ति भी बेहतर होगी।

### टीम ने पकड़ी बिजली चोरी, होगी कार्रवाई

शहर के मोहल्ला डूंगरपुर क्षेत्र में विजिलेंस की टीम ने सोमवार सुबह सात किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ ली। कार्रवाई से उपभोक्ताओं में खलबली मची रही। जिन उपभोक्ताओं के घरों से चोरी पकड़ी गई है, उन सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए एसडीओ द्वितीय प्रद्योमन सिंह के निर्देश पर विजिलेंस टीम ने सोमवार को चेकिंग की। टीम को चेकिंग के दौरान मीटर के तार से पहले एक्स्ट्रा तार, घरों के बाहर लगे केबल बॉक्स से चोरी होती मिली। जिनकी टीम ने वीडियो बनाया। चेकिंग करने के बाद टीम बिजलीघर पहुंची। जहां एसडीओ द्वितीय ने बताया कि सात घरों से सात किलोवाट की चोरी पकड़ी गई।

## 20 दिन बाद भी चोरी का नहीं हुआ खुलासा

**मसवासी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव खुशहालपुर में दुकान और घर से चोर एक लाख का सामान ले गए थे। 20 दिन बाद भी पुलिस घटना का खुलासा नहीं कर सकी है। हालांकि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

25 दिसंबर की रात गांव खुशहालपुर में चोरों ने अशोक दिवाकर की परचून की दुकान के ताले तोड़कर 18 हजार की नकदी और दो हजार रुपये की कीमत का सामान चोरी कर लिया था। सुबह अशोक ने ताले टूटे देखे और दुकान के अंदर गल्ले की दराज गायब थी। कुछ समय बाद खेत पर काम करने गए लोगों ने खेत में अशोक की दुकान के गल्ले की दराज पड़ी देखी थी। रात में चोरों ने खुशहालपुर गांव के ही दयाराम के घर से 10 हजार रुपये की नकदी, एक तोले का सोने का हार, सोने का फूल, दो जोड़ी चांदी की पायल, दो चांदी की अंगूठी आदि सामान चोरी किया था।

# देश की खुशहाली की करें कामना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



मसवासी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान पोस्टर दिखाते भाजपाई।

**अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि राम मंदिर का जश्न हर्षोल्लास के साथ मनाएं। मंदिरों और घरों में पूजन कर देश की समृद्धि की कामना करें।

22 जनवरी का दिन देश के लिए गौरवशाली दिन है। करोड़ों रामभक्तों की आस्था का दिन है। ऐसे में सभी लोग इसके महत्व को समझें। भोट थाना क्षेत्र के ग्राम मोतियापुरा में सोमवार को आयोजित बैठक में शहर विधायक ने कहा कि 22 जनवरी को भगवान श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। यह दिन करोड़ों रामभक्तों के लिए भक्ति के साथ ही भावनात्मक रूप से भी अहम है। कहा कि एक दिवाली तब मनाई गई थी, जब भगवान श्री राम 14 वर्षों का वनवास काटकर अयोध्या आए थे। लेकिन, 22 जनवरी का दिन दिवाली से भी अहम है। कहा कि हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हम लोग इस दिन के साक्षी बनेंगे। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर जानकारी दी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल आर्य आदि मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

**मसवासी,अमृत विचार :** गांव मंसूरपुर में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम हुआ। इसमें जन कल्याणकारी योजनाएं बताईं और सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष महेश मौर्य, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं डीसीबी के डायरेक्टर दीप गोयल, पवन कुमार भाजपा मंडल अध्यक्ष, संयोजक शिशुपाल सागर, मंडल महामंत्री आशीश पाल, ग्राम प्रधान विकास मौर्य आदि रहे।

## एक नजर



यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष इकराम अली के साथ समर्थक।

### यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष बने इकराम

**रामपुर, अमृत विचार :** यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष इकराम अली बने हैं। इससे उनके शुभचिंतकों में खुशी है। उनके आवास पर पहुंचकर मुबारकबाद दी। इस दौर इकराम अली ने कहा कि इस जीत में हमारे सभी साथियों की मेहनत और कोशिश शामिल है। हमेशा युवा अधिकारों एवं समाज के प्रत्येक वर्ग की लड़ाई लड़ते रहेंगे। 10 अक्टूबर से 16 नवंबर 2023 तक चली ऑनलाइन वोटिंग में पहचान पत्र के माध्यम से रामपुर नगर अध्यक्ष पद के लिए कुल 752 वोट डाले गए। मोहम्मद आमिर को 368 वोट मिले, जबकि यासिर शाह खां ने 377 वोट हासिल किए। इसके अलावा यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के चुनाव में मोहम्मद आरिफ के जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। 502 वोट लाकर इकराम अली यूथ कांग्रेस केजिला उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।

### यासिर ने आमिर को नौ मतों से हराया

**रामपुर, अमृत विचार :** यूथ कांग्रेस के नगर अध्यक्ष पद चुनाव में यासिर शाह खां ने जीत हासिल की है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी मोहम्मद आमिर को नौ वोटों से शिकस्त दी। यासिर के नगर अध्यक्ष निर्वाचित होने पर लोगों ने घर पहुंचकर उन्हें मुबारकबाद दी। यासिर ने कहा कि जीत में सभी साथियों की मेहनत और कोशिश शामिल है। वह हमेशा युवा अधिकारों एवं समाज के प्रत्येक वर्ग की लड़ाई लड़ते रहेंगे। 10 अक्टूबर से 16 नवंबर 2023 तक चली ऑनलाइन वोटिंग में पहचान पत्र के माध्यम से नगर अध्यक्ष पद के लिए कुल 752 वोट डाले गए। इसमें मोहम्मद आमिर को 368 वोट और यासिर शाह खां ने 377 वोट मिले। यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के चुनाव में मोहम्मद आरिफ जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।



यासिर शाह खां।

# मकर संक्रांति पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

## श्री सनातन धर्म गोशाला गो सदन में धूमधाम से मनाई मकर संक्रांति, गो पूजन किया, यज्ञ में दी आहुति

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कोसी मन्दिर मार्ग स्थित श्री सनातन धर्म गोशाला गो-सदन में सोमवार को मकर संक्रांति धूमधाम से मनाई गई। सबह गो पूजन एवं यज्ञ हुआ। यज्ञ में विश्व कल्याण की मंगल कामना को लेकर आहुतियां दी गईं। हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। बाद में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर शुरू हो गया।

भजन गायक प्रेम खत्री ने भजन प्रस्तुत कर समां बांध दिया। भजनों पर श्रद्धालु भक्ति भाव में खो गए। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। इसमें महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पासिंग गेम, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता, हाऊजी में महिलाओं और बच्चों ने धमाल मचा दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीए राजकुमार अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि अमृत कपूर व उमेश सिंहल रहे। सुभाष नंदा, वीरेंद्र गोयल, गिरिराज शरण अग्रवाल, डॉक्टर अजय अग्रवाल, ईश्वर सरन अग्रवाल, महेश जुनेजा, सोनी ताऊ आदि रहे।



भजन प्रस्तुत करते गायक। ● अमृत विचार



सरकारी अस्पताल में खिचड़ी वितरित करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### स्टार चौराहा पर दीनबंधु सेवा दल ने बांटी खिचड़ी

**रामपुर, अमृत विचार :** मकर संक्रांति पर दीनबंधु सेवा दल की ओर से स्टार चौराहा पर स्टाल लगाया गया। इसमें चावल, उड़द की दाल की खिचड़ी का वितरण किया गया। सेवा के दौरान दल के सदस्यों ने राहगीरों को सेवा भाव से भोजन कराया। सेवा के उपरांत स्वच्छता मिशन के तहत सभी के द्वारा सेवा स्थल पर साफ-सफाई की गई। इस मौके पर सेवादल के संदीप कुमार भाटिया, महेंद्र हल्दिया, संतोष प्रसाद, चंचल कुमार गुप्ता, राहुल जैन, मोहित सक्सेना, राकेश विश्वकर्मा, अमित सक्सेना, विनोद कुमार, नरेंद्र सक्सेना, रविन्द्र पाल सिंह, जीवन सिंह विष्ट, चंचल सिंह, अनुजा सिंह, प्रियंका भाटिया, निधि श्रीवास्तव, प्रिया रहे।



लोगों को खिचड़ी बांटते संगठन के पदाधिकारी।

### जगह-जगह हुआ खिचड़ी भोज, कंबल बांटे

**मिलक, अमृत विचार :** क्षेत्र में मकर संक्रांति पर जगह-जगह खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ। राहगीरों ने विभिन्न प्रकार के व्यजनों के साथ खिचड़ी भोज का आनंद लिया। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में खिचड़ी भोज हुआ। नगर के सरकारी अस्पताल में भी खिचड़ी भोज कराया गया। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे मरीजों एवं तीमारदारों ने खिचड़ी का आनंद लिया। पुलिस अधिकारियों के सहयोग से कोतवाली परिसर में अपनी शिकायतों को लेकर पहुंचे क्षेत्र के लोग एवं सभी पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवार के लोगों ने खिचड़ी भोज का आनंद लिया। नगर के बिलासपुर रोड स्थित माला देवी ट्रेडर्स, आदेश गुप्ता एवं अन्य लोगों ने सड़क पर खिचड़ी भोज के स्टाल लगाए। कड़ाके की सर्दी में राहगीरों ने जगह-जगह खिचड़ी भोज किया। क्षेत्र के कुछ ग्राम प्रधानों ने असहाय लोगों को कंबल भी वितरित किए। ग्राम लोहा पट्टी भोलानाथ में ग्राम प्रधान कैलाशो देवी ने गांव के निर्धन लोगों को कंबल वितरित किए।



लोगों को खिचड़ी बांटते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# कोसी नदी में लगाई डुबकी खिचड़ी भोज कराया गया

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** नगर में मकर संक्रांति श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। क्षेत्र के लोगों ने शुभ मुहूर्त पर कोसी नदी में डुबकी लगाकर पुण्य कमाया।

साथ ही जगह-जगह खिचड़ी भोज हुआ। क्षेत्र के लोगों ने मकर संक्रांति पर नदी में डुबकी लगाई। स्नान के बाद ब्राह्मणों को खिचड़ी दान कर पुण्य कमाया। नगर में बाजपुर मार्ग पर दुकानदारों ने रहागीरों को खिचड़ी का भोज कराया। इस दौरान सेवक राम, करण सिंह, शीशपाल सिंह, मदनपाल, राजेश सिंह, अखिलेश कुमार, चंद्रपाल, गिरीश कुमार आदि मौजूद रहे।

### न्यायिक कार्य से रहे विरत अधिवक्ता

**रामपुर, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के सभागार में दो दिन पूर्व बैठक हुई थी। इसमें अधिवक्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मकर संक्रांति पर न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया था। सोमवार को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस दौरान कई अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को मकर संक्रांति की बधाई दी।

# लोहड़ी पर हुए रंगारंग कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** एलएनएस क्लब ऑफ रामपुर ग्रेटर की ओर से लोहड़ी पर रंगारंग कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम की संयोजक गीता अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन आगे भी कराए जाते रहेंगे।

सिविल लाइंस स्थित कॉफी कार्नर में सोमवार को कार्यक्रम का आगाज क्लब की स्थापना के मौके पर केक काटकर किया गया। लोहड़ी मनाई गई। इस कार्यक्रम में समय बाध्यता, हाऊजी, फन गेम, वन मिनट गेम एवं रामभजन प्रतियोगिता आयोजित हुई। समय बाध्यता पुरस्कार रजनी अग्रवाल को दिया गया। वन मिनट गेम में मृदुल शर्मा प्रथम, बबीता सिंघल द्वितीय एवं नंदिता गोयल तृतीय पुरस्कार मिला। भजन प्रतियोगिता में मोहिनी पाहवा प्रथम, नंदिता गोयल द्वितीय एवं मृदुल शर्मा एवं अंजना अग्रवाल को तृतीय स्थान मिला। लोहड़ी स्पेशल कार्यक्रम में सतनाम चावला को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान क्लब की सदस्य साधना, रजनी सिंघल, मोनिका अग्रवाल, मधु शर्मा, विनीता अग्रवाल, मधुर नंदा, सुषमा अग्रवाल एवं मोनिका अग्रवाल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में क्लब के अध्यक्षा आशा भांडा, सचिव रेणु सक्सेना एवं कोषाध्यक्ष निर्मल कौर आदि मौजूद रहीं।





विजेता महिलाओं को सम्मानित करतीं पदाधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ रामभजन प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

## राम मंदिर पर टिप्पणी करने वाला आरोपी पकड़ा, रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर राम मंदिर को लेकर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। दो दिन पहले उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

अजीतपुर चौकी प्रभारी रितेश कुमार को सूचना मिली थी कि सोशल मीडिया पर राम मंदिर को लेकर अभद्र टिप्पणी की गई। पुलिस आरोपी की तलाश करने लगी। जांच में गांव मिलक चिकना निवासी वसीम का नाम सामने आया। इसके बाद पुलिस ने वसीम को गिरफ्तार कर लिया। सिविल लाइन प्रभारी पंकज पंत ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# खिचड़ी बांटने के लिए लगाए स्टॉल

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** महिलाओं ने स्टॉल लगाकर खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया। यूनिकॉर्न दिवस क्लब की महिलाओं ने रामपुर रोड पर सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे लगाए गए। इस स्टॉल में सैकड़ों की संख्या में नागरिकों को दही, चटनी, सलाद, अचार के साथ खिचड़ी भोज कराया गया।

इस दौरान चेयरमैन चित्रक मित्तल ने भी खिचड़ी का वितरण किया। क्लब की निवेदिता मित्तल ने बताया कि उनके क्लब द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्य कराए जाते हैं, समाज श्रंखला में ही मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में यह स्टॉल लगाकर खिचड़ी का वितरण किया गया। शीतलहर से बचाने के लिए स्टॉल में अलाव की व्यवस्था भी कराई गई थी। इस मौके पर मोनिका अग्रवाल, साक्षी, स्नेहा अग्रवाल आदि मौजूद रही।



लोगों को खिचड़ी बांटतीं संस्था की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### खिचड़ी भोज बांटकर कमाया पुण्य का लाभ

**रामपुर, अमृत विचार :** एलएनएसक्लब ऑफ रामपुर ग्रेटर की ओर से मकर सक्रांति व 10वें गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर खिचड़ी बांटी। लोगों ने इस भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष आशा भांडा, सचिव रेणु सक्सेना, कोषाध्यक्ष निर्मल कौर, विभा मांगलिक, वीरा मलिक, साधना, बबीता गुप्ता, रजनी अग्रवाल, बबीता सिंघल, मोहिनी पाहवा, दीक्षा गुप्ता आदि सदस्यों ने कार्य में सहयोग किया।



अमृत पान के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# गुरु के बताए मार्ग पर चलने का संदेश

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार में सोमवार दोपहर 12 बजे श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में यूपी सिख मिशन बोर्ड हापुड़ से आए पंच प्यारों ने जत्थेदार ब्रजपाल सिंह की अगुआई में खंडे बांटे का अमृत संचार करवाया गया। इसमें 23 प्राणियों ने अमृतपान किया।

प्रबंधक कमेटी की ओर से पांच प्यारों का धन्यवाद किया। उनको सम्मानित किया गया। अमृतपान करने वालों से गुरु के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस दौरान प्रधान गुरजीत सिंह, आहूजा मनजीत सिंह माटा, तपिंदर सिंह, मीत प्रधान, अमरीक सिंह, जगजीत सिंह, निर्वैर सिंह, इंदरजीत सिंह, अमरजीत सिंह, जगमोहन सिंह, जयदीप सिंह, मनजीत सिंह ने कार्यक्रम में सहयोग दिया।

▸▸ अमृत संचार में 23 प्राणियों ने किया अमृतपान

## निर्माण में पीली ईंट लगाने का आरोप

**शाहबाद, अमृत विचार :** स्कूल निर्माण में पीली ईंट एवं घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। गुणवत्ता खराब होने के चलते डीएम से शिकायत की गई है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मामला विकास खंड के गांव परौता से जुड़ा है। ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि गौरव कुमार के अनुसार, उनके गांव में उच्च प्राथमिक विद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण में पीला ईंट के साथ घटिया सामग्री लगाई जा रही है। इस मामले में एक शिक्षक से जानकारी ली गई, उन्होंने कोई भी इससे इनकार कर दिया। इस पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने निर्माण रुकवाने की मांग की। कार्य की गुणवत्ता देखकर जांच कराई जाए। इसके बाद ही पूरी गुणवत्ता के साथ भवन का निर्माण किया जाए। इस संबंध में निर्माण करा रहे शिक्षक से संपर्क करने की कोशिश की गई।

# दंगल में बाबर ने रिंकू को दी पटखनी

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** पहलवान आरिफ की याद में हुए राष्ट्रीय एकता दंगल मे रिंकू पहलवान को हराकर बाबर ने कुश्ती मार ली। इससे पहले विधायक के पुत्र उमेर अंसारी ने फीता काटकर दंगल का आगाज किया।

सोमवार को नगर के मोहल्ला चक स्वार स्थित राष्ट्रीय एकता दंगल के नेतृत्व में पहलवान आरिफ की याद में दंगल हुआ। विधायक शफीक अहमद अंसारी के पुत्र मुख्य अतिथि उमेर अंसारी ने दंगल का फीता काटकर आगाज किया। शास्त्री पहलवान ने मुख्य अतिथि के राजस्थानी पगड़ी बांधकर स्वागत किया। विधायक पुत्र ने राष्ट्रीय एकता दंगल की कमेटी को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उमेर अंसारी ने राजस्थान से आए पहलवान रिंकू और अजमेर के पहलवान बाबर का हाथ मिलवाकर कुश्ती का आगाज किया। कुश्ती में अपना जौहर दिखाते हुए रिंकू को हराकर बाबर ने मुकाबले को जीत लिया। इस मौके पर शाकीव पहलवान, फूल बाबू पहलवान, रईस, बाबू, रईस, राशिद पहलवान, अमजद पहलवान, आसीम, साकिब, वसीम कुरैशी आदि मौजूद रहे।



फीता काटकर दंगल शुरू करते उमेर अंसारी। ● अमृत विचार

**कुश्ती**

▸▸ विधायक के पुत्र ने फीता काटकर किया दंगल शुरू

▸▸ राष्ट्रीय एकता दंगल की कमेटी की ओर कराया गया आयोजन

## स्टेशन पर वितरित किए कपड़े, कंबल

**रामपुर, अमृत विचार:** अंजुमन फलाह ए इंसानियत तंजीम की ओर से सोमवार को रेलवे स्टेशन पर गरीबों को कंबल और कपड़े वितरित किए गए।

तंजीम के नुमाइंदे मोहम्मद अहमद ने बताया कि पिछले छह साल से खिदमत ए खल्क क सिलसिला लगातार जारी है। सप्ताह में दो बार कैंप लगवाकर खाने का वितरित किया जाता है। गर्मियों में शर्बत और सर्दियों में चाय की सबील लगाई जा रही है। ताकि राहगीरों को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। अगर कोई ऐसा है जो काफी बीमार है उसके माली हालत बहुत कमजोर है, उसमें तंजीम द्वारा मुफ्त में उपचार मुहैया कराया जा रहा है। तंजीम के सदर मोहम्मद सुल्तान जौहर सैफी की सरपरस्ती में लोगों की खिदमत कर रही हैं। इसी को लेकर मालागोदाम स्थित गर्म कपड़ों के लिए शिविर लगाया गया है।

**अनदेखी** चीनी मिल, बी अम्मा गेट तक शौचालयों की हालत बदहाल, उगी घास, आ रही दुर्गंध

# विशेष सफाई अभियान में भी जगह-जगह गंदगी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** यह कैसा विशेष स्वच्छता अभियान है कि शहर के अधिकतर क्षेत्रों में बने सुलभ सार्वजनिक शौचालयों के दरवाजे टूटे हुए हैं और कुछ शौचालयों के दरवाजे नदारद हैं। उनकी छतों पर घास उग आई है। इनकी टोटी भी टूटी और सीटों में गदंगी पसरी हुई है। कई वर्ष से शौचालयों की सफाई नहीं हुई है इसमें दुर्गंध आ रही है। लोग चेहरे पर कपड़ा ढककर निकलने को मजबूर हैं। पालिका अधिकारियों की उदासीनता के चलते सफाई अभियान को पलीता लग रहा है।

जनपद में 22 जनवरी तक विशेष स्वच्छता अभियान चलेगा। इसे सफल बनाने के लिए नगर पालिका के अधिकारी दावे कर रहे हैं। अभियान का खास उद्देश्य यह है कि हाईवे किनारों पर सफाई काविशेष ध्यान रखा जाएगा। ऐसे में नैनीताल हाईवे से सटी चीनी मिल, सीआरपीएफ चुंगी के पास पालिका के सार्वजनिक शौचालय बने हैं। इन शौचालयों को बनवाने में करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। लेकिन, कहीं शौचालय की छत नहीं, तो कहीं दरवाजे गायब हैं। कुछ बंद पड़े हुए हैं, कुछ की हालत काफी खस्ता है, कुछ शौचालयों में हमेशा ताले पड़े हुए हैं। गदंगी पसरी हुई है। इसीलिए लोग शौचालयों का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। उधर, नैनीताल हाईवे स्थित पालिका का नाला है, जिसकी कुछ दिन पहले नाले की तली झाड़ सफाई कराई गई थी। कर्मचारियों ने पॉलीथिन और मलबे के ढेर छोड़ दिए हैं।





हाईवे स्थित शौचालयों के पास उगी घास, टूटे दरवाजे। ● अमृत विचार

> विशेष स्वच्छता अभियान के तहत हाईवे स्थित सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत कार्यदायी संस्था से कराई जाएगी। ताकि लोगों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। -दुर्गेश त्रिपाठी, ईओ, नगर पालिका परिषद

### सर्वेक्षण अभियान में हो चुकी है किरकिरी

देश भर के शहरों में हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में रामपुर नगर पालिका प्रशासन की किरकिरी हो चुकी है। इस बार जो प्रदेश में 60वीं, देश में 291 रैंक मिली है। खास बात यह रही कि सफाई से लेकर ओडीएफ प्लस, सफाई, शौचालय, जल सुविधाएं, डोर टू डोर कूडा कलेक्शन, कूडा निस्तारण की स्थिति में गिरावट आई है। इन सभी बिदुंओं को पूरा करने को पालिका अधिकारी नाकाम साबित हुए हैं।

## समिति की ओर से लोगों को बांटे जा रहे कंबल

**रामपुर, अमृत विचार :** सर्दी से बचाव के लिए लोगों को सिंह सेवक जत्था की ओर रेलवे स्टेशन पर मुफ्त चाय का स्टाल एवं रेलवे स्टेशन के बाहर, माल गोदाम चौराहा एवं दुर्गा मंदिर के पास अलाव नियमित रूप से जलाए जा रहे हैं। रेलवे स्टेशन पर लगे स्टॉल पर जरूरतमंद एवं गरीबों को चाय एवं नाश्ते का वितरण किया जा रहा है। 15 जनवरी को सिंह सेवक जत्था के प्रधान दर्शन सिंह खुराना के नेतृत्व में सुबह पांच बजे से सात बजे तक रेलवे स्टेशन के परिसर में चाय का स्टॉल लगाया गया। चाय की सेवा रेलवे स्टेशन पर 40 दिन तक नियमित रूप से चलती रहेगी। इस दौरान महेंद्र सिंह होरा, गुरवचन सिंह, सतविंदर सिंह माटा, तरनदीप सिंह, गुरचरण सिंह आदि ने सहयोग किया।

### असहायों को वितरण किए कंबल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** शीतलहर से बचाव के लिए थानाध्यक्ष ने असहायों को कंबल वितरित किए। सोमवार को थाना खजुरिया के प्रभारी राजीव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में असहायों को कंबलों का वितरण किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष ने कहा कि कानून का पाठ पढ़ाया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मुरादाबाद संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm /1000 with GST
साइज -------10cmX8cm /1500 with GST
साइज -------15cmX8cm /2000 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
कार्यालय :-
एलआईजी-23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड, मुरादाबाद
सम्पर्क सूत्र: 7417134445

## एक नजर

### अयोध्या पहुंचे कांग्रेस नेता, किया दर्शन-पूजन

**बरेली, अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में जिले के कांग्रेसियों ने अयोध्या पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई। कांग्रेस के राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय नेताओं के साथ जिले के कांग्रेसी सोमवार को अयोध्या पहुंचे। सरयू नदी में स्नान किया। उसके बाद भगवान श्री रामलला के मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। हनुमानगढ़ी पहुंचकर हनुमान जी के भी दर्शन किये। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि भगवान राम में हम सभी की आस्था है। 22 जनवरी का कार्यक्रम भाजपा द्वारा आयोजित है। जिले से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता डा. केबी त्रिपाठी और जिला उपाध्यक्ष दिनेश दद्दा शामिल रहे।

### बच्चों के आधार कार्ड के लिए घर पहुंचेगा कर्मी

**बरेली, अमृत विचार :** 0-5 साल तक के बच्चों के आधार कार्ड बनाने के लिए जल्द ही डाक विभाग की बैंकिंग शाखा इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक कर्मी आपके घर दस्तक देगा। विभाग की ओर से आईपीपीबी के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही आधार से मोबाइल नंबर को भी अपडेट करेंगे।

# समस्याओं का निस्तारण न होने पर होगा आंदोलन

## भाकियू के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को दिया ज्ञापन, नदी में फैक्ट्रियों के दूषित पानी का मुद्दा उठाया

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** किसानों की समस्याओं को लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। उन्होंने 10 दिनों के भीतर समस्याओं का निस्तारण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

भाकियू के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तहसील पहुंचे। उन्होंने यहां उप जिलाधिकारी अरुण कुमार को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में सफाई व्यवस्था ठप है। सफाई कर्मचारी 15 दिन में एक बार आते हैं और किसी एक मोहल्ले में सफाई कर चले जाते हैं। धर्मपुर पश्चिमी, रेंका नगला, रामनगर सहित देवपुरा आदि गांव में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। किसानों ने कहा कि बहाल्ला नदी में उत्तराखंड की कई फैक्ट्रियों का दूषित पानी आता है। जिससे क्षेत्र में बीमारियां पनप रही हैं। इसे तुरंत बंद कराकर कानूनी कार्रवाई की जाए। गेहूं की फसल की सिंचाई का समय चल रहा है तथा लो वोल्टेज व बिजली कटौती से किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। गांव देवपुरा में पानी की टंकी की पाइपलाइन बिछाने के लिए ठेकेदार ने रास्ते खुदवाए थे। लेकिन उनकी मरम्मत अभी तक नहीं कराई गई है। तहसील अध्यक्ष हुसैन अली, राशिद चौधरी, शहादत, मोहम्मद रफी, अकबर व नासिर अली आदि रहे।


उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी।


पंचायत में किसानों को संबोधित करते प्रदेश महासचिव डॉ. नौ सिंह।

### रामपुर में बनेगी फरवरी में होने वाले आंदोलन की रणनीति : हसीब

**रामपुर, अमृत विचार :** भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत रामपुर आएंगे। किसानों की समस्याओं को लेकर फरवरी में होने वाले आंदोलन की रणनीति रामपुर में बनेगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता के कार्यक्रम की तैयारी में किसान नेता जुट गए हैं। सिविल लाइंस स्थित भाकियू कार्यालय में सोमवार को हुई पंचायत में राष्ट्रीय महाचिव डॉ. नौ सिंह ने रामपुर आकर किसान नेता राकेश टिकैत के कार्यक्रम की जानकारी दी थी। प्रदेश महासचिव हसीब अहमद से उनके कार्यक्रम की तैयारी में जुट जाने को कहा था। सोमवार को हुई पंचायत में किसान नेता हसीब ने कहा कि प्रशासन जिले के किसानों का उत्पीड़न कर रहा है। किसी भी समस्या को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं है। कहा कि भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत 22 और 26 जनवरी को रामपुर में रहेंगे। प्रशासन की अनदेखी और किसानों की समस्या को लेकर चर्चा करेंगे। कहा कि फरवरी में होने वाले आंदोलन की रणनीति रामपुर में बनेगी। प्रदेश महासचिव ने राष्ट्रीय प्रवक्ता के कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा किसानों के शामिल होने की अपील की। पंचायत में सुभाष चंद्र शर्मा, अमृतपाल भिंडर, कैशव कुमार, सलमान अली, सुरेश, अमन, सुबहान अली, सोनू, अंकित रहे।

# गन्ने का मूल्य तय नहीं हुआ तो भाकियू करेगी आंदोलन : रफीक

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली ने जल्द ही गन्ना मूल्य तय करने की मांग की है। भाकियू का कहना है कि यदि जल्द ही दाम तय नहीं हुए तो भाकियू बड़ा आंदोलन करेगी।

सोमवार को भाकियू असली से जुड़े किसान जिलाध्यक्ष हाजी मोहम्मद रफीक की अगुआई में तहसील पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अरविन्द शर्मा को सौंपा। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा पशुओं से किसान परेशान हैं। रात भर जागकर अपनी फसल रखानी पड़ रही है। छुट्टा पशुओं को गोशाला में संरक्षित कराया जाए। किसानों ने गेहूं के मूल्य के साथ बोनस की मांग की है। किसानों ने इस दौरान क्षेत्र के दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने का मुद्दा उठाया। किसानों का कहना है। क्षेत्र के दिव्यांगों को चिह्नित कर उन्हें सभी योजनाओं का लाभ दिया जाए। ज्ञापन देने वालों में भूरे सिंह, अमरपाल यादव, जयपाल, वीरेन्द्र सिंह, आसिफ खां, मरदान खां, ताहिर खां, रामनाथ मौर्य, हरीशचन्द्र एवं वेदराम यादव समेत कई किसान मौजूद रहे।

### छुट्टा पशुओं से किसान परेशान, पकड़ने की मांग

**शाहबाद, अमृत विचार :** क्षेत्र के किसानों ने छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग की ही। किसानों का कहना है कि छुट्टा पशु उनकी फसल नष्ट कर रहे हैं। तहसील क्षेत्र के गांव टांडा के किसान एकत्रित होकर तहसील पहुंचे। उन्होंने नायब तहसीलदार अरविंद्र शर्मा को शिकायती पत्र सौंपा। किसानों का कहना है कि छुट्टा पशु उनके फसल नष्ट कर दे रहे हैं। किसानों को रातभर जागकर अपनी फसल रखानी पड़ती है। किसानों ने मांग की है कि पशुओं को पकड़कर गोशाला भिजवाया जाए। ज्ञापन देने वालों में धारा सिंह, सतवंत सिंह, विजय भारत, अमर सिंह, प्रमोद कुमार, धर्मपाल, जितेन्द्र, किशन रहे।


गांव चकरपुर कदीम में पूजित अक्ष का वितरण करते स्वयंसेवक।

# चकरपुर में घर-घर अक्षत देकर अयोध्या जाने का दिया निमंत्रण

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव चकरपुर कदीम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आरएसएस कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर पूजित अक्षत का वितरण किया। सभी को अयोध्या आने का निमंत्रण भी दिया।

स्वयं सेवक कौशल पंडित ने बताया कि शाहबाद में अलग-अलग गांव के लिए टोलियां बनाकर अक्षत वितरण का कार्य चल रहा है। संघ कार्यकर्ता हल्दी व अक्षत लेकर अपने स्थानीय मंदिरों में उत्सव के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। बताया कि टोली में शामिल कार्यकर्ता गांव में प्रत्येक घर पर जाकर परिवारों को अक्षत व निमंत्रण पत्र देकर उनसे राम मंदिर दर्शन करने अयोध्या धाम जाने का निवेदन कर रहे हैं। इस मौके पर ग्राम प्रधान उर्मिला देवी समेत अन्य उपस्थित रहे।

### अंतर विश्वविद्यालयी टेबल टेनिस प्रतियोगिता आज से

**बरेली, अमृत विचार :** नॉर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालयी टेबल टेनिस पुरुष प्रतियोगिता मंगलवार से रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुरू होगी। प्रतियोगिता में 16 और 17 जनवरी को नॉकआउट और 18 और 19 जनवरी को लीग मैच होंगे। मैच के लिए छह टेबल लगाई गई हैं।

स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सोमवार को क्रीड़ा सचिव प्रो. आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता में 61 टीमों ने पंजीकरण कराया है। अब तक जम्मू कश्मीर के दो विश्वविद्यालय, अलीगढ़ विश्वविद्यालय, अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की टीमें आ चुकी हैं। 16 जनवरी को ओपनिंग सेरेमनी होगी, जिसमें मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्डी मेजर जनरल दीप अहलावत और भारतीय खेल प्राधिकरण के उप महानिदेशक संजय सारस्वत होंगे।

मैच में सभी टेबल टेनिस एसोसिएशन के तहत राष्ट्रीय स्तर के रेफरी हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने प्रदेश में किए बुनियादी कार्य : सतपाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बसपा के मुरादाबाद मंडल के प्रभारी सतपाल सिंह पीपला ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने प्रदेश में बुनियादी कार्य किए थे। वह किसी से छिपे नहीं है।

शाहबाद गेट स्थित एक मैरिज हॉल में सोमवार को बसपा सुप्रीमो मायावती के जन्मदिन पर बसपाई जुटे। इस दौरान सतपाल सिंह ने कहा कि मायावती के शासन काल में जो विकास कार्य हुए हैं उन्हें जनता भूल नहीं पाएगी। सरकारी नौकरियां बड़े पैमाने पर दी गईं। प्रदेश के प्रत्येक जिले में हजारों काशीराम आवास योजना के तहत मकान बनवाए गए। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का गठन किया।

सावित्री बाई फुले योजना लागू की पेंशन गरीबों को दी गई। आज देश में आरक्षण को खत्म करने की साजिश की जा रही है।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद बसपा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ **शाहबाद गेट स्थित एक मैरिज हॉल में आयोजित किया कार्यक्रम**

सरकार में किसी को कुछ मिलने वाला है। केवल एक दूसरे को लड़ाया जा रहा है।

बसपा के मंडल कोऑर्डिनेटर संसार सिंह सागर ने कहा कि किसी पार्टी से गठबंधन की बजाए दलित, मुस्लिम व पिछड़ों का गठबंधन होना चाहिए। बसपा के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार निरंकारी ने कहा कि सर्दी में भी मायावती का जन्मदिन मनाने के लिए यहां लोग एकत्र हुए हैं। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सागर, सदाकत हुसैन, हबीब-उर- रहमान, रमेश श्रीवास्तव, राजेश प्रकाश सैनी, सरजू भास्कर, महेंद्र सागर, उस्मान अली, सुशील सागर, सोनू सागर, दिनेश सागर, राकेश सागर, परमानंद श्रीवास्तव, नवनीत यदुवंशी आदि लोग मौजूद रहे।


मायावती के जन्मदिन पर केक काटते रईस मियां, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

### बसपा सुप्रीमो मायावती का जन्मदिन मनाया

**मिलक, अमृत विचार :** मिलक विधानसभा क्षेत्र प्रभारी रईस मियां आजर के आवास पर बसपा सुप्रीमो मायावती का जन्मदिन केक काटकर मनाया। विधानसभा क्षेत्र प्रभारी ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी मुस्लिम समुदाय के हित के लिए अग्रसर है। बसपा ने मुस्लिम वर्ग के साथ कभी पक्षपात नहीं किया। कहा कि बसपा की सरकार में मुस्लिम वर्ग के अधिकारों का कभी हनन नहीं हुआ। बसपा सुप्रीमो मायावती दबे, कुचले एवं पिछड़ों की लीडर और हितैषी हैं। इसलिए हमें हमेशा उन्हें याद रखना चाहिए। उनके बताए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। इस दौरान अंजुम आस्वी, हाजी मौलाना मोहम्मद साबिर हुसैन, विशाल कुमार गोस्वामी, दिलीप कुमार, अनीस मियां, नबी अहमद, गफूर अहमद, मुस्ताक हुसैन, इरफान अल्वी, सैयद समर मियां, अहद, रुहान, सलीम मियां आदि उपस्थित रहे।

### पहले लड़का देखा फिर बेटी दिखाने को घर बुला ठग लिये जेवर-नकदी व सामान

**विजय नगला (बदायूं), अमृत विचार:** वजीरगंज क्षेत्र के गांव पलई का एक परिवार इसी तरह ठगी का शिकार हो गया। पीड़ित के अनुसार बरसुनिया गांव के दो व्यक्ति उसके घर आए और अपनी बेटी का रिश्ता तय करने के लिए बेटे को देखा। फिर लड़की को दिखाने की बात कहकर अपने घर बुलाया। जब वह लड़की देखने गए तो वहां लड़की नहीं थी। आरोपी पक्ष ने अपनी बेटी को रिश्तेदारी में होना बताया और लड़की देखने के लिए लेकर गए सामान, मिठाई, मोबाइल और नगद रुपये ले लिये। कुछ दिन बाद लड़की देखने को कहा तो आरोपी पक्ष टालमटोल करने लगा। गांव वालों से छानबीन की तो मालूम हुआ कि आरोपी फर्जी तरीके से रिश्ते तय करने के नाम पर ठगी करता है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# बायोगैस प्लांट लगने से पालकों की बढ़ेगी आय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अब पशु शेड में बायो गैस तैयार करने के लिए प्लांट लगेंगे। पशु पालकों को सरकार बायो गैस प्लांट लगाकर देगी। एक प्लांट पर 1.20 लाख से 1.80 लाख रुपये तक खर्च आएगा। बायो गैस से होने वाली आमदनी पशु पालकों की जेब में जाएगी इससे पशु पालक तेजी से मालामाल होंगे।

परियोजना निदेशक डीआरडीए मंशाराम यादव ने बताया कि बायोगैस ऊर्जा का एक ऐसा स्रोत है, जिसका उपयोग बार-बार किया जा सकता है। बायो गैस कैसे बनती है, इसके क्या घटक हैं और इसका कहां-कहां इस्तेमाल किया जा सकता है। बायो गैस ग्रामीण क्षेत्रों में खाना पकाने और प्रकाश व्यवस्था के लिए उर्जा की आपूर्ति को पूरा करती है। साथ ही बायोगैस तकनीक अवायवीय पाचन के बाद उच्च गुणवत्ता वाली खाद प्रदान करती है जो कि सामान्य उर्वरक की तुलना से बहुत अच्छी होती है। उपायुक्त मनरेगा ने बताया कि बायोगैस निर्माण की प्रक्रिया दो चरणों में होती है, प्रथम स्तर में गोबर में मौजूद अम्ल निर्माण करनेवाले वैक्टीरिया के समूह द्वारा कचरे में मौजूद बायो डिग्रेडेबल कॉम्प्लेक्स ऑर्गेनिक कंपाउंड को सक्रिय किया जाता है। इस स्तर पर मुख्य उत्पादक ऑर्गेनिक एसिड होते हैं, इसलिए इसे एसिड फॉर्मिंग स्तर कहा जाता है। दूसरे स्तर में मिथेनोजेनिक वैक्टीरिया को मिथेन गैस बनाने के लिए ऑर्गेनिक एसिड के ऊपर सक्रिय किया जाता है। जानवरों के गोबर को बायोगैस प्लांट के लिए मुख्य कच्चा पदार्थ माना जाता है, लेकिन इसके अलावा मुर्गियों की बीट और कृषि जन्य कचरे का भी इस्तेमाल किया जाता है।


बायोगैस प्लांट की प्रतीकात्मक तस्वीर।

**योजना**

▸▸ **पशु पालकों को सरकार लगाकर देगी बायो गैस प्लांट**

▸▸ **एक प्लांट पर 1.20 से 1.80 लाख तक आएगा खर्च**

### 5000 से अधिक आबादी वाले गांवों में लगेंगे प्लांट

पांच हजार और इससे अधिक आबादी वाले गांवों में जमीन की उपलब्धता के अनुसार बायोगैस प्लांट लगवाए जाएंगे। दो, चार, आठ या इससे अधिक पशु पालकों के पशु शेड के आसपास जमीन की उपलब्धता के अनुसार बायोगैस प्लांट लगवाए जाएंगे। बायोगैस प्लांट पर खर्च होने वाली धनराशि को सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। बायोगैस प्लांट मनरेगा से तैयार कराया जाएगा इससे मनरेगा मजदूरों के लिए मजदूरी का टोटा भी नहीं रहेगा। इसके अलावा गोशालाओं में भी बायोगैस प्लांट लगवाए जाने का खाका खींचा गया है।

> जिले में किरा, नसीराबाद, परम, मसवासी, जमसमोली में वृहद गोशालाएं हैं वहां बायोगैस प्लांट लगवाए जाएंगे और बिजली उत्पादन होगा इससे गांवों में विद्युतापूर्ति होगी। इसके अलावा पांच हजार आबादी वाले गांवों में पशु पालकों के यहां जमीन के अनुसार पंचायत से बायोगैस प्लांट लगवाए जाएंगे। जिसका उपयोग वे घरेलू उपयोग में करेंगे और बची हुई गैस को बेच सकते हैं। किरा में बायोगैस प्लांट लगवाए जाने का कार्य शुरू हो गया है।
>
> **-मंशाराम यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए**

### नाबालिग छात्रा को मां बनाने का आरोपी गिरफ्तार

**रामनगर, अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग छात्रा के मां बनने के बाद हरकत में आयी पुलिस ने आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि बीते दिनों स्थानीय नाबालिग के मां बनने की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया था। बताया जाता है कि रामनगर क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में रहने वाली किशोरी का पास के गांव में युवक से प्रेम प्रसंग था। बताया जाता है कि जिस युवक ने किशोरी को अपने प्रेम जाल में फंसाया था वह क्यारी गांव के एक रिसोर्ट में काम करता है। अचानक इस किशोरी के पेट में पीड़ा हुई थी तो उसने परिजनों को जानकारी दी। परिजन उसे रामनगर के सरकारी अस्पताल लाए। जांच में किशोरी गर्भवती पाई गई।

# शहर क्षेत्र के 1500 उपभोक्ता ने जमा किए 2.90 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ **ओटीएस योजना का लाभ लेने को एक दिन शेष**

**अमृत विचार :** एक मुश्त समाधान योजना का लाभ लेने के लिए एक दिन ही शेष बचा है। प्रदेश सरकार की ओर से बिजली उपभोक्ताओं को सरचार्ज में छूट देने के लिए एक मुश्त समाधान योजना संचालित की है। योजना 8 नवंबर से 31 दिसंबर तक के लिए नियत की थी। लेकिन किन्ही कारणों के चलते तारीख बढ़ाकर 16 जनवरी तक कर दी गई है। जिससे कि उपभोक्ता अधिक से अधिक बकाया जा कर सके।

शहरी क्षेत्र में 15 सौ उपभोक्ताओं ने 2.90 लाख रुपए तक बकाया जमा किया है। योजना के लिए शहरी क्षेत्र में 8800 उपभोक्ताओं को चिन्हित किया है जिन पर बिजली चोरी के मामले दर्ज है। इन पर 35 करोड़ रुपये का बकाया है। इसके अलावा ब्याज माफी 28 हजार उपभोक्ता है जिनमें 8 हजार उपभोक्ता योजना का लाभ ले चुके है।

नवाबगेट डिवीजन के आंकड़ों के अनुसार 15 सौ उपभोक्ताओं ने 2.90 लाख और ब्याज माफी में एक करोड़ रुपये का बकाया जमा किया है। एक्सईएन ने बताया योजना का लाभ लेने के लिए सिर्फ एक दिन शेष बचा है। उपभोक्ताओं से अपील है कि जिन पर निगम का बकाया है वह योजना का लाभ लें। जमा नहीं करने पर आरसी काटने की कार्रवाई की जाएगी।


सिविल लाइंस क्षेत्र में पैदल गशत करते एसपी राजेश द्विवेदी, साथ में अन्य।

# एसपी ने क्षेत्र में की पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था देखी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने सोमवार शाम क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था देखी। इस दौरान उनके साथ कई थानों के प्रभारी भी मौजूद रहे।

कई दिनों से सर्दी अधिक है। मोहल्ले और गलियां सूने हो जाने के कारण चोरी और लूट जैसी घटनाएं होने का खतरा रहता है। इन पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक रोजाना शाम को पैदल गश्त करते हैं। सोमवार शाम को भी एसपी ने फोर्स के साथ पैदल गश्त की। सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत नगर क्षेत्र के थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत महत्वपूर्ण स्थानों पर मय पुलिस बल के पैदल गश्त की और लोगों से वार्ता भी की।

### ऑनलाइन लगेगी कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारियां चल रही हैं। इस बार कक्ष निरीक्षक और केंद्र व्यवस्थापकों की ड्यूटी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से लगाई जाएगी। विभागीय सूत्रों के मुताबिक इस बार कॉपियों के मूल्यांकन के लिए भी परीक्षकों की ड्यूटी भी ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत लगाई जाएगी।

इस बार हाईस्कूल में 52065 संस्थागत, 597 व्यक्तिगत और इंटर में 40646 संस्थागत और 3169 व्यक्तिगत छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। जिले में 134 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देश पर सभी प्रधानाचार्यों को कार्यरत शिक्षकों का ब्योरा पोर्टल पर अपलोड और अपडेट करने के लिए कहा गया है। परीक्षण के बाद ब्योरा सचिव कार्यालय को ऑनलाइन अग्रसारित किया जाएगा।

**उत्साह** | 22 जनवरी को लेकर राम भक्तों में दिख रहा है उत्साह, मंदिरों व घरों को सजा लोग

# दिवाली उत्सव की तरह मनेगी श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** 22 जनवरी को अयोध्या धाम स्थित राममंदिर में रामलला को विराजमान किया जाएगा। यह ऐताहासिक पल इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए दर्ज होगा। इस मंदिर के बनने से राम भक्त समेत हिंदू समाज के लोगों मे उत्साह का माहौल हौ। कुछ राम भक्त अयोध्या जाने के लिए तैयारी कर रहे हैं।

नगरवासियों में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह दिख रहा है। हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता घर-घर जाकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्र देकर उनसे से अयोध्या चलने की अपील कर रहे हैं। इस दिन को एतिहासिक पल बनाने के लिए राम भक्त घरों में दीप जलाकर हर्षोल्लास के साथ आतिशबाजी कर दिवाली मनाने की तैयारी में जुटे हैं। हिन्दू संगठन के अलावा कई अन्य संगठनों के लोग वहां से आए पूजित अक्षत को घर-घर जाकर लोगों को बांट रहे हैं। देर रात तक यह कार्य किए जा रहे हैं।

### आज से शुरू होगी अयोध्या के लिए बस सेवा

22 जनवरी को अयोध्या में रामलला को विराजमान किया जाएगा। जिसको लेकर देश भर में खुशी छाई हुई है। राम भक्त 22 जनवरी के आने का कई दिनों से इंतजार कर रहे हैं। इसको देखते रोडवेज से बसें तक चलाई जा रही है। एआरएम दीपचंद ने बताया कि मंगलवार से दो बसें अयोध्या के लिए चलाई जाएगी। मंगलवार को विधायक आकाश सक्सेना इसका आगाज करेंगे।


> जिस समय का कई दशकों से वर्षों से इंतजार चला आ रहा था, वह पल 22 जनवरी को आने वाला है। अयोध्या में भगवान श्री राम को विराजमान किया जाएगा। यह राम भक्तों के लिए बड़ी खुशी का दिन होगा।
>
> **-अर्जुन शर्मा, गो सेवा समिति अध्यक्ष**


> 22 जनवरी को श्री राम को अयोध्या धाम में विराजमान कर दिया जाएगा। इस कार्यक्रम को राम भक्त टीवी पर भी देखेंगे। इस पल का भक्तों को काफी समय से इंतजार चला आ रहा था।
>
> **- लक्ष्मीकांत सैनी, भाजपा नेता**


> अयोध्या धाम में 22 जनवरी को भगवान श्री रामलला को विराजमान किया जाएगा। इससे ज्यादा खुशी की बात कोई और नहीं हो सकती है। उस दिन घरों में दीप जलाकर दिवाली मनाई जाएगी।
>
> **-महेंद्र सैनी, भाजपा जिला मंत्री**


> जिस ऐतिहासिक पल का इंतजार था वह 22 जनवरी को आ रहा है। अयोध्या धाम में भगवान श्री राम को विराजमान किया जाएगा। राम भक्तों के लिए यादगार पल होंगे।। दीप रोशनकर व आतिशबाजी कर दिवाली का उत्सव मनाया जाएगा।
>
> **- गगन सचदेवा**

### राम मंदिर 500 साल संघर्ष का परिणाम : त्रिभुवन



**रामपुर, अमृत विचार :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम मंदिर आंदोलन में भक्तों के विभिन्न संघर्षों को भुलाया नहीं जा सकता। ऐसे में ज्वालानगर रामलीला के मीडिया प्रभारी त्रिभुवन पंडित ने कई वर्षों तक प्रधानमंत्री को मंदिर बनवाने के लिए पत्र लिखे थे। वर्ष 2004 में अपने विद्यार्थी जीवन के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के दौरान पत्र लिखना शुरू किए थे, जो अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक संपूर्ण हुए। उस समय राममंदिर आंदोलन हमेशा अखबारों में छाया रहता था।

## एक नजर

### जिपं सदस्य ने संगठन महामंत्री से लगाई गुहार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वार्ड संख्या 30 के जिला पंचायत सदस्य जयप्रकाश उर्फ जगत प्रकाश सिंह ने भाजपा के महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह को ज्ञापन देकर गुहार लगाई है। बताया है कि 13 जनवरी ग्राम पंचायत देवापुर में भारत संकल्प यात्रा के दौरान योजना के तहत मेरे ऊपर जानलेवा हमला किया गया। कार्यक्रम में मेरे बेटे का गला दबा दिया गया। ऐसा करने वाला जिला बदर गोतस्कर और उसकी टीम के लोग हैं। संगठन की ओर से मैं पार्टीजनों के साथ वहां कार्यक्रम में गया था। इस दौरान हमले के दौरान मुझे अपनी और बेटे की जान बचाने के लिए लाइसेंसी रिवाल्वर से हवाई फायर करना पड़ा। पूरा प्रकरण संगठन के पदाधिकारियों के संज्ञान में हैं।

### ट्रैक पर मिला युवक का शव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मझोला क्षेत्र में लाइनपार निवासी सीताराम का 40 वर्षीय बेटा संजय रविवार को काम पर निकला था। लेकिन, वह देर रात तक वापस नहीं लौटा। सोमवार सुबह सूचना मिली संजय का शव सोनकपुर में सिरकोई भूड़ स्थित रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। सूचना मिलते ही कांशीराम नगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### जीजा-साले के विरुद्ध रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गलशहीद थाना क्षेत्र निवासी महिला ने अपने देवर रिहान व उसके साले अनीस के खिलाफ मारपीट और धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज कराया है। पीड़िता शबनम पत्नी शुभान गलशहीद के सराय पुख्ता मरकज वाली मस्जिद के पास की रहने वाली है। उसने पुलिस को बताया है कि 10 जनवरी की रात उसका देवरानी इल्मा से विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद के दौरान ही इल्मा के पति रिहान और भाई अनीस आ गए। आरोपियों ने उसके पति शुभान के साथ मारपीट की। गलशहीद थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया कि दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

### विधवा की जमीन को कराया कब्जा मुक्त

**कुंदरकी, अमृत विचार :** सोमवार को थाना क्षेत्र के ग्राम स्थित विधवा महिला की जमीन को उसके ससुराल वालों से राजस्व विभाग की टीम ने कब्जा मुक्त कराई। बरखा नेहरा पत्नी स्व. दुष्यंत चौधरी निवासी ग्राम नगला कमाल के अनुसार उसके पति दुष्यंत चौधरी की मृत्यु कोविड-19 के दौरान हो गई थी। इसके पश्चात उसके पति के नाम जो जमीन थी वह उसके और उसकी बेटी उन्नति चौधरी के नाम विरासत में दर्ज हो गई थी।

# हम विपक्षी गठबंधन से नहीं डरते यूपी की सभी सीटें जीतेंगे: सतेंद्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ.सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन हैं। हम राजनीति में विपक्षी गठबंधन से नहीं डरते हैं। कार्यकर्ताओं के बल पर मिशन 2024 जीतेंगे। हमने 2014, 2017, 2019 और 2022 में जीत का रिकॉर्ड बनाया है। इस साल लोकसभा चुनाव भी हम जीतेंगे। देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी कार्यक्रम पर भरोसा है। लोक सभा चुनाव के पहले विपक्षी दलों के गठबंधन और उसकी चुनौतियों के सवाल पर मंडल अध्यक्ष ने अपना पक्ष रखा।

सोमवार को संगठन की पश्चिमी यूपी की क्षेत्रीय कार्य समिति की बैठक में हिस्सा लेने आए मंडल अध्यक्ष सिसौदिया ने मीडिया कर्मियों

**▸▸ क्षेत्रीय अध्यक्ष बोले- देश की जनता को प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर भरोसा**

से बात की। उन्होंने कहा कि यहां 14 लोकसभा क्षेत्र के चार चरणों में बैठकें हुई हैं। नव मतदाता सम्मेलन, बूथ सशक्तिकरण, पन्ना प्रमुख और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की बैठक में अपनी योजना पर विस्तार से चर्चा की है। लोकसभा चुनाव में हर बूथ पर 60 प्रतिशत मत प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है।

इसके लिए नियोजित तरीके से काम करना है। पन्ना प्रमुख योजना उसी का हिस्सा है, जिसके आधार पर हम लोकसभा चुनाव में लक्ष्य हासिल करेंगे। 25 जनवरी से युवा सम्मेलन की शुरुआत की जा रही है। अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत प्रदेश भर में जन जागरण करेंगे।

## पार्टी अभियानों की समीक्षा कर नई चुनौतियों को साधने का मूलमंत्र दे गए संगठन महामंत्री

# नव मतदाता सम्मेलन में युवाओं से जुड़ने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** भाजपा पश्चिमी क्षेत्र की बैठक में संगठन के अभियानों की चर्चा हुई। 14 संसदीय क्षेत्र की बैठक नव मतदाता सम्मेलन, बूथ सशक्तिकरण व पन्ना प्रमुख योजना और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से सीधा संवाद के नाम रही। अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान के बाद पार्टी नव मतदाता सम्मेलन के लिए कमर कसेगी। 25 जनवरी से यह आयोजन शुरू होगा, जिसमें पार्टी युवाओं से रिश्ते स्थापित करेगी।

आरंभ में कार्यक्रम व अभियानों की बात की गयी। दूसरे सत्र में 25 जनवरी को आयोजित होने वाले नव मतदाता सम्मेलन की चर्चा हुई।



दिल्ली रोड स्थित होटल में बैठक को संबोधित करते संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह।

पश्चिम क्षेत्र के 19 संगठनात्मक जिलों के भाजपा जिला व महानगर अध्यक्ष, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष व नव मतदाता सम्मेलन के लिए क्षेत्र की सभी 71 विधानसभाओं के संयोजक उपस्थित रहे। तृतीय सत्र की बैठक बूथ सशक्तिकरण और पन्ना प्रमुख योजना को लेकर संपन्न हुई। मुख्य वक्ता और मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि सभी लोगों को अभियानों में तत्परता से जुटना है। प्रत्येक मठ मंदिर में स्वच्छता अभियान प्रारंभ हो गया है। यह कार्य 21 जनवरी तक चलेगा। सभी बूथों पर 28 जनवरी को मन की बात कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी बूथों पर बूथ कमेटी और पन्ना प्रमुखों की बैठक होगी। बताया कि नव मतदाता सम्मेलन में पहली बार मतदाता बने 18 से 23 वर्ष के युवाओं को सम्मिलित कराना है। मिस्ड कॉल के जरिए नव मतदाता सम्मेलन के लिए रजिस्ट्रेशन चल रहा है। नव मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के लिए 7820078200 मोबाइल नंबर जारी किया गया है।

बूथ सशक्तिकरण के संकल्प की तरह बूथ विजय के संकल्प कार्यकर्ता साकार करेंगे। सभी जनप्रतिनिधि मठ मंदिर पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम, राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम, नव मतदाता सम्मेलन, मन की बात कार्यक्रमों को सफल बनाएं।

### क्षेत्रीय बैठक में यह लोग रहे मौजूद

प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी सतपाल सिंह सैनी, मंत्री डा.चंद्रमोहन, बसंत त्यागी, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, डा.विकास अग्रवाल व हरीश ठाकुर, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी गजेंद्र शर्मा, युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुखविंदर सोम, मुरादाबाद जिला प्रभारी राजेश यादव, मुरादाबाद नगर विधानसभा से विधायक रितेश गुप्ता, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. शेफाली सिंह, भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की महानगर संयोजक अल्पना रितेश गुप्ता, जिला महामंत्री राजन विश्नोई, चंद्रपाल सैनी, कमल प्रजापति, हरज्ञान सिंह, महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ठंड और कोहरे का कहर, चार डिग्री पहुंचा तापमान

## घने कोहरे की वजह से दृश्यता 15 मीटर से कम, शीतलहर से अभी राहत के आसार नहीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** सोमवार को मकर संक्रांति के दिन घना कोहरा छाया है। दृश्यता 15 मीटर से कम होने से सड़क पर वाहन काफी धीमी गति से चल रहे हैं। शीतलहर के चलते न्यूनतम तापमान चार डिग्री और जबकि अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहा। कड़ाके की ठंड से जनजीवन बेहाल रहा। शाम ढलते ही गलन से लोग और परेशान हो गए।

सोमवार को सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा। सुबह कोहरे के चलते दृश्यता बेहद कम 15 मीटर रही। वाहनों की हेडलाइट जलाकर लोग चले। पूरे दिन सर्द हवा के चलते ठिठुरन अधिक रही। कोहरे के चलते वाहनों की गति धीमी रही। सभी बोर्ड के स्कूल कालेज में जिलाधिकारी के आदेश पर कक्षा आठ तक शिक्षण कार्य 20 जनवरी तक स्थगित रहने से छात्रों को राहत मिली।

वहीं ठंड से बचने के लिए लोग घरों में हीटर, ब्लोअर का प्रयोग अधिक कर रहे हैं। इससे खपत अधिक बढ़ने पर बिजली विभाग के इंतजाम ध्वस्त हो गए। कई बार


सोमवार की सुबह कोहरे के बीच कांठ रोड से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

**▸▸ बिजली की खपत से बढ़े फाल्ट ठिठुरन के बीच आपूर्ति गुल होने से लोगों को हो रही परेशानी**

फाल्ट से बिजली गुल होने से हीटर, ब्लोअर बंद होने पर ठंड और भारी पड़ी। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने स्वयं रैन बसेरों का निरीक्षण कर व्यवस्था की निगरानी की।

उन्होंने नगर निगम और प्रशासनिक अधिकारियों को भी रैन बसेरों में सभी प्रबंध रखने की निगरानी करने का निर्देश दिया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से अलाव जलवाने व और कंबल वितरण की मानीटरिंग की जा रही है। वहीं गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर एंड हेड मौसम वैज्ञानिक डा. आरके सिंह का कहना है कि ठंड और कोहरे से अभी राहत के आसार नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते तापमान असंतुलन बना है। अभी कुछ दिन घना और मध्यम कोहरा छाया रहेगा। दृश्यता कम रहने से वाहन चालकों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

### ब्लॉक से बदले रूट से चलेंगीं कई प्रमुख ट्रेनें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लखनऊ-बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज- जाफराबाद खंड पर ब्लॉक के कारण ट्रेनों को बदले रूट से चलाने का निर्णय लिया है। क्योंकि बाराबंकी- अयोध्या कैंट-शाहगंज-जाफराबाद खंड के बीच नॉन इंटरलाकिंग कार्य होना है। प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह के अनुसार ट्रेन संख्या 13009 को 22 और 30 जनवरी को वाराणसी- प्रतापगढ़- लखनऊ रूट पर चलाने का निर्णय लिया है। जबकि, यही गाड़ी वापसी में उन्हीं तिथियों को लखनऊ-प्रतापगढ़-वाराणसी रूट से चलेगी। सियालदह एक्सप्रेस (13151) 22 और 30 जनवरी को वाराणसी-प्रतापगढ़-लखनऊ होकर चलेगी। किसान एक्सप्रेस 22 व 23 जनवरी को वाराणसी-प्रतापगढ़-लखनऊ के रास्ते चलेगी। वापसी में यही गाड़ी 22 और 23 जनवरी को लखनऊ-प्रतापगढ़-वाराणसी होकर चलेगी। कामाख्या एक्सप्रेस 23 जनवरी को लखनऊ-प्रतापगढ़-वाराणसी होकर चलेगी। जलियांवाला बाग एक्सप्रेस 22 जनवरी को वाराणसी-प्रतापगढ़-लखनऊ रूट से चलेगी। गरीब नवाज 22 जनवरी को लखनऊ-सुल्तानपुर-जौनपुर-शाहगंज होकर चलेगी।



बुध बाजार में ठंड से बचते हुए कुछ इस तरह से जातीं युवतियां। ● अमृत विचार

# रेलवे स्टेशन पर लोकल ट्रेनों के इंतजार में ठिठुरते रहे यात्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** कोहरे ने रेल प्रबंधन को भी मुसीबत में डाल रखा है। सोमवार को अलीगढ़ से गजरौला जाने वाली स्पेशल पैसेंजर ट्रेन 1 घंटे 42 मिनट लेट से आई। जबकि, मुरादाबाद से दिल्ली जाने वाली सवारी गाड़ी सवा घंटे विलंब से रवाना हो सकी। मुरादाबाद से सहारनपुर जाने वाली मेमू के लिए यात्रियों को 2 घंटा इंतजार करना पड़ा।

उधर, चंपारण सत्याग्रह 6 घंटे 37 मिनट की देर से आई। पुरबिया एक्सप्रेस तड़के रवाना हुई है। यह गाड़ी 9 घंटे 24 मिनट की देरी से आई। डिब्रूगढ़ से दिल्ली आने वाली राजधानी एक्सप्रेस 6 घंटा विलंब से पहुंची। गरीब रथ 4 घंटे 41 मिनट, देहरादून सूबेदारगंज एक्सप्रेस 8 घंटे 3 मिनट, हिमगिरी एक्सप्रेस 3 घंटे 42 मिनट, गरीब रथ 2 घंटे 20 मिनट देर से रवाना हो सकी। लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस के यात्रियों को 5 घंटा 56 मिनट इंतजार करना पड़ा।

अवध-असम 1 घंटे और पोरबंदर एक्सप्रेस 2 घंटे 27 मिनट विलंब से चल रही है। सियालदह 1 घंटे 42 मिनट और काठगोदाम से दिल्ली जाने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस 5 घंटे 43 मिनट देर से पहुंची। दिल्ली से अयोध्या जाने वाली पद्मावत एक्सप्रेस 9 घंटे 36 मिनट विलंब से रवाना हुई।

### बदले रूट से चलेगी दिल्ली-अयोध्या एक्सप्रेस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लखनऊ मण्डल ( उत्तर रेलवे) के लखनऊ-बाराबंकी अयोध्या कैंट- शाहगंज-जाफराबाद रेलखंड में मरम्मत कार्य के कारण मुरादाबाद मंडल में संचालित होने वाली कई गाड़ियां प्रभावित रहेंगी। यह जानकारी प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने दी है। बताया है कि गाड़ी संख्या 14205 ( अयोध्या कैंट- दिल्ली एक्सप्रेस) 20, 21 और 22 जनवरी को प्रारंभिक रेलवे स्टेशन अयोध्या कैंट के स्थान पर सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन से चलेगी। जबकि 20, 21और 22 जनवरी को सुल्तानपुर-लखनऊ मार्ग द्वारा गाड़ी का संचालन किया जायेगा। गाड़ी संख्या 14206 (दिल्ली- अयोध्या कैंट एक्सप्रेस) 19, 20 तथा 21 जनवरी को परिवर्तित मार्ग लखनऊ- सुल्तानपुर मार्ग से संचालन करते हुए सुल्तानपुर स्टेशन तक ही संचालित किया जायेगा। गाड़ी संख्या 14206 अयोध्या कैंट तक नहीं जाएगी। गाड़ी का अंतिम स्टेशन सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन होगा।

# टीम ने बुध बाजार में ध्वस्त कराया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** नगर निगम व स्मार्ट सिटी मिशन की टीम ने सोमवार को फिर बुध बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने को अभियान चलाया। टीम प्रेम चुनरिया प्रतिष्ठान का अतिक्रमण के दायरे में आ रहे निर्माण को दो दिन की दी गई मोहलत बीतने के बाद हटाने पहुंची। टीम ने सामान हटवाकर अतिक्रमण को तोड़ना शुरू किया। इसे देखकर आसपास के दूसरे व्यापारी भी अतिक्रमण हटाने में जुट गए। जिसने नहीं हटाया उसका अतिक्रमण टीम ने जेसीबी से ध्वस्त कराया। कहा अभियान जारी रहेगा।

अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में नगर निगम व स्मार्ट सिटी मिशन की टीम ने जेसीबी से बुध बाजार, इम्पीरियल तिराहे तक अतिक्रमण


बुध बाजार में अतिक्रमण को ध्वस्त करता मजदूर। ● अमृत विचार

**▸▸ स्मार्ट सिटी परियोजना के रेट्रोफिटिंग कार्य में बाधक बन रहे अतिक्रमण को जेसीबी से तोड़ा**

हटवाने का अभियान प्रवर्तन दल के साथ चलाया। स्मार्ट सिटी मिशन की परियोजना पुराने बाजारों के जीर्णोद्धार (रेट्रोफिटिंग आफ ओल्ड मार्केट एरिया) कार्य में बाधक बने अतिक्रमण को टीम ने जेसीबी से हटाना शुरू किया। वहीं दो दिन की मोहलत लेने वाले प्रेम चुनरिया के बैंक्वेट हाल, होटल आदि के अतिक्रमण दायरे में आए निर्माण को तोड़ा गया। जेसीबी से निर्माण गिराता देख दूसरे लोग भी अपने चिह्नित अतिक्रमण को तोड़ने में जुट गए।

अपर नगर आयुक्त ने बताया कि प्रेम चुनरिया होटल के ऊपरी हिस्से को अतिक्रमण के दायरे में रहने के चलते तोड़ा गया है। इन्हें दो दिन का समय भी दिया गया था जो समाप्त होने पर सोमवार को टीम ने पहुंचकर अतिक्रमण तोड़ा है। मंगलवार को भी टीम अतिक्रमण हटाएगी।

उन्होंने कहा कि सरकार के आदेश पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण तोड़ा जा रहा है। जो भी इस अभियान में सहयोग नहीं करेगा उस पर कार्रवाई होगी। महानगर के सौंदर्यीकरण कार्य से नागरिकों को ही सहूलियत होगी। सरकारी कार्य में रुकावट डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कार्रवाई के दौरान स्मार्ट सिटी मिशन के मुख्य अभियंता अनिल कुमार मित्तल, नगर निगम के प्रवर्तन दल की टीम व स्थानीय थाने की पुलिस बल मौजूद रही।

### तेज रफ्तार बाइक ने बच्चे को मारी टक्कर, घायल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रकाश नगर लाइनपार में रामलीला ग्राउंड के पास खेल रहे बच्चे को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इसमें उसका बायां पैर फ्रैक्चर हो गया है, सिर में भी चोट आई है। इस मामले में पुष्पक ढिल्लो ने मझोला थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

घटना सोमवार दोपहर की है। पुष्पक ढिल्लो लोक निर्माण विभाग में कांट्रेक्टर हैं। उन्होंने बताया कि उनके साले का बेटा रुद्र रविवार को घर के बाहर गली में उनके बेटे के साथ खेल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार में बाइक सवार बच्चे को टक्कर मारी। इसमें वह गिर गया और बाइक का पहिया उसके बाएं पैर से होकर गुजर गया। सीसीटीवी फुटेज में बाइक को पहचान लिया गया है। इस बाइक का नंबर यूपी-21-सीसी-7038 है। इसी नंबर के आधार पर पुष्पक ढिल्लो ने मझोला थाने में अज्ञात बाइक सवार के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।

# 1.5 लाख की नकदी समेत लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** परिवार के साथ नैनीताल घूमने गए विद्युत विभाग के कंप्यूटर आपरेटर के घर का चोरों ने ताला तोड़ दिया। अलमारी में रखे सोने-चांदी के गहने और 1.5 लाख की नकदी समेत लाखों रुपये का सामान समेट ले गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला कटघर थाना क्षेत्र के शिव गंगा नगर मुहल्ले का है। यहां के शिवा शर्मा पुत्र प्रहलाद शर्मा बिजली विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर हैं। शनिवार सुबह 9.30 बजे वह घर में ताला लगाकर पत्नी प्रतीक्षा और बेटे के साथ नैनीताल घूमने गए थे। रविवार शाम उसको पड़ोसी ने फोन पर घर का ताला टूटे होने की सूचना दी थी। खबर मिलते ही शिवा रविवार को ही नैनीताल से लौट आए। शिवा शर्मा की तहरीर पर कटघर थाना

**▸▸ परिवार के साथ नैनीताल घूमने गया था विद्युत विभाग में तैनात कंप्यूटर आपरेटर**

पुलिस ने सोने-चांदी के जेवरात और 46,000 रुपये की नकदी व अन्य कागजात, आधार कार्ड चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज की है। जबकि शिवा का कहना है कि घर के कमरे में रखी अलमारी के ताले तोड़कर लॉकर में रखे 1.50 लाख रुपये और जेवरात समेत करीब 15 लाख रुपये की चोरी हुई है। शिवा का कहना है कि रविवार देर शाम कटघर थाना पुलिस को घर में चोरी होने की खबर की थी। मौके पर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह और पीतलबस्ती चौकी इंचार्ज हरेंद्र सिंह भी आए थे और प्रारंभिक जांच के बाद फोरेंसिक एवं डॉग स्क्वायड टीमों को भी बुलाया था। फोरेंसिक टीम ने लोहे की अलमारी व अन्य संदिग्ध स्थानों पर फिंगरप्रिंट के साक्ष्य एकत्र किए हैं। पीड़ित ने बताया कि उनके पड़ोसियों के घरों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इनके फुटेज जांचने का सुझाव देने के लिए वह सोमवार को थाने गए तो थानाध्यक्ष ने उनसे कह दिया है कि पीतलबस्ती चौकी इंचार्ज देखेंगे। चौकी इंचार्ज हरेंद्र सिंह ने बताया कि शिवा शर्मा अपने घर से करीब 36 घंटे बाहर रहे हैं। अब इतनी अधिक अवधि के फुटेज देखना मुश्किल हो रहा है। फिर भी फुटेज देखने कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि उसने तो केवल 46,000 रुपये चोरी होना बताया था, उसी आधार पर प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज की गई है।

### उपभोक्ताओं के बिजली बिल के थे 90,000 रुपये

घर से चोरी हुए 1.50 लाख रुपयों के बारे में शिवा शर्मा ने बताया कि 90,000 रुपये बिजली बिल के थे, जो अन्य उपभोक्ताओं के थे। वह रुपये उन्हें सोमवार को विभागीय बैंक खाते में जमा करने थे। शेष रुपये उनकी पत्नी व उनके रखे थे।

# दूसरे दिन भी नहीं लगा प्रॉपर्टी डीलर का सुराग, कोहराम

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** दोस्तों के साथ उत्तराखंड के कलियर शरीफ घूमने गये प्रॉपर्टी डीलर के लापता होने के बाद पूरा दिन गोताखोरों एवं उनकी टीम ने स्टीमर से नहर में तलाश की। कोई सुराग न मिलने पर परिवार में कोहराम मचा है। परिजनों ने भी कलियर थाना पहुंचकर शिकायत की है।

पाकबड़ा थाना क्षेत्र के मोहल्ला सरस्वती शिशु मंदिर के पास निवासी अल्ताफ (60) प्रॉपर्टी डीलर है। प्रॉपर्टी डीलर अल्ताफ के बेटे रब्बानी ने बताया था कि शनिवार दोपहर करीब एक बजे उसके पिता गांव उमरी सब्जीपुर निवासी दोस्त हसनैन और असमोली जिले के गांव मुबारकपुर निवासी दो दोस्तों के साथ कलियर शरीफ जाने की बात कहकर घर से निकले थे। रात में पिता ने कॉल करके कहा था कि वे लोग यहां से निकल रहे हैं। जब देर रात तक प्रॉपर्टी डीलर घर नहीं पहुंचा तो बेटे ने दोबारा कॉल की। कई बार कॉल करने पर भी फोन बंद आ रहा था। जिसके बाद परेशान परिजन कलियर पहुंचे और वहां पुलिस को सूचना दी है। परिजनों ने बताया कि कलियर पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर अल्ताफ के दोस्तों से पूछताछ के साथ ही सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली है। हालांकि, उनके दोस्तों ने पुलिस को बताया कि जब वह चारों लोग नहर के पास से गुजर रहे थे, तभी अल्ताफ का पैर फिसल गया और वह नहर में डूब गए।

### ऑटो का किराया मांगने पर महिला से की अभद्रता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइन क्षेत्र निवासी पीड़िता ने बताया कि उसने कुछ समय पहले ऑटो खरीदा था। उसने ऑटो मऊ गांव के शिव कुमार को प्रतिदिन 500 रुपये किराए पर चलाने को दिया था। आरोपी शिव कुमार उसे पिछले कई महीने से किराया भी नहीं दे रहा है।

महिला ने बताया कि भाड़ा न मिलने पर उसने चालक से अपना ऑटो वापस मांगा तो आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज की। अश्लीलता भी की। महिला ने पुलिस को यह भी बताया कि उसके किराए के कुल करीब 9,000 रुपये हुए थे। चालक शिव कुमार ने जानबूझकर ऑटो का पूरे 9,000 रुपये का चालान करा दिया। अब वह चालान जमा करने को और रुपये उससे मांग रहा है। थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

**बैठक** | मंडलायुक्त ने अटल आवासीय विद्यालय के लिए गठित अनुश्रवण समिति की बैठक में दिए निर्देश

# शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय में अटल आवासीय विद्यालय के लिए गठित मंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। मंडलायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें।

मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी मुरादाबाद मानवेंद्र सिंह को अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य की नियमित मानीटरिंग करने के लिए नोडल अधिकारियों को नामित करने का निर्देश दिया। कहा कि सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6 व 9 में बच्चों के प्रवेश के लिए अभी से


कार्यालय में अटल आवासीय विद्यालय के लिए गठित मंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक करते मंडलायुक्त। ● अमृत विचार

व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाएं। इन विद्यालयों में शिक्षा के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में अटल आवासीय विद्यालय पीपली में प्रवेश परीक्षा के बारे में भी विमर्श किया गया। बैठक में जिलाधिकारी के अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार, प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### महिला ने बहू पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महिला ने बहू और उसके मायके वालों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

थाना कटघर के गोविंदनगर निवासी सीमा गुप्ता (50) पत्नी श्रीचंद्र गुप्ता ने पुलिस को बताया है कि वह अक्सर बीमार रहते हैं। इनका आरोप है कि बहू आरती पूरे मकान पर कब्जा करना चाहती है। इसलिए आए दिन झगड़ा करती है। रविवार को बहू ने अपने माता-पिता, भाई और मामा को भी बुला लिया था। सभी ने उनके साथ मारपीट की। जिससे सीमा गुप्ता का सिर फट गया। आरोप है कि बहू घर से गहने और 5,000 रुपये लेकर मायके चली गई है। जिसके बाद पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी बहू आरती, उसके दो भाई राजेश व विशाल, पिता प्रताप, मां और दो मामा के खिलाफ एनसीआर दर्ज की है।

## एक नजर

### अवैध शराब का सेवन नहीं करने की अपील

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिला आबकारी अधिकारी ने अवैध शराब का सेवन न करने की अपील की है। सोमवार को जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्रा ने कहा कि अवैध शराब का सेवन न करें। अवैध शराब जहरीली होती है। इसके सेवन से आंखों की रोशनी जा सकती है और मौत भी हो सकती है। आबकारी अधिकारी ने कहा कि अवैध शराब जिले में कहीं बिक रही है तो इसकी सूचना विभाग को दे। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगा। आबकारी विभाग के कर्मचारियों के नंबर भी अनुराग मिश्रा ने जारी कर दिए हैं। जिले में अवैध शराब बनाने व बेचने वालों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

### लकड़ी माफिया ने आम के 20 पेड़ काटे

**हसनपुर, अमृत विचार :** लकड़ी माफिया ने आम के 20 पेड़ों को काट दिया गया। हल्का लेखपाल द्वारा सूचना पर मौका वन विभाग को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया। नगर में लकड़ी माफिया हरियाली को नष्ट कर रहे हैं। वन एवं पुलिस विभाग द्वारा इनके खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही। रविवार की देर रात नगर के गांव रामपुर भूड़ मार्ग स्थित झम्मलाल डिग्री कॉलेज के निकट घने कोहरे में लकड़ी माफिया ने आम के हरे 20 पेड़ काट डाले। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल हरीश कुमार ने जांच की। हल्का लेखपाल ने लकड़ी माफिया के खिलाफ कार्यवाही के लिए वन विभाग को पत्र भी लिखा है।

### महिला को पीटने में देवर देवरानी के खिलाफ रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचार :** मामूली विवाद में महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। क्षेत्र के गांव तिगरिया भूड़ निवासी हरवती का अपने देवर शंकर से किसी बात को लेकर विवाद है। सोमवार सुबह भी दोनों में विवाद हुआ। आरोप है कि इसी बीच हरवती को देवर शंकर व उसकी पत्नी पूनम ने मारपीट कर घायल कर दिया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया मामले में पीड़ित की तहरीर पर आरोपी शंकर व उसकी पत्नी पूनम पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### बाइक को बचाने के चक्कर में पलटी कार

**आदमपुर, अमृत विचार :** सोमवार को थाना सैदनगली के गांव मिर्जापुर डूंगर निवासी सनी और अनमोल ढबारसी से घर जा रहे थे। गारवपुर बस स्टैंड के पास सामने से आ रही बाइक को बचाने के चक्कर में कार बेकाबू होकर खंभे से टकरा कर उछलती हुई 50 फिट दूर गेहूं के खेत में जा गिरी।

# दुकान में सवा लाख रुपये की चोरी

## व्यापारियों में भारी रोष, सीओ व कोतवाल ने किया मौका मुआयना

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** रविवार की रात जामा मस्जिद के निकट स्थित थोक व्यापारी की दुकान की खिड़की को तोड़कर चोरों ने करी सवा लाख रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। चोरी की सूचना मिलते ही सीओ व कोतवाल ने मौका मुआयना किया। सूचना पर विधायक एवं व्यापारी मौके पर पहुंचे और पुलिस से जल्द खुलासा करने की मांग की।


पुलिस को चोरी की जानकारी देता दुकान स्वामी। ● अमृत विचार

नगर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इससे व्यापारियों में पुलिस के खिलाफ भारी रोष है। व्यापारी पराग अग्रवाल की श्री गिरिराज ट्रेडर्स के नाम से जामा मस्जिद के निकट दुकान है। रविवार की रात दुकान की खिड़की का सरिया तोड़कर चोर अंदर घुस आए। इसके बाद चोरों ने दुकान में रखी अलमारी, दराज व गल्ले के ताले तोड़ दिए और उनके रखे करीब सवा लाख रुपये समेट लिए। चोरों ने गोदाम के ताले भी तोड़ दिए। सोमवार की सुबह जब कर्मचारी दुकान खोलने पहुंचा तो वहां की हालत देख उसके होश उड़ गए। उसने दुकान में चोरी की सूचना तत्काल पराग अग्रवाल को दी। व्यापारी के यहां चोरी की सूचना पर व्यापारी संगठनों के लोग मौके पर पहुंचने लगे। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत एवं प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वायड को बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस को तहरीर देकर जल्द खुलासे की मांग की है। वहीं प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। चोरी का जल्द खुलासा किया जाएगा।

### विधायक ने जताई नाराजगी, एसपी से खुलासे की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार :** व्यापारी के यहां हुई लाखों की चोरी की सूचना पर पहुंचे विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने नाराजगी जताते हुए एसपी से फोन पर वार्ता की। उन्होंने नगर में हुई चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने को कहा है। सोमवार को जामा मस्जिद के निकट स्थित पराग अग्रवाल की श्री गिरिराज ट्रेडर्स में हुई चोरी की सूचना पर पहुंचे विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने सीओ व कोतवाल से नाराजगी जाहिर करते हुए पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। विधायक ने कहा कि पांच दिन में तीन दुकानों में हुई चोरी पुलिस की निष्क्रियता का सबूत है। विधायक ने पुलिस अधीक्षक को फोन करके शिकायत दर्ज कराते हुए जल्द से जल्द चोरी की घटनाओं का खुलासा करने की बात कही।

### पुलिस पर लगाया दो लोगों को रुपये लेकर छोड़ने का आरोप

**हसनपुर, अमृत विचार :** भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा ने कोतवाली पुलिस पर पैसे लेकर आरोपियों को छोड़ने का आरोप लगाया है। इसे लेकर प्रभारी निरीक्षक एवं मंडल अध्यक्ष के बीच नोंकझोक भी हुई।

सोमवार को व्यापारी पराग अग्रवाल की दुकान में हुई चोरी के सूचना पर उनके यहां पहुंचे भाजपा के मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा ने सीओ दीप कुमार पंत एवं प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार के सामने पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए चोरी के आरोपियों को रुपए लेकर छोड़ने का आरोप लगाया। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि कुछ समय पूर्व ग्राम दीपपुर में बैटरों की चोरी हुई थी। इसमें पुलिस ने मुहल्ला कायस्थान निवासी दो युवकों को उठाया था। आरोपियों का कहना है कि पुलिस ने उनसे 50,000 रुपए लेकर छोड़ दिया। इस बात को लेकर प्रभारी निरीक्षक एवं मंडल अध्यक्ष के बीच नोंकझोक भी हुई। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि पुलिस की कार्यशैली की शिकायत प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों से की जाएगी।


न्यायिक मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते युवा। ● अमृत विचार

# स्टेट हाईवे पर सफेद पट्टी लगवाने को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** सोमवार को शहर के युवा नेता विशाल कौशिक ने युवाओं संग चांदपुर-गजरौला स्टेट हाईवे पर रेडियम लाइट व सफेद पट्टी लगाने की मांग को लेकर न्यायिक मजिस्ट्रेट चंद्रकांता को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि लगभग दो-तीन माह पहले गजरौला-चांदपुर स्टेट हाईवे पर सड़क निर्माण कार्य कराया गया था। अभी तक स्टेट हाईवे पर रेडियम लाइट व सफेद पट्टी नहीं लगाई गई है। भीषण कोहरे में लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो रही हैं। उन्होंने जल्द से जल्द गजरौला-चांदपुर स्टेट हाईवे पर रेडियम लाइट व सफेद पट्टी लगाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में युवा नेता, निशांत, विपिन, हर्ष अग्रवाल, शिवम, यश कुमार, सौरभ शर्मा, जयंत चौहान, हर्ष पांडेय, श्रवण कुमार, राजू आदि शामिल रहे।

# ट्रेन से कटकर मानसिक रूप से कमजोर युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**हादसा**

- परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से किया इनकार
- युवक की मौत को आत्महत्या मान रही है पुलिस

**अमृत विचार :** घर से निकले मानसिक रूप से कमजोर युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की, लेकिन परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया और शव ले गए। पुलिस युवक की मौत को आत्महत्या मान रही है।

गांव मंजूरपुरा में किसान महेंद्र सिंह का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी प्रवेश देवी के अलावा दो बेटे सुदेश और प्रमोद हैं। छोटा बेटा 25 वर्षीय प्रमोद मानसिक रूप से कमजोर था। सोमवार सुबह घने कोहरे के बीच प्रमोद घर से निकल गया। थोड़ी देर बाद उसका शव गांव काफूरपुर में रेलवे लाइन पर पड़ा मिला। किसी ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस युवक इसे आत्महत्या मान रही है। वहीं कानूनी कार्रवाई से इनकार करते हुए परिजन शव घर ले गए और अंतिम संस्कार कर दिया। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मृतक मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा है। परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इनकार करते हुए शव का पोस्टमार्टम भी नहीं कराया।

### अयोध्या के लिए आज से चलेंगी रोडवेज बस

**अमरोहा, अमृत विचार :** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीराम मंदिर के उद्घाटन पर श्रद्धालुओं को ले जाने के लिए परिवहन निगम ने बस का संचालन का निर्णय लिया है। इसका शुभारंभ मंगलवार को शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो द्वारा किया जाएगा।

स्टेशन प्रभारी पदम सिंह ने बताया कि श्री राम मंदिर के उद्घाटन के लिए श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। जनपद से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंगलवार को रोडवेज बस अड्डे से 12 बस चलाई जाएंगी। बस संचालन की शुरूआत शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो करेंगे। उन्होंने बताया कि जिले से अयोध्या जाने के लिए शासन के निर्देश पर परिवहन निगम ने नई बसें लगाई हैं। यह बस मुरादाबाद, रामपुर, बरेली होते हुए अयोध्या जाएंगी। उन्होंने बताया कि यात्रियों की संख्या के अनुसार बसों का संचालन किया जाएगा।

# खत्म करना होगा बीजेपी का अन्याय : कटारिया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने निकाला मशाल जुलूस
- जनता को उनका हक दिलाने तक जारी रहेगी यात्रा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी ने अन्याय और अहंकार के खिलाफ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन करके व उनका माल्यार्पण कर न्याय मशाल जुलूस निकाला। यह जुलूस आजद रोड, हिन्दू कॉलेज चौराहा, बांस मंडी चौराहा, मुरादाबादी गेट होते हुए ब्लॉक कार्यालय स्तिथ शहीद स्मारक पर शहीदों को नमन करते हुए दीप प्रज्वलित कर समाप्त हुआ।

जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि राहुल गांधी ने मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत की है। यह यात्रा विभिन्न राज्यों से होती हुई मुंबई में समाप्त होगी। यह यात्रा अन्याय और अंहकार के विरुद्ध न्याय की ललकार है।


शहर में मशाल जुलूस निकालते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

लोगो को उनका हक मिलने तक जारी रहेगी। कहा कि आज महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार देश की प्रमुख समस्या हैं। हमें मिलकर बीजेपी का अन्याय खत्म करना होगा। केंद्र व प्रदेश की सरकार इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है। देश में लोकतंत्र व प्रजातंत्र पूरी तरह समाप्त हो चुका है। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।

किसानों के गन्ने का भुगतान नहीं हो रहा है। आवारा पशुओं की समस्या है। वह किसानों की खड़ी फसल को छुट्टा पशु नष्ट कर रहे हैं। शासन-प्रशासन इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। देश का जो भी नागरिक, पत्रकार व राजनीतिक दल का नेता सरकार से सवाल पूछता है उसी के खिलाफ राजनीतिक द्वेष भावना से झूठे मुकदमे कराने की कार्रवाई की जाती है। इसी जुल्म और न्याय के खिलाफ हम न्याय मशाल यात्रा निकाल रहे हैं।

इस मौके पर प्रदेश सचिव जिला प्रभारी अनीस अंसारी, शहर अध्यक्ष फैज आलम रायनी, अब्दुल सत्तार सैफी, आभा चौधरी, नरेंद्र चौधरी, राजकुमार अरुण, शाहिद खेड़ी, मयंक कुमार, हरिओम पुष्कर, मनोज कटारिया, अफसर अली सैफी, अकरम अली, इंतजार मेहंदी नकवी, राजपाल सैनी, अली हसन, सचिन चौहान, तालिब इदरीशी, अलीमाम रिजवी व इकबाल अंसारी आदि मौजूद रहे।


लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

# भाजपा सरकार ने पात्रों को दिए राशन और मकान : विधायक

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि सरकार ने जरूरतमंदों को राशन एवं मकान देने का काम किया है। जो किसी भी सरकार में नहीं हुआ।

सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा तहसील क्षेत्र के ग्राम सुतारी पहुंची। यहां आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी शामिल हुए। ग्रामीण एवं अधिकारियों ने विधायक का पुष्प भेंट कर स्वागत किया। विधायक ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। विधायक ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, हेमराज सैनी, धर्म सिंह, हेमराज सिंह, महेंद्र सिंह, संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### विभाग ने काटे 22 बड़े बकाएदारों के कनेक्शन

**अमरोहा, अमृत विचार:** बिजली विभाग ने एक लाख से ऊपर के बड़े बकायादारों के खिलाफ अभियान चला कर 22 घरों के कनेक्शन काट दिए हैं। इस कार्रवाई से उपभोक्ताओं में खलबली मच गई।

सोमवार को तृतीय विद्युत खंड के अधिशासी अभियंता जीडी प्रजापति ने बताया कि विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान बिल जमा न करने वाले बड़े बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसमें 22 घरों के कनेक्शन काटे गए। उन्होंने बताया कि इन सभी को विभाग द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही छूट की योजना के संबंध में जानकारी दी गई थी। इसके बाद भी इन्होंने बकाया बिल जमा नहीं किया। इसके कारण विभाग ने उनके कनेक्शन काटने के कार्रवाई की। अधिशासी अभियंता ने बताया कि ओटीएस योजना का 16 जनवरी अंतिम दिन है।


लिहाफ वितरित करते पालिकाध्यक्ष व अन्य लोग। ● अमृत विचार

# पालिकाध्यक्ष ने गरीबों को बांटे लिहाफ

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** मकर संक्रांति पर्व पर पालिका प्रशासन ने पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी के नेतृत्व में पात्र लोगों को एक हजार लिहाफ वितरित किए।

शीत लहर के चलते पालिका प्रशासन ने नगर में गरीब एवं बेसहारा लोगों की सभासदों के माध्यम से सूची बनवाई थी। सोमवार को मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर पालिका प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पालिकाध्यक्ष एवं सभासदों ने जरूरतमंदों को एक हजार लिहाफ बांटे। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि पालिका प्रशासन की तरफ से इन लिहाफों का वितरण किया गया है। पालिका स्टाफ को निर्देश दिए गए हैं कि नगर में जो भी जरूरतमंद लोग हों उनकी सूची बना लें। एक-दो दिन में और लिहाफों का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर जेई संगीता कश्यप, शाहनवाज अंसारी, राहुल सैनी, नितिन सैनी, यशपाल चौहान, शुभम अग्रवाल, राजपाल सैनी, पप्पू, हम्ज़ा अली, जाहिद बंजारा, जावेद जरताब, अजय पाल, विक्रम महंत सहित पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की नगर में भी धूम, लोगों में उत्साह

संवाददाता, हसनपुर

**आयोजन**

- मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ होगा प्रसाद का वितरण
- 21 जनवरी को निकाली जाएगी श्रीराम शोभायात्रा

**अमृत विचार :** 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर के शुभारंभ और श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर नगर वासी काफी उत्सुक हैं। प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को बड़े धूमधाम के साथ मना रहे हैं। इस आयोजन को लेकर पूरे नगर में उत्सव का माहौल बन चुका है। नगर की धर्म प्रेमी जनता द्वारा सभी मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान कर भजन कीर्तन किया जाएगा।

नगर की धर्म प्रेमी जनता एवं राम भक्तों द्वारा 21 जनवरी को श्री राम शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह शोभा यात्रा नगर के सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई रहरा बस स्टैंड पर संपन्न होगी। शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए भगवान श्री राम से संबंधित झांकियां, इस्कॉन मंडली, साधु संत सहित धर्म प्रेमी जनता भी शामिल होगी। 22 जनवरी को श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर की प्रबंध समिति द्वारा मंदिर प्रांगण में हवन एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा। शाम को इस्कॉन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन किया जाएगा। श्री शिव महामंडल रामलीला समिति के तत्वाधान में रामलीला मैदान पर हवन एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा और शाम को अयोध्यापुरी में दीपो उत्सव एवं एकदिवसीय रामलीला का आयोजन कराया जाएगा।

नगर के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर के पुजारी पंडित सोमनाथ शर्मा ने बताया कि मंदिर प्रांगण में धार्मिक अनुष्ठान के साथ भजन-कीर्तन भी किया जाएगा। नगर के गौचरा माता मंदिर के संचालक उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग के निर्देशक हाजी नाहिद खान ने बताया कि प्रातः हवन एवं भजन कीर्तन किया जाएगा। इसी के साथ नगर के हनुमान मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन कर शाम को भजन कीर्तन किया जाएगा।

# भाजपा में अल्पसंख्यकों पर हो रहा अत्याचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** रविवार को मंडी समिति रोड के लोहिया नगर स्थित सपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव की अध्यक्षता में फ्रन्टल संगठनों के जिलाध्यक्षों की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासन से भारतीय समाज का प्रत्येक गरीब एवं पिछड़ा परेशान है। अल्पसंख्यकों, पिछड़ों व गरीबों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। जमीनी स्तर पर कहीं भी विकास दिखाई नहीं दे रहा है। रोजगार, शिक्षा व रोजी-रोटी के लिए इनके पास कोई योजना नहीं है। भृष्टाचार चरम पर है। बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है। किसान छुट्टे पशुओं से परेशान हैं। उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य भी नहीं मिल रहा है।



जिला कार्यालय पर बैठक में शामिल सपाई। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में लोकसभा चुनाव के लिए संबंधित विधानसभा के कमजोर बूथों को मजबूत करने के लिए कार्य करना है।

इसके लिए पार्टी की नीतियों तथा अखिलेश यादव द्वारा जनहित में किए गए कार्य को जनता तक पहुंचाना है। इस मौक पर चंद्रपाल सिंह सैनी, सन्तराम सिंह यादव, नूर सबा, रवि यादव, संजय कुमार, करतार सिंह यादव, मोहम्मद अकरम, नवाजिश अली, कुलदीप सिंह, साजिद अली, राजेन्द्र सिंह, अनुज यादव, ऋषिपाल सिंह, रजनीश यादव, विवेक यादव शामिल रहे।

### घने कोहरे के चलते यातायात रहा प्रभावित

**गजरौला, अमृत विचार :** सोमवार को कोहरे की चादर में लिपटी सुबह में ठंड से लोग ठिठुरते दिखाई दिए। गर्म कपड़ों में लिपटे लोगों की कंपकंपी छूटती रही। मौसम के तेवर बेहद तल्ख रहे। घने कोहरे से यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई। दोपहर को कोहरा छटा तो सूर्यदेव ने दर्शन दिए। इससे बुजुर्ग व बच्चों को ठंड से कुछ राहत मिली।

सोमवार को न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रहा। शाम को गलन बढ़ती देख लोग घरों में जा दुबके। सुबह के समय कोहरे से आसपास की चीजों को देख पाना मुश्किल था। हेडलाइट जलाने के बावजूद नेशनल हाईवे से लेकर स्टेट हाईवे पर वाहन रेंग-रेंगकर बढ़ रहे थे। ठंड इतनी बढ़ गई कि घर में भी हाथ-पांव सुन्न हो रहे थे। कड़ाके की सर्दी के कारण सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त रहा। सुबह और शाम को टहलने वालों की संख्या भी काफी कम रही।

**उत्साह** श्री वेंक्टेश्वरा विवि में 2200 से अधिक छात्र-छात्राओं को नमो विकसित भारत ऐप डाउनलोड कराया

# 22 जनवरी को 22 हजार दीपकों से मनाएंगे दिवाली

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** सोमवार को वेंक्टेश्वरा में नमो विकसित भारत ऐम्बेसडर अभियान के तहत मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश संगठन महामन्त्री धर्मपाल सिंह ने संस्थान के 2200 से अधिक छात्र-छात्राओं व युवाओं को नमो विकसित भारत ऐप डाउनलोड कराकर विकसित भारत ऐम्बेसडर बनाया।

श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में सोमवार को आयोजित समारोह में चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने प्रदेश संगठन महामंत्री को पगड़ी, पटका एवं राम मंदिर भेंट किया। प्रदेश संगठन महामंत्री ने राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा का निमन्त्रण दिया। समूह चेयरमैन ने 22 जनवरी को विश्वविद्यालय में 22,000 दीपक जलाकर दीवाली मनाने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय में अटल


मुख्य अतिथि धर्मपाल सिंह को राम मंदिर भेंट करते लोग। ● अमृत विचार

स्मृति मुख्य द्वार पर आयोजित नमो विकसित ऐम्बेसडर अभियान की शुरूआत मुख्य अतिथि, समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजयुमो सुखविन्दर सिंह सोम, जिलाध्यक्ष उदय गिरि आदि ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित करके की। संगठन महामंत्री ने कहा कि युवा राष्ट्र की ताकत है। इस अवसर पर प्रधान सलाहकार डॉ. वीपीएस अरोड़ा, सीईओ अजय श्रीवास्तव, सलाहकार आरएस शर्मा, कुलपति डॉ. राकेश यादव, कुलसचिव डा. पीयूष पांडेय, डीन अकेडमिक अफेयर्स डॉ. राजेश सिंह, मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा शामिल रहे।

## एक नजर

### ट्रक ने ई रिक्शा को मारी टक्कर, चालक का टूटा पैर

**गुन्नौर अमृत विचार** : गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में ट्रक ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई रिक्शा चालक का पैर टूट गया। सीएचसी से गंभीर घायल ई रिक्शा चालक को अलीगढ़ रेफर किया गया। कस्बा के मुहल्ला इटाली निवासी शमशाद (50 वर्ष) रविवार को देर रात सवार छोड़कर ई रिक्शा लेकर बबराला-बदायूं हाईवे पर जा रहा0 था। तभी पीछे से ट्रक ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे शमशाद दूर जाकर गिरा और उसका पैर टूट गया। लोगों ने शमशाद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टर ने हालत गंभीर देखकर शमशाद को अलीगढ़ रेफर कर दिया।

### कुत्ते ने घेरकर बालक को किया जख्मी

**संभल, अमृत विचार** : नखासा थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर कला निवासी ताहिर सोमवार को अपने 6 वर्षीय बेटे फिरोज अख्तर को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और रेबीज का इंजेक्शन का लगाया। बताया कि फिरोज अख्तर रविवार को खेत पर जा रहा था। जैसे ही खेत के पास पहुंचा रास्ते में कुत्ते ने आकर फिरोज अख्तर को घेरकर हमला कर दिया। चीख पुकार को सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और ड़रा-धमकाकर कुत्ते को भगाया, लेकिन तब तक कुत्ते के हमले से फिरोज अख्तर जख्मी हो गया। परिजनों ने आनन फानन में फिरोज अख्तर का निजी डॉक्टर से उपचार कराया।



शोभायात्रा में मुंह से आग निकालने का करतब दिखाते सिख युवक। ● अमृत विचार



तलवारबाजी का हुनर दिखाता सिख। ● अमृत विचार

# कीर्तन शोभायात्रा में युवाओं ने दिखाए करतब

## गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकाली नगर कीर्तन शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार की ओर से सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नगर कीर्तन शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सिख युवाओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाए जिन्हें देखकर लोगों ने दांतों तले अंगुली दबा ली। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत हुआ। जलपान, लंगर और भंडारे में लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

संभल में सोमवार को गुरुद्वारा से नगर कीर्तन शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य



नगर कीर्तन शोभायात्रा में शामिल पंच प्यारे। ● अमृत विचार

आकर्षण पंच प्यारों की अगुवाई में फूलों से सजी पालकी साहिब, दलेर खालसा गतका ग्रुप पंजाब, वीर खालसा गतका ग्रुप नानकपुरी टांडा उत्तराखंड, डीजे ट्रैक्टर पर गुरु वाणी कीर्तन, माता गुजरी, बच्चों की झांकी बिजनौर, नूर ब्रास बैंड, राजू ब्रास बैंड, भांगड़ा पार्टी शेरे पंजाब, सैनिक पाइप बैंड, वीर खालसा सेवादल जत्था, झाड़ू सफाई, फूलों की सेवा आदि रहे। शोभायात्रा में सिख युवाओं ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाए। आग के कई करतब देखकर लोगों ने दांतों तले अंगुली दबा ली। सिख युवा को सड़क पर लिटाने के बाद शरीर पर बर्फ की सिल्ली रखी गई जबकि दूसरे सिख युवा ने आंखों पर काला कपड़ा बांधकर बर्फ की सिल्ली पर तलवार चलाकर उसे तोड़ा। इसी तरह कई नारियल भी तोड़े गए। ऐसे कई कतरबों को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। सिख किशोरों और युवाओं ने तलवार चलाकर भी करतब दिखाते हुए लोगों को आश्चर्यचकित किया। कई जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई गुरुद्वारा पर आकर समाप्त हुई। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। एएसपी श्रीश चंद्र, सीओ अनुज कुमार चौधरी, कोतवाल पवन कुमार आदि पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। सेवादारों में हरदीप सिंह, धर्म सिंह, रंजीत सिंह, अजय शर्मा, कुलवीर सिंह, गुरजीत सिंह, डॉ.वीरेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, मुन्नालाल, संजय नरूला, दर्शन सिंह, अशोक गंभीर, एसपी गंभीर, पनव राधू, महिला सुखमनी सोसाइटी, वीर खालसा सेवा दल के सदस्य रहे।

## सार-संक्षेप



सफाई अभियान में जुटे नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय। ● अमृत विचार

### मंदिरों में विशेष सफाई अभियान की शुरुआत

**बबराला, अमृत विचार** :अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व शासन के निर्देश पर विशेष सफाई अभियान शुरू हुआ। चेयरमैन ने अभियान की शुरुआत की। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी सड़कों से लेकर मंदिरों तक साफ सफाई में हिस्सा लिया। सोमवार को चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने नगर पंचायत सफाई कर्मियों के साथ लाइन पार स्थित श्री हनुमान गढ़ी मंदिर से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। उन्होंने हाथ में झाड़ू लेकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई की। चेयरमैन ने कहा कि 22 जनवरी को श्री राम उत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इससे पहले मंदिरों को ठीक से साफ-सफाई कर सजाया जाएगा। 22 जनवरी को राम ज्योति से जगमग दिवाली मनाई जाएगी। वहीं प्राचीन शिव मंदिर (इंद्र मन बंसल का मंदिर) में युवा वाहिनी के योगेश गुप्ता ने रंग रोगन की शुरुआत की। इस दौरान राजकिशोर बंसल, आकाश मेडिकल, पदम शर्मा और भगत सिंह आदि मौजूद रहे।

### खुरपका, मुंहपका बीमारी से पशुपालक चिंतित

**गुन्नौर, अमृत विचार** :ग्रामीण क्षेत्र में पशुओं में खुरपका-मुंहपका बीमारी फैल रही है। चिंतित पशुपालकों ने पशु चिकित्सा विभाग से पशुओं का टीकाकरण कराने की मांग की है।गांव बिजुआ नगला के पशुपालक ओमकार, देवेंद्र, जुगलकिशोर का कहना है कि पशुओं में खुरपका-मुंहपका बीमारी फैल रही है। पशु चिकित्सा विभाग की अनदेखी के कारण महंगी दवाइयां खरीदने के लिए विवश होना पड़ रहा है। गांव दौलतपुर के अशोक यादव ने कहा कि पशु चिकित्सा विभाग की ओर से पशुओं का टीकाकरण नहीं किया जा रहा है। खेरिया उत्तम के कल्यान का कहना है कि चिकित्सक के अभाव में पशुओं का उपचार निजी चिकित्सक से कराया पड़ रहा है। गांव जड़वार के बाबूराम का कहना है कि गांव में बीमारी तेजी से फैल रही है। वेटनरी यूनिट के प्रभारी डॉ. सत्यनारायण ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से पशुओं में मुंहपका-खुरपका फैलने की शिकायत मिलने पर टीम के साथ पहुंच कर उपचार कर रहे हैं। पशु के बीमार होने पर पशुपालक नि:शुल्क हेल्पलाइन 1962 पर काल कर सकते हैं। पशु चिकित्सक डॉ. नेहा बवाड़ी का कहना रहा कि उनका स्थानांतरण हो गया है। वैसे विभाग की ओर से टीकाकरण हुआ है।



सिरसी में जुलूस में शामिल शिया समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

### सिरसी में निकला इमामे अली नकी का जुलूस

**सिरसी, अमृत विचार** :सिरसी में इमामे अली नकी का जुलूस निकाला गया। जिसमें शिया समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। दिनभर माहौल गमगीन बना रहा।सिरसी में इमाम बारगाह मुहल्ला शर्की में हुई मजलिस में मर्सियाख्वानी अली कबीर अजमल, असद अब्बाज और उनके हमनवाओं ने पढ़ा। मजलिस में मौलाना मुनव्वर रजा ने कहा कि अल्लाह और अहलेबैत के बताए रास्ते पर चलना चाहिए। कुरान मजीद सिर्फ घर में रखने के लिए नहीं है, इसे पढ़ें और अपने बच्चों को भी पढ़ायें। आखिर में जब इमाम अली नकी और इमाम हुसैन के मसाईब बयां किए गए तो उन्हें सुनकर अजादारों की आंखें नम हो गईं। मजलिस के बाद इमाम अली नकी का शबीए ताबूत बरामद हुआ। जिसमें वकार मेहंदी ने सवारी पढ़ी। अंजुमन कारवाने हुसैनी ने नौहा पढ़ा। दूसरी ओर इमाम बारगाह अली रजा में मजलिस हुई। जिसमें मर्सिया नसीमुल हसन और उनके हमनवां ने पढ़ा। मजलिस को मौलाना सफी असगर नजमी ने खिताब किया। जिसके बाद शबीए ताबूत बरामद हुआ। जिसमें अंजुमन हुसैनी और अंजुमन गुंचाये इस्लाम ने नौहाख्वानी और सीनाजनी की। जुलूस इमाम बारगाह में संपन्न हुआ। कस्बे में शिया समुदाय में दिनभर गमगीन माहौल रहा।

### सगे भाइयों के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार** :नखासा थाना पुलिस ने सोमवार को न्यायालय के आदेश पर एक ही गांव निवासी दो महिलाओं से तमंचा दिखाकर दुष्कर्म करने के आरोप में सगे भाइयों सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का आरोप है कि वह सात सितंबर की दोपहर दो बजे घेर में पशुओं को चारा डालने गई थी। गांव निवासी सगे भाई रविशंकर व अंकित कुमार ने घेर में दबोच कर तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया। दूसरी ओर रविशंकर की पत्नी का आरोप है कि सात सितंबर की रात को परिजन श्री कृष्ण जन्माष्टमी का जुलूस देखने संभल गए थे। मौका देखकर निखिल रात को नौ बजे घर में घुस आया और तमंचा दिखाकर दुष्कर्म किया। दोनों ही मामलों में अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** :नगर पालिका के वार्ड 18 मुहल्ला ठेर में बृज रतन सुंदर आर्य कन्या इंटर कॉलेज एवं वार्ड 2 हातिम सराय के सोतीपुरा में स्थित अंबेडकर पार्क में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलदीप ऐरन, विष्णु शरण रस्तोगी, भाजयुमो जिला मंत्री सौरभ गुप्ता, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मंत्री प्रियांशु जैन एडवोकेट, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रामपाल सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इमरान तुर्की रहे। स्टॉल लगाकर लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। पीएम स्वनिधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना, अमृत योजना/अमृत 2.0 योजना, पीएम आवास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया स्टैंड अप इंडिया योजना, आयुष्मान भारत, पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना, उजाला योजना, पीएम सौभाग्य योजना आदि का लाभ उठाने का आह्वान किया। लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन भी सुनाया गया। इस दौरान नगर अध्यक्ष भाजपा शोभित गुप्ता, भाजपा जिला महामंत्री अर्जुन वाल्मीकि, प्रियांशु जैन एडवोकेट, प्रधानाचार्य संजना गुप्ता, सभासद गौहर खां, सभासद चंचल सनी, सभासद अनीस अहमद, सभासद महीपाल सिंह आदि रहे।



संकल्प यात्रा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

▸▸ शहर में हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम

# झोलाछाप की दवा से गर्भपात के बाद हालत बिगड़ी, हंगामा

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** झोलाछाप के इलाज से गर्भपात के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। पति ने झोलाछाप डॉक्टर पर गलत इलाज करने का आरोप लगाया तो धमकी दी गई। जिस पर परिजनों ने हंगामा किया। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

जुनावई थाना क्षेत्र के गांव रिबाड़ा निवासी नाजिम की गर्भवती पत्नी रहनुमा की दस जनवरी को अचानक तबीयत खराब हो गई तो वह बबराला में राजघाट रोड स्थित क्लीनिक पर लेकर पहुंचा। वहां झोलाछाप ने गर्भवती को दवा देकर लौटा दिया। दवा के सेवन से महिला की हालत बिगड़ने पर झोलाछाप ने दूसरी दवा दी। जिससे दो महीने का गर्भ गिर गया। उसकी हालत गंभीर हो गई। नाजिम ने पत्नी को उपचार के लिए अलीगढ़ में भर्ती कराया। सोमवार को नाजिम ने शिकायत की तो आरोप है कि झोलाछाप ने धमकी दी।

# प्रेमिका से मिलने गए युवक की युवती के घरवालों ने कराई शादी

संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार:** प्रेमिका से मिलने गए युवक को प्रेमिका के परिजनों ने पकड़ लिया। युवक के परिजनों को बुलाकर पंचायत बैठाई गई तो प्रेमी प्रेमिका की शादी की बात तय हुई। आनन फानन में पंडित बुलाकर शादी कराई और युवती को उसके प्रेमी के साथ विदा कर दिया।

जुनावई थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव खेरिया उत्तम की युवती के साथ थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव बरौरा निवासी युवक के प्रेम संबंध थे। सोमवार को युवक अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर आया था। प्रेमिका के परिजनों ने युवक को युवती के साथ पकड़ लिया। ग्रामीण इकट्ठा हुए तो युवक को पड़कर पुलिस को सौंपने की बात कहने लगे। जिस पर गांव की पंचायत हुई और प्रेमी युवक के परिजनों को बुला लिया। इसके बाद दोनों के परिजनों में बातचीत हुई। पंचायत ने दोनों की शादी की बात तय की। प्रेमी पक्ष के लोग भी सहमत हो गए। इसके बाद पंडित को बुलाकर प्रेमी और प्रेमिका का विधि विधान के साथ विवाह संपन्न कराया गया। देर रात प्रेमी युवक युवती को विदा कर अपने गांव ले गया।



शादी के बाद दुल्हन के साथ युवक।

## महावा नदी के जीर्णोद्धार का जल्द होगा कार्य

**बहजोई, अमृत विचार:** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विलुप्त महावा नदी के जीर्णोद्धार को लेकर अफसरों के साथ समीक्षा करते हुए नदी की भूमि चिन्हित करने को टीम बनाए जाने के निर्देश दिए। शीघ्र ही युद्ध स्तर पर जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ किए जाने की बात कही।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जहां से नदियां गुजरती है वहां जलस्तर भी अच्छा रहता है। जिससे फसलों को बहुत फायदा होता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि महावा नदी की भूमि का नक्शे के हिसाब से टीमों का गठन कर चिन्हीकरण का कार्य जल्द ही पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि तकनीकी सहायक व लेखपालों के साथ समन्वय बनाते हुए नदी का क्षेत्रफल देखकर एस्टीमेट बनाया जाए। कहा की नजरी नक्शा तहसील के नक्शे से मिलान करके ही बनाया जाए। नौ दिनों में एस्टीमेट बनाकर आईडी जेनरेट कर ली जाए।

# ट्रांसफार्मर से चुराया तेल और क्वाइल

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में घने कोहरे के बीच चोरों ने ट्रांसफार्मर तोड़कर तेल और क्वाइल चोरी कर ली। जिससे बिजली विभाग को करीब सात लाख रुपये का नुकसान हुआ। जेई ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी।

चंदौसी मार्ग पर स्थित नूरियो सराय में बिजली आपूर्ति के लिए 250 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर लगा था। रविवार को रात घने कोहरे के बीच किसी तरह चोरों ने ट्रांसफार्मर को तोड़ लिया। चोर ट्रांसफार्मर से तेल और क्वाइल चुराकर ले गए। सोमवार को आसपास के लोगों ने ट्रांसफार्मर पड़ा देखा। घटना की सूचना बिजली विभाग के अधिकारियों को दी। जेई रोहित मुखिया ने कोतवाली पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। एसडीओ प्रथम यशपाल सिंह ने बताया कि आशंका है कि चोरों ने बिजली आपूर्ति सुचारू रहने के दौरान चैन डालकर ट्रांसफार्मर से तेल और क्वाइल चोरी की। घटना से बिजली विभाग को करीब सात लाख रुपये का नुकसान हुआ।



खाली पड़ा ट्रांसफार्मर का फाउंडेशन। ● अमृत विचार

### मोबाइल टावर से 21 बैटरी चोरी , रिपोर्ट दर्ज

**बहजोई, अमृत विचार** :एक कंपनी के मोबाइल टावर से रात्रि में 21 बैटरी चोरी हो गई। कंपनी के टेक्नीशियन ने एक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई है।बहजोई के मोहल्ला कुरैशियान में एक कंपनी का मोबाइल टावर लगा हुआ है। जहां पर 5 जनवरी को रात्रि में किसी समय टावर के कमरे में रखी 21 बैटरी चोरी हो गई। 10 दिन बाद कंपनी के टेक्नीशियन चंदौसी निवासी समीर मिश्रा उर्फ सोनू ने मोहल्ला कुरैशियान निवासी शमशाद कुरैशी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा है कि 5 जनवरी को मोबाइल टावर से 21 बैटरी चोरी हो गई थी। उन्होंने जब पता लगाया तो बैटरी चोरी होना शमशाद कुरैशी बताया गया। शमशाद से जब इस बारे में पूछताछ की तो उसने टेक्नीशियन को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल सतेंद्र पवार ने बताया कि टेक्नीशियन की ओर से एक व्यक्ति के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।



चन्दौसी के घास मंडी बाजार में खिचड़ी वितरण करते दुकानदार। ● अमृत विचार

### मकर संक्रांति पर वितरित किया खिचड़ी का प्रसाद

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मकर संक्रांति पर जगह-जगह खिचड़ी का वितरण किया गया था। कई स्थानों पर भंडारे भी आयोजित किए गए। सोमवार को मकर संक्रांति पर लोगों ने अपनी क्षमता के हिसाब से दान किया। सुबह को महिलाओं ने घरों में पूजा अर्चना कर खिचड़ी दान की। घास मंडी बाजार में दुकानदारों ने खिचड़ी का भोग लगाने के उपरांत राहगीरों को खिचड़ी का वितरण किया। यहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अजय अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अनमोल अग्रवाल, नितिन अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा गोशाला रोड, सीता रोड, कैथल गेट, ब्रह्म बाजार, स्टेशन रोड, शक्ति नगर आदि स्थानों पर खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया।

## महिलाओं ने खिचड़ी बांट कर मनाई मकर संक्रांति

**बहजोई, अमृत विचार:** अखिल भारतीय वार्ष्णेय वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़ी महिलाओं ने खिचड़ी वितरण कर मकर संक्रांति मनाई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य देव की पूजा अर्चना कर खिचड़ी बांटी और पुण्य लाभ कमाया।

एसोसिएशन से जुड़ी महिलाओं ने संभल रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग से गुजर रहे आमजन को खिचड़ी का वितरण किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ डॉ. रश्मि वार्ष्णेय ने कहा कि मकर संक्रांति पर खिचड़ी का वितरण इसलिए किया जाता है कि वह सब समाज को एकजुटता का संदेश देता है।

इस दौरान नैना गुप्ता, नूतन वार्ष्णेय, मीरा वार्ष्णेय, डोली वार्ष्णेय, नंदिनी वार्ष्णेय, कंचन लता गुप्ता, गौरी सहित आदि मौजूद रहे। उधर नगर के बड़ा मंदिर, मां मंदिर, श्री भगवंतपुर देवी मंदिर पर भी पूजा अर्चना कर खिचड़ी का वितरण किया गया।

**आस्था** | साधु संतों व गरीबों को बांटे गए लिहाफ और कंबल

# दरिद्र नारायण की सेवा का भाव जगाता है मकर संक्रांति का पर्व

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** मकर संक्रांति पर शिव गोरख मंदिर समिति के तत्वावधान में महाकालेश्वर यज्ञ के बाद श्री गोरखनाथ का पूजन अर्चन कर पंडित राधेश्याम श्रीमाली ने फल, मेवा, तिल की मिठाई, चने की दाल की खिचड़ी से 44वीं बार कमंडल भरा। बाल भोग कराकर साधु संतों व गरीबों को लिहाफ, कंबल और कपड़े वितरित किए।

मुहल्ला आलम सराय में श्री गोरखनाथ मंदिर में पंडित राधेश्याम श्रीमाली ने कहा कि मकर संक्रांति पर्व जहां सर्दी से राहत प्रदान कर वसंत ऋतु के आगमन की सूचना देता है, वहीं हमारे भीतर दरिद्र नारायण की सेवा करने का भाव भी जगाता है। शुद्ध सनातन चेतन भारतीय संस्कृति का मूल उद्देश्य है कि मिलकर चलो और बांटकर खाओ। डॉ.नागेंद्र मोहन श्रीमाली ने कहा कि सूर्य नारायण के काल चक्र की मकर राशि में प्रवेश कर दक्षिणायन से उत्तरायण में गति कर चलने को ही मकर संक्रांति कहते हैं। इस दौरान डॉ.सुरेश चंद्र, कैलाश शर्मा, आनंद सैनी, आनंद कुमार, लव कुमार शर्मा, मनोज श्रीमाली, ज्वालेश श्रीमाली, सतीश चंद्र, जितेंद्र गुप्ता, किशन आर्य, रितिक मोहन, तनिष्क मोहन, भीकम सरन, भूकन सरन, सुशील कुमार आदि रहे।



आलम सराय में मकर संक्रांति कार्यक्रम में मौजूद साधु संत व समिति के लोग।

### मकर संक्रांति पर बांटी गई खिचड़ी

**संभल अमृत विचार** : मकर संक्रांति पर्व के मौके पर सोमवार को शहर में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने खिचड़ी का वितरण किया। नगर के पंजाबी मंदिर में बड़ी संख्या में लोगों को खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं रामलीला मैदान में भी लोगों को खिचड़ी वितरित की गई।

### खिचड़ी भोज के बाद पतंगबाजी का लिया आनंद

**बबराला, अमृत विचार** : मकर संक्रांति पर्व उल्लास के माहौल में मनाया गया। सोमवार को घरों में सुबह ही लोगों ने स्नान कर दान दक्षिणा दी। शीतलहर के बावजूद पतंगबाजी के शौकीन पतंग उड़ाने के लिए खुले मैदानों और घर की छतों पर जा पहुंचे। दोपहर में चटख धूप के बीच पतंगबाजी का सिलसिला शाम तक चलता रहा। इस दौरान जगह-जगह खिचड़ी भोज हुए। करीब दर्जन भर खिचड़ी भोज कार्यक्रमों में प्रसाद छकने के लिए काफी लोग जुटे। बाजार में पूरे दिन रौनक बनी रही। सरस्वती विद्या मंदिर में आचार्यों व भगवा टोली ने बच्चों संग खिचड़ी खाई। इंदिरा चौक पर भाजपा नेता नवलेश वार्ष्णेय और योगेश गुप्ता की ओर से खिचड़ी भोज कराया गया। रेलवे स्टेशन के पास अमित गुरू की टीम ने खिचड़ी का लंगर लगाया। बाघऊ रोड, मंडी समिति, राजघाट रोड और अनूपशहर रोड पर खिचड़ी सहभोज के कार्यक्रम हुए।

### न्यायालय परिसर के शिव मंदिर में खिचड़ी वितरण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** साक्षी सेवा समिति एवं एडवोकेट यूनिटी द्वारा मकर संक्रान्ति के अवसर पर सोमवार को जिला न्यायालय परिसर स्थित शिव मंदिर पर खिचड़ी वितरण किया गया। सर्वप्रथम शिव मंदिर में खिचड़ी, तिल के लड्डू का भोग यूनिटी के अध्यक्ष नकुल प्रताप सिंह, प्रदीप गुप्ता, पीयूष कुमार वार्ष्णेय, रंजना शर्मा प्रदेश अध्यक्ष साक्षी सेवा समिति द्वारा लगाया गया। भोग उपरांत वादकारियों को खिचड़ी वितरित की गई। इस अवसर पर चंद्रेश गुप्ता, सचिन गोयल, राजेश कुमार, विभोर बंसल, हरप्रीत सिंह, अजय सक्सेना, राहुल मिश्रा, मनीष नारायण, राहुल गुप्ता, साफिया कदीर, प्रिया, सीमा, खुशबू आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### महिलाओं ने नववर्ष और मकर संक्रांति पर्व मनाया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गीता सत्संग भवन में युवा महिला मंडल के द्वारा नव वर्ष का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हाउजी एवं कई प्रकार के गेम खेले। इस दौरान अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई तथा दीप प्रज्वलित किए गए। मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी वितरण भी किया गया। युवा महिला मंडल के अध्यक्ष निमिषा अग्रवाल ने अपनी नई कार्यकारिणी का गठन किया। अध्यक्ष सोनम अग्रवाल, मंत्री श्वेता अग्रवाल, वित्त मंत्री जलपा अग्रवाल को चुना गया। इंदु अग्रवाल, भारती अग्रवाल, सुप्रिया अग्रवाल, सोनल अग्रवाल उपस्थित रहीं।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैने अपने पुत्र विलाल उर्फ मेहराव अली से उसके गलत संगत में पड़ जाने के कारण अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है तथा सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में अपने कृत्यों का यह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। साजिदा पत्नी स्व श्री मुमताज, निवासी मौ0 अब्दुल्ला,थाना व तह0 बिलारी, (मुरादाबाद)

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD TAHIR KHAN से बदलकर MOHAMMAD TAHIR पुत्र मोहम्मद फाजिल नि. 5/17 पहाड़ी गेट तह. सदर रामपुर रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाना जाए।

# ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, किसान की मौत

## कोहरे में खंदी में पलटा ट्रैक्टर, शुगर मिल पर गन्ना बेचकर लौट रहा था बलवीर

कार्यालय संवाददाता, बनियाठेर/ चन्दौसी



गांव ढकनगला में किसान की मौत के बाद शोकाकुल महिलाएं। ● अमृत विचार



- थाना बनियाठेर के गांव ढकनगला के मोड़ पर रविवार देर रात हादसा
- सोमवार की सुबह दौड़ लगा रहे युवकों ने देखा तो पुलिस व परिजन पहुंचे

> हादसे में किसान की मौत हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जानकारी की है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।
> -मोहित कुमार काजला, थाना प्रभारी बनियाठेर।

**अमृत विचार:** थाना बनियाठेर के मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे पर स्थित गांव ढकनगला के मोड़ पर बीती रात घने कोहरे में ट्रैक्टर-ट्राली खंदी में पलट गई। ट्राली के नीचे दब कर किसान की मौत हो गई। हादसा रविवार की देर रात उस समय हुआ जब किसान वीनस शुगर मिल मझावली में गन्ना डाल कर वापस घर लौट रहा था। सोमवार की सुबह जानकारी होने पर पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे।

थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव ढकनगला निवासी बलवीर सिंह उर्फ कल्लू (41) पुत्र स्व. रघुनाथ सिंह खेती कर परिवार का भरण पोषण करता था। रविवार को वह ट्रैक्टर-ट्राली से गन्ना लेकर वीनस शुगर मिल गया था। रात करीब 12 से एक बजे के बीच मिल में गन्ना बेच कर वापस घर लौट रहा था। उस समय घना कोहरा था। जैसे ही वह मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे से गांव ढकनगला की ओर मुड़ा। घने कोहरे में सड़क नजर नहीं आयी और ट्रैक्टर-ट्राली बेकाबू होकर खंदी में पलट गई। किसान बलवीर ट्रैक्टर के नीचे दब गया। अकेला होने पर बलवीर रात भर ट्रैक्टर के नीचे दबा रहा। सोमवार की सुबह दौड़ लगाने गए युवाओं की नजर पड़ी तो परिजनों को सूचना दी। परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और बलवीर को ट्रैक्टर के नीचे से निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पाकर थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंचीऔर घटना की जानकारी ली।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**चन्दौसी,अमृत विचार :** सड़क हादसे में किसान बलवीर सिंह की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक की मां सुशीला देवी व पत्नी ब्रजेश कुमारी सुध बुध खो बैठी हैं। 10 वर्षीय बेटे दीपांशु के भविष्य का सवाल है। बलवीर की मौत से परिवार की जिम्मेदारी पत्नी ब्रजेश कुमारी पर आ गई है।

## एक नजर

### पैरोल पर रिहा आरोपी जेल नहीं पहुंचा, गिरफ्तार

**कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पैरोल पर रिहा सिद्धदोष बंदी सुंदर पुत्र महाराम निवासी गांव बलकरनपुर थाना कुढ़फतेहगढ़ को ग्लोबल कालोनी थाना खरड़ पंजाब से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाले उप निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि बंदी सुंदर को पैरोल पर रिहा किया गया था। जो समयावधि पूर्ण होने के उपरांत भी जिला कारागार मुरादाबाद में नहीं पहुंचा था। आरोपी को गिरफ्तार कर जिला कारागार मुरादाबाद भेजा जा रहा है।

### ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई बाइक, पिता-पुत्र घायल

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना के सामने मुरादाबाद मार्ग पर पीछे से बाइक ट्रैक्टर-ट्राली में घुस गई। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। जहां दोनों के बीच समझौते के प्रयास हो रहे थे।जनपद मुरादाबाद के थाना कुंदरकी के गांव कादरपुर निवासी युवक फारुख अपने पिता के साथ बाइक पर सवार होकर चन्दौसी आ रहा था। जब बाइक सवार मुरादाबाद रोड स्थित बनियाठेर थाने के सामने पहुंचे तो आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्राली में बाइक पीछे से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक व बाइक सवारों के बीच नोक-झोंक होने लगी। तभी मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। जहां दोनों से पूछताछ की गई।

### कोहरे में पेड़ से टकराई बाइक, दो घायल

**चंदौसी, अमृत विचार :** सोमवार की देर शाम थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बरी और भगतपुर के बीच कोहरे के चलते बाइक पेड़ में जा घुसी। बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी में चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव छाबड़ा निवासी भुवनेश शर्मा पुत्र राजाराम शर्मा सोमवार को गांव के ही सोनू मौर्य पुत्र विनय मौर्य के साथ बाइक से बिलारी गाड़ी देखने गया था। देर शाम 7 :30 बजे लौटते समय कोहरा था।

## गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को पांच वर्ष की सजा

**चन्दौसी, अमृत विचार:** अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को पांच वर्ष के कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मुकदमा न्यायालय विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट)/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था।

कोतवाली चन्दौसी में गैंगस्टर एक्ट के तहत अफसर अली पुत्र मक्खन उर्फ मजीद निवासी गांव गुलड़िया थाना कुढ़फतेहगढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी के खिलाफ साक्ष्य एकत्र कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। अभियोजन पक्ष वे धनन्जय पाण्डेय ज्येष्ट अभियोजन अधिकारी ने पैरवी की। न्यायाधीश ने सोमवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए गैंगस्टर के आरोपी अफसर अली को पांच वर्ष के कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। सजा कराए जाने में पैरोकार हेड कांस्टेबल ब्रजपाल सिंह थाना चन्दौसी व कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल विनोद कुमार राठौर का सहयोग रहा।

## सार-संक्षेप



घंटाघर स्थित मंदिर में साफ सफाई करते भाजपाई। ● अमृत विचार

### मंदिर परिसर में सफाई कर किया भजन कीर्तन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व भाजपा ने देश भर के मंदिरों में सफाई अभियान शुरू किया है। 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी। इससे पूर्व एक सप्ताह तक यह सफाई अभियान चलेगा। सोमवार को भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने घंटाघर स्थित उजागर नाथ शिव मंदिर में सफाई अभियान चलाया। मंदिर परिसर में झाडू पोंछा लगा कर साफ-सफाई की और ढोलक की थाप पर भजन कीर्तन किया। नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने कहा कि नगर का प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता इस अभियान में शिरकत कर रहा है। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह, मनोज दिवाकर, डॉ. टीएस पाल, अभिनव शर्मा, अमित अग्रवाल, देवेंद्र गुप्ता, संजय पारीख, अर्पित वार्ष्णेय, सचिन मग्गो, महावीर सिंह, शीला सागर आदि भाजपाई उपस्थित रहे।

### बेरनी मंदिर परिसर में भाजपाइयों ने की सफाई

**कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** सोमवार को छाबड़ा मंडल के भाजपाइयों ने बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में झाडू लगाकर सफाई की । क्षेत्र में सभी मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता रखने का संदेश दिया। इस मौके पर छाबड़ा मंडल अध्यक्ष सुमित कुमार सिंह, सोमपाल सिंह, अंकित शर्मा, रामनरेश यादव, रामवीर सिंह आदि भाजपाई शामिल रहे।

### यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक, लगाए रिफ्लेक्टर

**संभल, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के पहले दिन परिवहन विभाग के अधिकारियों ने यातायात सुरक्षां बैनर लगे ई रिक्शाओं को रवाना किया। वहीं सौ से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाकर चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया।संभल में नई तहसील स्थित एआरटीओ कार्यालय से एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज, एआरटीओ प्रवर्तन जयप्रकाश गुप्ता ने ई रिक्शाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ई रिक्शाओं पर लगे बैनरों के जरिये लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। चंदौसी चौराहा पर 115 व्यावसायिक वाहनों ट्रैक्टर ट्राली, बस, ट्रक, टेंपो पर रिफ्लेक्टर लगाए गए। वाहन चालकों और परिचालकों को घने कोहरे में सड़क पर सुरक्षित वाहन संचालन के लिए यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान पीटीओ एम आबदीन अहमद, टीएसआई अनुज मलिक, लेखाकार बादाम सिंह, गौरव कुमार, सलीम आदि मौजूद रहे।



हनुमान मंदिर में भजन कीर्तन करते पालिका अधिकारी व कर्मचारी।

### पालिका अधिकारी व कर्मचारियों ने किया भजन कीर्तन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस उपलक्ष्य में देश भर में मंदिरों में सफाई कर कीर्तन किया जा रहा है। सोमवार को पालिका अधिकारी व कर्मचारियों ने सीता रोड स्थित हनुमान मंदिर में साफ-सफाई कर भजन कीर्तन किया। इस दौरान पालिका के अधिशासी अधिकारी आरके भार्गव, जेई सिविल केके अग्रवाल, जेई जल अनुज कुमार, आरआई ऋषभ चौहान, प्रियंका सिंह सहित पालिका स्टाफ़ में प्रभाकर गुप्ता, अवनेश गुप्ता, नरेश, अर्पित, हिना गोयल, संजय, राजकुमार, मुकुल, लकी आदि उपस्थित रहे।



व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

### व्यापारी हित में काम करने का लिया संकल्प

**संभल, अमृत विचार :** संभल व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में व्यापारी हित में काम करने का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला जज अहमद उल्लाह खान एवं विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा राजेश सिंघल,व्यापारी सुरक्षा फोरम के चेयरमेन गौरीशंकर चौधरी,अध्यक्ष मौ. कासिम, वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र वार्ष्णेय, ईंट निर्माता समिति के अध्यक्ष मुकेश सिंघल, बीजेपी नगर अध्यक्ष शोभित गुप्ता, संभल कोतवाल पवन कुमार, हयातनगर थाना प्रभारी संत कुमार, नखासा थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह रहे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अनिल कुमार जैन ने एवं संचालन जिला चेयरमैन गौरीशंकर चौधरी ने किया। इस दौरान नगर इकाई में मोहम्मद मुत्तलिब नगर अध्यक्ष, असमौली राहिल भारतीय नगर चेयरमैन और इसरार मलिक को युवा नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर हाजी बब्बू,जसपाल सिंह, फहद कैसर अजीजुल्ला खान,नबील अहमद,अभिषेक चतुर्वेदी,मयंक गुप्ता, विनय चंद्रा, रजत गुप्ता,सभासद महावीर सिंह,मीडिया प्रभारी फरज़न्द अली वारसी आदि मौजूद रहे।

### बैडमिंटन फाइनल में अबूजर, दाऊद ने कब्जाई ट्रॉफी

**संभल अमृत विचार :** बहजोई के रोटरी क्लब द्वारा दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में जिले की 16 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें नवाब महमूद अकादमी संभल के अबूजर मलिक और दाऊद तथा बहजोई की तरफ से नितिन और माधव के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें पहला मैच तो बहजोई की टीम ने जीत लिया लेकिन दो मैच रोमांचक तरीके से अबूजर मलिक और दाऊद ने जीत कर फाइनल ट्रॉफी कब्जा ली। अकादमी के मैनेजर सुहेल इकबाल ने टीम को जिताने के लिए खिलाड़ियों को मुबारकबाद दी। इस दौरान सईद अख्तर इसराईली, डॉ.बिलाल, नितिन माधव, अतहर, सोनू आदि मौजूद रहे।

### रोजगार मेले में 74 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

**बहजोई, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवा योजना कार्यालय के तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें साक्षात्कार के बाद 74 युवाओं के लिए रोजगार के लिए चयन किया गया। गांव परतापुर स्थित एसपीएस कॉलेज में आयोजित रोजगार मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे बहजोई के चेयरमैन राजेश शंकर राजू ने फीता काट कर किया। 14 कंपनियों ने लगभग 119 युवाओं का रोजगार को लेकर साक्षात्कार किया। जिसमें 74 युवाओं का रोजगार के लिए चयन हुआ। जिन्हें अतिथि राजेश शंकर राजू, आईटीआई के प्रधानाचार्य राहुल कृष्ण, एसके वार्ष्णेय, सहायक रोजगार अधिकारी आमिर जुबेर ने नियुक्ति पत्र वितरण किया। राजेश शंकर राजू ने कहा कि केंद्र प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार देने का काम कर रही है। इस दौरान रियाजुल हुसैन, महीपाल सिंह, जयप्रकाश जाखड़, जयवीर सिंह, अनुज वर्मा, अनूप चौरसिया, लोकेश कुमार, चरण सिंह, बृजेश कुमार, मोनू वार्ष्णेय आदि ने सहयोग किया।

# चेकिंग के दौरान बड़े बकायेदारों के काटे गए विद्युत कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अभियान**

- विभाग ने पकड़ी पांच किलो वाट की विद्युत चोरी
- विभाग का अभियान मंगलवार को भी जारी रहेगा

**अमृत विचार:** विद्युत विभाग ने विजिलेंस टीम के साथ चेकिंग के दौरान एक लाख से अधिक के बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटे गए। विद्युत विभाग की टीम ने जारई गेट में पांच किलो वाट की विद्युत चोरी पकड़ी है। आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

विद्युत विभाग की ओर से बड़े बकायेदारों की विद्युत कनेक्शन काटने का कार्य किया जा रहा है। सोमवार को विद्युत विभाग के एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने अपनी टीम व विजिलेंस टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें शक्ति नगर व जारई गेट पर एक लाख से अधिक दस विद्युत बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काट दिए गए। साथ ही उनसे शीघ्र ही बिजली बिल का भुगतान करने की चेतावनी भी दी गई है। चेकिंग के दौरान विद्युत टीम ने जारई गेट स्थित एक मकान में पांच किलो वाट विद्युत चोरी पकड़ी। जिसके विरुद्ध विजिलेंस टीम की ओर से रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। विद्युत विभाग का अभियान मंगलवार को भी जारी रहेगा।

# सर्राफ की दुकान से दो महिलाओं ने गायब की पांच जोड़ी पाजेब

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**वारदात**

- पुलिस ने दोनों महिलाओं सहित तीन को हिरासत में ले लिया गया पूछताछ जारी

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के सर्राफा बाजार में सर्राफ की दुकान से चांदी के जेवर देखते समय पांच जोड़ी पॉजेब चोरी कर ली। जानकारी होने पर सर्राफ ने पुलिस बुला ली। पुलिस दोनों महिलाओं व उनके साथ एक युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई। जहां उनसे पूछताछ की जा रही है।

मुरादाबाद गेट निवासी सोनू रस्तोगी की सर्राफा बाजार में सर्राफ की दुकान है। सोमवार को सोनू रस्तोगी किसी से कार्य बाहर गए थे। तो उनका पुत्र कुनाल रस्तोगी दुकान पर बैठे थे। शाम छह बजे दो महिलाएं सर्राफ की दुकान पर पहुंची और चांदी के जेवर दिखाने की बात कही। महिलाएं चांदी की पाजेब देखने लगीं। काफी देर देखने के बाद महिलाएं चली गईं। जब सर्राफ ने हिसाब लगाया तो पांच जोड़ी पाजेब कम थीं। करीब 15 मिनट के बाद दोनों महिलाएं दोबारा दुकान पर पहुंची और कुनाल से उनके पिता के विषय में जानकारी की। कुनाल ने दोनों महिलाओं को बैठा लिया और आसपास दुकानदारों को सूचना दे दी कि दोनों महिलाएं उसकी दुकान से पांच जोड़ी चांदी की पाजेब चोरी कर ले गई हैं। आसपास के दुकानदार भी सर्राफ की दुकान पर पहुंच गए और महिलाओं से जानकारी करने लगे। महिलाओं ने स्वयं को फंसा देखा तो एक युवक को बुला लिया। युवक कुछ रुपये देकर मामला रफा दफा करने की बात करने लगा। तभी किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। कुछ देर बाद पहुंची पुलिस दोनों महिलाओं व एक युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। जहां उन से पूछताछ की जा रही है। महिलाएं मुरादाबाद की बताई जा रही है।

# मायावती के कार्यकाल में रहा कानून का शासन

कार्यालय संवाददाता, संभल

- जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन



बसपा अध्यक्ष मायावती के जन्मदिन कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का 68वां जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद व बरेली मंडल जाफर मलिक ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के शासनकाल में कानून का शासन रहा। किसी भी समाज के साथ बिना किसी भेदभाव के सर्व समाज का कार्य हुआ।

चौधरी सराय में आदमपुर बस अड्डा के पास बसपा नेता रफतउल्ला उर्फ नेता छिद्दा के आवास पर हुए जन्मदिन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जाफर मलिक ने कहा कि बसपा शासनकाल में कानून के साथ खिलवाड़ करने पर पार्टी के सांसद, विधायकों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई कानून के हिसाब से हुई।

बसपा के चार बार के शासनकाल में कोई दंगा नहीं हुआ जबकि दूसरों की सरकार में तमाम दंगे हुए। कानून नाम की कोई चीज नहीं थी। बड़े अपराधों पर काबू पाने के लिए एसआईटी का गठन किया गया।

थाना दिवस और तहसील दिवस में छोटे मोटे मामलों का तुरंत निस्तारण किया गया। यमुना एक्सप्रेस वे का निर्माण कराया। डॉ.अंबेडकर समग्र ग्रामीण योजना के तहत एक हजार गांवों में नाली, सड़क, सीसी रोड, स्वच्छ पेयजल आवास, विधवा पेंशन, किसान पेंशन के साथ ही शौचालय आदि का निर्माण कराकर विकास कराया।

शहरों में कांशीराम शहरी समग्र विकास योजना के तहत एक लाख आवास, फ्लैट निर्माण के बाद गरीबों को निःशुल्क आवंटित किए।

### पदाधिकारियों में दिखा उत्साह

**संभल, अमृत विचार :** कार्यक्रम में बड़ी तादाद में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान शकील अहमद कुरैशी, फिरोज आलम, धर्मेंद्र कुमार, ओमप्रकाश राव, हरद्वारी लाल गौतम, सोमपाल सिंह प्रजापति, उमेश सागर, कुंवरपाल, वसीम खां, साजिद सैफी एडवोकेट, चेतन बॉबी, हसनैन शकील, मदनपाल, रामबहादुर, सुभाष खागी, नरेंद्र कुमार, रविशंकर भारती, विजय सिंह सागर, अजब सिंह, वीर सिंह गौतम, मुकेश शुक्ला, जगरूप गौतम, महेश कुमार आदि रहे।

### बसपा शासनकाल में हुए विकास कार्य

**संभल, अमृत विचार :** रफतउल्ला उर्फ नेता छिद्दा ने कहा कि बसपा शासनकाल में ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत 2000 से ज्यादा का विद्युतीकरण किया गया। साजिद अहमद ने कहा कि पिछड़े वर्ग कल्याण के लिए विभाग की स्थापना की गई। मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मंडल डॉ.पूजन प्रसाद ने कहा कि गरीब तथा पिछड़े वर्ग के लिए नि:शुल्क छात्रावास की सुविधा की। कहा कि पार्टी द्वारा जारी नंबर 9911278181 पर मिस कॉल करके जुड़ा जा सकता है। फिरोज मलिक ने अपने तमाम साथियों को लेकर बसपा को ज्वाईन किया। जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह एडवोकेट ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# दो ई-रिक्शा और खोखे में रखा सामान व नकदी जलकर राख

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- रंजिशन आग लगाने का लगाया आरोप, पुत्री की शादी को एकत्र कर रहा था दहेज



धू-धू कर जलते ई-रिक्शा।

**अमृत विचार:** जारई गेट नखासा में रविवार की रात घर के बाहर खड़े दो ई-रिक्शों में आग लग गई। कुछ देर बाद भड़की आग बराबर रखे खोखे में भी लग गई। जिससे खोखे में रखा बेटी की शादी के दहेज का सामान, 75 हजार रुपये की नकदी व दोनों ई-रिक्शे जलकर राख हो गए। पीड़ित ने रंजिशन आग लगाने की शिकायत पुलिस से की है।

जारई गेट नखासा में इकबाल पुत्र एवज अपने परिवार के साथ रहता है। उसने पुत्री मलिका का रिश्ता तय कर दिया है। मगर अभी तिथि घोषित नहीं हुई है। इकबाल ने पुत्री की शादी के दहेज का सामान एकत्र करना शुरू कर दिया है। उसने शादी के दहेज का सामान घर के बाहर रखे दो खोखे में से एक में रख दिया था। जिसमें रात को उनका पुत्र दिलदार सोता है। वहीं रात को इकबाल का बड़ा पुत्र इकरार अपने दो ई-रिक्शा खड़ा कर देता है। शनिवार की रात दिलदार खोखे में सो रहा था। जबकि ई-रिक्शा खोखे के बाहर खड़े थे। रात करीब डेढ़ बजे अचानक टायर फटने की आवाज आई तो दिलदार की आंख खुली । बाहर देखा तो दोनों ई-रिक्शा धू-धूकर जल रहे थे। कुछ ही देर में पास रखे दोनों खोखे ने भी आग पकड़ ली। लगभग आधा घंटे के बाद आग पर काबू पाया। मगर तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। इकबाल ने बताया कि खोखे में रखा पुत्री के दहेज का सामान वॉशिंग मशीन, फ्रिज, दो टेबिल फैन, दस जोड़ी कपड़े, एक मोबाइल व 75 हजार रुपये की नकदी सहित दोनों ई-रिक्शा जल गए।

# सॉफ्ट बॉल में एजुकेशन कॉलेज की टीम विजयी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- अंतर्महाविद्यालयी सॉफ्ट बॉल प्रतियोगिता का आयोजन



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

**अमृत विचार:** शुक्रवार को मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में अंतर्महाविद्यालयी सॉफ्टबॉल (महिला व पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संभल व पड़ोसी जिलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. एसबीएन श्रीवास्तव ने दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में महिला व पुरुष वर्ग मे रुक्मणि महाविद्यालय लोधीपुर राजपूत मुरादाबाद, मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज चन्दौसी, मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज चन्दौसी, एसएम डिग्री कॉलेज चन्दौसी, वाईएमएस पीजी कॉलेज धनौरा, एसवीएलसी मझावली के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। महिला वर्ग तथा पुरुष वर्ग में मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज चन्दौसी तथा रुक्मणि महाविद्यालय की दोनों टीमों के बीच मैच में मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज की टीम विजयी रही। क्रीड़ा प्रभारी ज्ञान सिंह ने प्रतियोगिता का आयोजन एवं संचालन किया। प्रतियोगिता में एनसीसी ट्रेनर संजय सिंह, अंकुर ठाकुर, संदीप, अवनीश, दीपांशी सिंह का सहयोग रहा। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. अशोक यादव तथा डॉ. अमोल कंचन ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

**परेशानी** दुश्वारियां झेल रहे मौलागढ़ शिव मंदिर मार्ग के लोग, धीमी गति से हो रहा नाला निर्माण कार्य

# सर्दी में भी गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर हैं लोग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



शिव मंदिर मार्ग पर नाला निर्माण को खोदा गया गड्ढा। ● अमृत विचार

- मौलागढ़ शिव मंदिर मार्ग पर लंबे समय से बनी है जल भराव की समस्या, घरों की दीवारों में पड़ रही दरारें

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत मौलागढ़ के शिव मंदिर मार्ग पर तीन वर्षों से जलभराव की समस्या बनी हुई है। अब गांव के बीच में नाला निर्माण कराया जा रहा है। जिसका कार्य धीमी गति से होने के कारण निर्माण में एक माह से अधिक का समय लगना बताया जा रहा है। जिससे शिव मंदिर मार्ग पर जलभराव से आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । सर्दी में भी लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।

ब्लाक बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत मौलागढ़ के शिव मंदिर पर चार वर्ष पहले जिला पंचायत की ओर से नाला का निर्माण कराया गया। मगर गांव के मुख्य मार्ग पर नाला का निर्माण विरोध के चलते नहीं हो सका। नाला केवल शिव मंदिर मार्ग पर मौलागढ़ की पुलिया से शिव मंदिर तक ही बन सका था। जिससे जिला पंचायत की ओर से बनाए गए नाले के पानी की निकासी नहीं होने से शिव मंदिर मार्ग सहित आसपास खाली पड़े भूखंडों में पानी भरने लगा। जिससे खाली भूखंडों में जलभराव से मकानों की दीवारों में दरारें आनी शुरू हो गईं।

साथ ही कई घरों में गंदा पानी आने की शिकायत मिली है। कई बार शिकायतों के बाद और ग्रामीणों के विरोध के चलते ब्लाक प्रशासन की ओर से गांव के मुख्य रास्ते से नाले का निर्माण शुरू कराया गया।

पिछले एक माह से नाले का निर्माण चल रहा है, मगर निर्माण कार्य धीमी गति से होने के कारण अभी पूरा नाला बनने में काफी समय लगने की उम्मीद जताई जा रही है। जबकि पिछले एक माह से शिव मंदिर मार्ग पर जलभराव अधिक होने से लोगों को शीतलहर में गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है। जबकि खाली भूखंडों में जलभराव से पड़ोसी मकानों में आई दरारें से लोगों के दिलों में दहशत व्याप्त है। मौलागढ़ के शिव मंदिर मार्ग निवासी राहुल, नीलम रस्तोगी, ब्रजपाल, कन्हैया, प्रदीप कुमार आदि लोगों का कहना है कि नाला निर्माण में तेजी लाई जाए और शीघ्र नाले का निर्माण कराने के बाद समस्या का समाधान कराया जाए।

न हृष्यत्यात्मसम्माने नावमानेन तप्यते।
गाङ्गो ह्रद ईवाक्षोभ्यो य : स पण्डित उच्यते ॥

जो व्यक्ति न तो सम्मान पाकर अहंकार करता है और न अपमान से पीड़ित होता है। जो जलाशय की भांति सदैव क्षोभरहित और शांत रहता है, वही ज्ञानी है।

## संपादकीय

# पीएम-जनमन का उद्देश्य

देश तभी विकास कर सकता है जब समाज में कोई भी पीछे न छूटे और सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे। सरकार जनजातीय समूहों की जिंदगी बेहतर बनाना चाहती है। इसी के चलते वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में केंद्र सरकार की ओर से इस बात का ऐलान किया गया था कि प्रधानमंत्री विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) विकास मिशन की शुरुआत करके कमजोर जनजातीय समूहों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को सुधारा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पीएम-जनमन योजना का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा में लाना है। योजना के तहत सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल तक पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, पोषण, सड़क एवं दूरसंचार कनेक्टिविटी के साथ-साथ स्थायी आजीविका के अवसर सहित विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। साल 2011 में हुई जनगणना में सामने आए आंकड़ों के अनुसार देश में अनुसूचित जनजाति की आबादी 10.45 करोड़ थी जिसमें अब तक काफी वृद्धि हो गई होगी। इनमें से 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप पर रहने वाले ऐसे 75 समुदायों के बारे में जानकारी सामने आई थी, जिन्हें विशेष रूप से कमजोर वर्गीकृत किया था, जो शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक कमजोरियों से जूझ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के लगभग 190 जिलों में सबसे पिछड़े आदिवासी समुदाय रहते हैं। सरकार ने दो महीने के भीतर 80,000 से अधिक आयुष्मान कार्ड वितरित करने का बड़ा काम किया है। इसी तरह सरकार ने अत्यंत पिछड़े आदिवासी समुदाय के लगभग 30,000 किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि से जोड़ा है और 40,000 लाभार्थियों के बैंक खाते खोले गए हैं। वास्तव में आदिवासी समुदायों की सभी इच्छाएं अब पूरी होंगी क्योंकि सरकार ने पीएम-जनमन मेगा अभियान पर 23,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने की योजना बनाई है। पीएम-जनमन महाअभियान के तहत सरकार ने उन सभी नियमों को बदल दिया है, जो बाधा पैदा करते थे। विशेष रूप से पीवीटीजी के उत्थान के उद्देश्य से यह पहल उनकी अनूठी चुनौतियों का समाधान करने तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा प्रदान करने की क्षमता रखती है। परंतु इसके कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों को दूर किए बिना जनजातीय समूह के लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाकर उनका विकास करना थोड़ा मुश्किल है। इसके लिए मुख्यधारा के समाज और राज्य में पीवीटीजी द्वारा सामना किए जाने वाले कलंक और भेदभाव तथा हितधारकों एवं जनता के बीच संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। साथ ही केंद्र और राज्य सरकारों की मौजूदा योजनाओं और कार्यक्रमों के साथ योजना का समन्वय, अभिसरण तथा संसाधनों व सेवाओं का प्रभावी एवं कुशल वितरण और उपयोग सुनिश्चित करना आवश्यक है।

# कैसा हो विकास के राजनीतिक एवं प्रशासनिक तंत्र का मॉडल



अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

प्रश्न उठना लाजिमी है कि लगभग 142 करोड़ जनता के भोजन-पानी व बेहतर जीवन स्तर मुहैया कराने की बात करने वाली सरकार अपने को कितना सहज पा रही है? क्या न्यायपालिका, विधायिका व कार्यपालिका अपनी सकारात्मक भूमिका सही रूप में निभा रही है? इतनी बड़ी जनसंख्या को प्रत्येक स्वरूप में नियंत्रित करने को सरकारी सिस्टम अपने को कहां खड़ा पा रहा है?

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनडीपी)-2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की जनसंख्या 142 करोड़ से ज्यादा हो गई है। जनसंख्या के मामले में चीन को पछाड़ने वाले भारत के एक राज्य उत्तर प्रदेश की कुल जनसंख्या तो 25 करोड़ पार है। बढ़ती जनसंख्या कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के अलावा सुरक्षा व कानून-व्यवस्था को भी सीधे प्रभावित करती है। वर्ष 1951 में भारत की जनसंख्या 36.1 करोड़ थी। देश का प्राकृतिक संसाधन कमोबेश उतना ही है जितना करीब सात दशक पहले था।

प्रश्न उठना लाजिमी है कि लगभग 142 करोड़ जनता के भोजन-पानी व बेहतर जीवन स्तर मुहैया कराने की बात करने वाली सरकार अपने को कितना सहज पा रही है? क्या न्यायपालिका, विधायिका व कार्यपालिका अपनी सकारात्मक भूमिका सही रूप में निभा रही है? इतनी बड़ी जनसंख्या को प्रत्येक स्वरूप में नियंत्रित करने को सरकारी सिस्टम अपने को कहां खड़ा पा रहा है? सात दशक पहले बने व समय-समय पर संशोधित होते राजनीतिक व प्रशासनिक माडल कितना कारगर हो पा रहे हैं? देश में प्राकृतिक संसाधन सीमित मात्रा में हैं,जबकी उनका दोहन तीव्र गति से हो रहा है। 'उत्तम खेती मध्यम बान,निकृष्ट चाकरी,भीख निदान' वाली भारतीय किवदंती अब अप्रासंगिक सी हो गई है। गांवों में अब युवा कम ही रहते हैं,अर्थ अर्जन व बेहतर जीवन स्तर के लिए वे शहरों में ही रहना पसंद करने लगे हैं। भारत की आर्थिक-सामाजिक स्थिति में व्यापक परिवर्तन आ गया है। ऐसे में विश्व की सर्वाधिक जनसंख्या का तमगा पाने वाले भारत में राजनीतिक व प्रशासनिक सुधारों के माडल पर चर्चा अवश्यंभावी है। नीति-नियंताओं व नौकरशाहों के क्रियाकलापों की समीक्षा भी अब समीचीन हो गई है। देश के विकास व जनकल्याणकारी नीति-नर्माण व क्रियान्वयन में नौकरशाही की भूमिका थी अब प्रासंगिक हो गई है।

देश के चहुंमुखी विकास के लिए अब सक्रिय,कल्पनाशील, प्रौद्योगिकी-प्रेमी, सक्षम नौकरशाही की आवश्यकता है। यह अलग बात है कि देश की नौकरशाही में बदलाव की बात भी होने लगी है। केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव स्तर के पदों पर बाहर से भी प्रतिभाओं को नियुक्ति देना यानी

> पूंजीवादी व समाजवादी मॉडल बाजार अर्थव्यवस्था या पूंजीवाद के बीच चयन युद्ध आपूर्ति और मांग के बाजार प्रहसन पर निर्भर करता है। पूंजीवादी मॉडल में केवल उन उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन किया जाता है,जो मांग में हैं।

लेटरल एंट्री के दरवाजे खोलना उसी की एक कड़ी मानी जा रही है। लगभग 25 केंद्रीय सेवाओं में हजारों पद हैं। हो सकता है राजनीतिक दुरभिसंधियों के चलते भारतीय नौकरशाही दुनिया की 'भ्रष्टतम, कामचोर,अक्षम,असंवेदनशील व्यवस्था मानी जाने लगी है। इसकी क्षमता में सुधार 'लेटरल एंट्री' जैसी प्रक्रिया से संभव हो सकता है। घिसे-पिटे पुराने राजनीतिक व प्रशासनिक मॉडल से हम अति वंचितों को परेशानियों से बाहर नहीं निकाल पा रहे हैं। समय आ गया है कि इस बात पर चर्चा हो कि भारत को नियोजित विकास का कौन सा मॉडल अपनाना चाहिए?

पूंजीवादी व समाजवादी मॉडल बाजार अर्थव्यवस्था या पूंजीवाद के बीच चयन युद्ध आपूर्ति और मांग के बाजार प्रहसन पर निर्भर करता है। पूंजीवादी मॉडल में केवल उन उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन किया जाता है,जो मांग में हैं। समाजवाद मॉडल के तहत वितरण इस पर आधारित माना जाता है कि लोगों को क्या चाहिए,न कि इस पर कि वे क्या खरीद सकते हैं। पूंजीवादी और समाजवादी माडलों में कुछ कमियां व सीमाएं हैं। मिश्रित अर्थव्यवस्था में सरकार और बाजार मिलकर इस सवाल का जवाब देते हैं कि क्या और कैसे उत्पादन किया जाए,जो उत्पादित होता है उसका वितरण कैसे किया जाए? भारत में महालनोबिस मॉडल अपनाया गया। यह आर्थिक विकास का एक नव मार्क्सवादी माडल था। जिसे 1928 में समाज के अर्थशास्त्री जीए फेडमैन और 1953 में भारतीय सांख्यिकीविद प्रशांत चंद्र महालनोबिस द्वारा स्वतंत्र रूप से बनाया गया था। डीडी धर वह व्यक्ति थे जिन्होंने पांचवीं पंचवर्षीय योजना (1974-79) का प्रस्ताव रखा था जिसका मुख्य उद्देश्य गरीबी हटाना,आत्मनिर्भरता लाने के अलावा विकास दर को ऊंचा करना था। लाख टके का प्रश्न है कि देश को आजाद हुए सात दशक से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन असंतुलित विकास की धारणा से हम अब भी नहीं उबर पा रहे हैं। आर्थिक विकास का ढिंढोरा पीटने के बाद भी भारत आठ प्रतिशत से अधिक की उच्च बेरोजगारी दर का सामना कर रहा है, जो दर्शाता है कि रोजगार सृजन श्रम बल वृद्धि के अनुरूप नहीं है। सेवा क्षेत्र मुख्य रूप से कम मूल्यवर्धित,कम कौशल वाले क्षेत्रों में नौकरियां पैदा कर रहा है,न कि उच्च तकनीक सेवाओं में,जो अधिक शिक्षित कार्यबल की उच्च आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल हो रहा है। योजना आयोग को समाप्त कर स्थापित नीति आयोग कितना कारगर हो पा रहा है यह किसी से छिपा नहीं है।

भारत के लगभग सभी राजनीतिक एवं प्रशासनिक तंत्र ब्रिटिशकालीन मॉडल से निकले जिनमें समय-समय पर कुछ परिवर्तन तो हुए,लेकिन इसकी दशा और दिशा विधायी एवं प्रशासनिक मॉडल को उस मुकाम तक नहीं ले जा सकी जहां पर उन्हें पूर्ण रूप से जमीनी स्तर पर प्रभावी माना जा सके। तब सवाल उठता है कि राजनीतिक एवं प्रशासनिक तंत्र का नया मॉडल कैसा होना चाहिए? सुधार के लिए जरूरी मॉडल को लागू करने के लिए राजनीति और प्रशासन के बारे में हमारे सोचने के तरीके में व्यापक बदलाव की जरूरत है। समय आ गया है कि लोगों को राजनीतिक और प्रशासनिक प्रणालियों के केंद्र में रखा जाए,क्योंकि दशकों से हम पर्यावरणीय, सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक या राजनीतिक क्षेत्रों में समान द्वंद्व देख रहे हैं। सुधार की वास्तविक राजनीति प्रचलित राजनीतिक व्यवस्था सत्ता और संसाधनों की संरचनाओं से रहित नहीं हो सकती है,जो राजनेताओं और नौकरशाहों के बीच, केंद्र और इलाकों के बीच और कार्यपालिका और विधायिका के बीच संस्थागत बातचीत को निर्धारित करती है। बदलाव के पक्ष और विपक्ष की ताकतें राजनीति, नौकरशाही और समाज के क्षेत्रों में अंततः सुधार लाने या बिगाड़ने के लिए परस्पर क्रिया कर रही हैं। 'सर्वे सुखिना भवन्तु' से लेकर 'सर्वोदय' तक के श्लोकों और 'गरीबी हटाओ', 'समावेशी विकास' और 'जैसे नारों के बावजूद,सर्वांगीण प्रगति और कल्याण प्राप्त करने में असमर्थता का क्या कारण है? सबका साथ,सबका विकास की परिकल्पना कितनी कारगर हो पा रही है? क्या समाज के अंतिम लोगों तक हम योजनाओं का लाभ दे पा रहे हैं? न्याय पालिका की बाते करें तो यह कटु सत्य है कि असहाय, लाचार व गरीब आदमी आज भी अपने को न्याय से वंचित पाता है।

सरकारी सिस्टम बातें चाहें जितनी बड़ी-बड़ी कर ले,लेकिन सुधार की बातें पूरी तरह भ्रामक हैं,मिथ्या हैं। आमजन को सर्व सुलभ न्याय दिलाने का दंभ भरने वाले "मूदहु आंख कतहुं कुछ नाहीं" की कहावत ही केवल चरितार्थ करते हैं। देश में सरकारी व प्रशासनिक तंत्र के मॉडल को प्रभावी बनाने के लिए हमें कुछ मूलभूत बिंदुओं पर विचार करना होगा। जैसे विषय विशेषज्ञ व नागरिक सेवा- आजादी के बाद हमने उधार के राजनीतिक, विधायी एवं प्रशासनिक तंत्रों में इसको सिर्फ ग्रामीण क्षेत्र तक ही सीमित करके रख दिया। सहभागी लोकतंत्र-नागरिक जुड़ाव वाला तंत्र बनाने की आवश्यकता है। इसमें विचार-विमर्श करने वाली सभाएं, नागरिक जूरी और समुदाय की जरूरतों को सीधे संबोधित करने के लिए स्थानीय परिषदों को सशक्त बनाना शामिल हो सकता है। विकेंद्रीकरण-केंद्रीकृत सत्ता संरचनाओं को तोड़ना और निर्णय लेने का अधिकार क्षेत्रीय और स्थानीय स्तरों पर वितरित करना। यह विविध समुदायों की विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप अधिक प्रतिक्रियाशील नीतियों की अनुमति देता है। पारदर्शिता व जवाबदेही-खुलेपन और जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा दें, जहां सार्वजनिक अधिकारी सवालों के जवाब देने और अपने निर्णयों को समझाने के लिए आसानी से उपलब्ध हों। इसके लिए मजबूत भ्रष्टाचार विरोधी उपायों और सूचना कानूनों तक पहुंच की आवश्यकता है। प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग-नागरिक भागीदारी बढ़ाने,हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने और सरकारी दक्षता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करें। समय आ गया है कि लोगों को राजनीतिक व प्रशासनिक प्रणालियों के केंद्र में रखा जाए और ऐसे लोकतंत्र का निर्माण किया जाए,जो वास्तव में सभी के लिए काम करे।

## प्रसंगवश

# परंपरागत मुशायरों का आखिरी बादशाह



रिवायती मुशायरों का आखिरी बादशाह चला गया। हमने तो उनके सामने बैठकर कहा था,मुनव्वर साहब,आप मुशायरों के बहादुर शाह हैं और उन्होंने तपाक से कहा था,तो हिजरत को तैयार रहें मियां....एक शख्स जिसने खुद को ऐसा गढ़ा कि हर बात उसके जिक्र के बिना अधूरी रह जाए। आप उन्हें अच्छा इंसान माने या न माने मगर उनके जिक्र के बिना एक दौर पर बात करना मुश्किल होगा। वह रायबरेली में पैदा हुए,तो सारी जिंदगी रायबरेली का कलमा पढ़ते रहे। लखनऊ ने उन्हें उस्ताद दिया,मंच दिया, पहला मुशायरा रवींद्रालय में पढ़ा और मेहनताना भी पाए,आखिरी सांस तक यहीं ली मगर बंदे ने खुद को कभी लखनवी नहीं कहा,मेरे लिए यह गुत्थी थी,जो कभी नहीं सुलझेगी।



हफीज किदवई
लेखक

कलकत्ता में अब्बा के साथ ट्रक के पहियों संग जिंदगी शुरू की और धीरे-धीरे अपना खुद का ट्रांसपोर्ट खड़ाकर दिया। एक शायर दिल इंसान एक कामयाब बिजनेसमैन बन गया। या यूं कहिए एक बहुत मेहनत करने वाला बिजनेसमैन,उर्दू की उंगली पकड़कर एक कामयाब शायर बन गया। ट्रक के पहिए जितना चलते,उससे ज्यादा मुनव्वर साहब की किताबें चलती। बाजार में उनकी धूम थीं तो मुशायरों में उनका जलवा,जिंदगी पूरी तरह मेहरबान थी इस रायबरेली की मिट्टी पर...

कितनी मुलाकातें हैं,कितनी ही बातें हैं। मैं यह दावे से कह सकता हूं,हर मिलने वाले को बाबा दो बातें पकड़ाते थे। एक जो उसके काम आए,दूसरी जिससे बवाल हो जाए, जो दूसरी बात को हवा में ले उड़ता, वह मशहूर हो जाता मगर जमाना उसकी खूब लानत मलामत करता। पहली बात जो लेकर बैठ जाता,वह अपने आप को सींचता और शायद कभी बड़ा दरख्त बन भी जाए। लालकुआं के पास फ्लैट में मुनव्वर राना का होना,खबर होती कि बाबा हैं। मीडिया चटखारे लेती की चलो, उधर कुछ मसाला मिलेगा। वह कभी मायूस नहीं करते,जो दिल में आया कह डाला,उसका असर जब होगा, तब होगा। पहली बार देवा शरीफ के मुशायरे में जब वह पढ़कर निकले, तो पर्ची पर उनका पता लेने वाले कन्वेनर्स कि लाइन लग गई। उनकी शायरी को अलग कीजिए,बातों में एक जादू था,जो सर चढ़कर बोलता था। सूरज की तरह चमकना और ढल जाना, दोनों उन्होंने देखा। कभी किसी पर बड़ी मोहब्बत आई तो घर के दस्तरख्वान पर अपने बगल में बैठाकर, खुद रोटी तोड़कर खिलाया। जब कभी उससे दिल हट गया, तो दूध की मक्खी की तरह निकाल फेंक दिया। वह अजब थे,उनका खमीर बहुत अलहदा था।

कभी मदरसे के मौलवी के पांव के पास बैठ जाते और अपना बचपन याद कर कर के रोते तो कभी किसी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के सामने अकड़ जाते और गर्दन भी सीधी न करते। एक बात पर सुबह तेजाब उगलते,तो उसी बात पर शाम को गुलाब का पानी छिड़कते। मुनव्वर राना की शख्सियत,इन्हीं उतार चढ़ाव भरी रही,क्योंकि जिंदगी भी उनकी ऐसी ही थी जिसने कभी आगे बढ़ना चुना, तो कभी पीछे,मगर एक बात सच्ची थी। वह शख्स अपनी आखरी सांस तक अपनी एक अलग अहमियत लिए,अस्पताल में बिस्तर पर लेटा था।

मुनव्वर राना का उर्दू अदब में बड़ा काम,मुशायरों की तारीख में सुनहरा काम,समाजी मसलों पर अपनी एक राय और बेलौस दोस्त और पायदार दुश्मनी,सबको याद करने का दिन है। अब सांस लेते,बोलते,हंसते, रोते, गुस्सा करते, पुचकारते मुनव्वर राना नहीं रहे। अब उनका वह काम, जो किताबों में दर्ज है,वह जमाने के सामने उन्हें हमेशा जिंदा रखेगा। अब आने वाली नस्लें,उनके किरदार से नहीं, उनके अदब से उन्हें याद करेंगी,तब मुनव्वर राना फिर एक खुशबू बनकर छा जाएंगे।

# रामचरित मानस और दरबारी राग



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> स्वतंत्रता आंदोलन की राजनीति राष्ट्र की एकता के लिए थी,लेकिन स्वतंत्रता के बाद की राजनीति इस एकता के विरुद्ध खड़ी हो गई। उसकी कहानी बहुत लंबी है,लेकिन संक्षेप में उसकी दिशा और गति लोकजीवन की एकता और लोकमंगल के विरुद्ध है,उसकी दिशा केवल और केवल राजसत्ता है। इस राजनीति के साथ साहित्य का दरबारी राग भी बदला और नए-नए रूपों में सिद्धांत बघारने लगा। पद भी पाया और पुरस्कार के तंत्र पर भी अधिकार जमा लिया।

साहित्य की कसौटी राजनैतिक-मतवाद नहीं, लोकमानस है। इसलिए साहित्य स्वभाव से ही लोक का पक्षधर होता है। दरबारी राग भी होता तो है,किंतु वह सत्ता की खुशामद का राग होता है। दरबारियों के लिए पद और पुरस्कार का राग होता है,एक प्रकार से वह लोक के विरुद्ध होता है,वह लोक की सत्ता को विखंडित करता है,विच्छिन्न करता है। लोकजीवन की सहज एकता को तोड़ने वाला होता है। उसके पीछे उसका स्वार्थ छिपा हुआ होता है।

स्वतंत्रता-आंदोलन की राजनीति राष्ट्र की एकता के लिए थी,लेकिन स्वतंत्रता के बाद की राजनीति इस एकता के विरुद्ध खड़ी हो गई। उसकी कहानी बहुत लंबी है,लेकिन संक्षेप में उसकी दिशा और गति लोकजीवन की एकता और लोकमंगल के विरुद्ध है,उसकी दिशा केवल और केवल राजसत्ता है। इस राजनीति के साथ साहित्य का दरबारी राग भी बदला और नए-नए रूपों में सिद्धांत बघारने लगा। पद भी पाया और पुरस्कार के तंत्र पर भी अधिकार जमा लिया। विश्वविद्यालयों में ऐसे दरबारी राग का साम्राज्य-विस्तार हुआ। लोकजीवन से दूर चला गया,परंतु लोकजीवन से उसे लेना भी क्या था?

साहित्य में यह राजनीति का आक्रमण था और इसका प्रवेश आलोचना के माध्यम से हुआ। लोकमंगल का साहित्य-सृजन तो दरबारी राग के बूते की बात थी नहीं,वह आलोचना के माध्यम से ही आ सकता था,आया भी। राजनीति ने उसे हजार हाथों से उपकृत किया। उसका दुस्साहस इतना बढ़ा कि वह नित-नित लोक-नमस्कृत महाकवियों को भी फेल-पास करने लगा। हालांकि उसके पास उनके जैसी एक पंक्ति भी लिखने की औकात नहीं थी,जो लोक स्वीकृत हो सके। उस कठोर जमाने में जब 'लोग सीद्यमान सोच बस' थे,जनता के पक्ष में था ही कौन? ये भक्तिकाल के आचार्य मनीषी महाकवि ही तो थे,जिन्होंने लोकजीवन को विश्वास का आधार दिया था। मंगलभवन अमंगल हारी। तुलसीदास के लोटा सोटा भी चुरा लिए गए थे। उन पर कम आक्रमण हुआ था क्या? ये बेचारे आलोचक उस परिस्थिति को समझ सकेंगे?

तुलसीदास की उन पंक्तियों पर भी नजर डालें-सोचिय विप्र जो वेद न जाना। अथवा दूबर होत नहीं कबहूं पकवान के विप्र मसान के कूकुर। अथवा विप्र निरच्छर लोलुप कामी। निराचार सठ बृषली स्वामी। अथवा पंडित सोइ जो गाल बजावा। तुलसीदास ने बादशाही जमाने में कहा- सोचिय नृपति जो नीति न जाना। जेहि न प्रजा प्रिय प्रान समाना। वह शासक निश्चित ही चिंता के योग्य है,जिसे अपने देश और प्रदेश की जनता अपने ही प्राणों के समान प्रिय नहीं है। वह शासक अवश्य ही चिंतनीय है,जो नीति को नहीं जानता है जिसमें नैतिकता नहीं है। तुम शोध करते रहे थे कि तुलसीदास वर्णवादी हिंदू थे? लेकिन तुम कभी समाज के निचले स्तर पर उतरे ही नहीं,वह स्वर सुन नहीं सके,जो सारे दायरे तोड़ कर लोकजीवन के आंगन में आज भी गूंज रहा है- मंगलभवन अमंगल-हारी। आज भी काव्य की उस कसौटी का कोई दूसरा विकल्प नहीं है -सुरसरि सम सबकर हित होई।

शोध का आपका उद्देश्य शत्रुताएं बढ़ाते रहना है? तुम्हारी बगल में बिरादरी का सांप बैठा है। उस जमाने में रहीम ने कह दिया था-रामचरितमानस विमल,संतन जीवन प्रान। हिंदुआन कों वेद सम,यवनहिं प्रकट कुरान,किंतु दुर्भाग्य यह है कि वोट की राजनीति राष्ट्र की लोकचेतना को छिन्न-विच्छिन्न करने के अपने सदाव्रत के लिए रामचरितमानस पर सवाल उठाती है। बहस करना बुद्धिजीवियों का पेशा है,इसके अलावा वे कर भी क्या सकते हैं? परंतु वह उपेक्षा के योग्य हैं,क्योंकि लोकजीवन से उनका कोई नाता-रिश्ता है नहीं, लोकजीवन में उनकी रीझ-बूझ भी कानी कौड़ी बराबर है। रामचरित मानस की कसौटी तो प्रेम है,शबरी और केवट है,निषाद है,वानर जैसी वनवासी जातियां हैं। हां,तुम अपने मतलब के लिए नफरत पैदा करते हो,नफरत बढ़ाते हो और देश की राजनीति को गर्त में ले आए हो। लिख लीजिए,यदि समष्टि के सिद्धांत को तिलांजलि दे दी,तो प्राकृतिक न्याय या शक्ति का सिद्धांत लोकतंत्र की घंटी बजा देगा।

## सोशल फोरम

# आमजन की कथा



लोक संस्कृति के ऐसे आयाम जो जन की आस्था और भक्ति भावना से जुड़ जाते हैं। उनके ऐतिहासिक विश्लेषण में आस्था के साथ टकराहट की स्थितियां पैदा हो जाती हैं जिसकी वजह से ऐसे विषय संवेदनशील हो जाते हैं। राम और राम कथा की ऐतिहासिकता ऐसा ही विषय है। फिर भी इस विषय पर काफी कुछ लिखा-पढ़ा गया है और जन के बीच इसकी गहरी पैठ के कारणों को जानने का प्रयास किया गया है।



डॉ. नीलिमा पांडेय
प्रोफेसर, लखनऊ विश्वविद्यालय

राम कथा की विशेषता ये है कि ये किसी एक वर्ग, समुदाय, धर्म या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। इसका प्रसार व्यापक है। यह हिंदुस्तान के आमजन की कथा है। यही सर्वव्यापकता इसको विशिष्ट बनाती है और भारतीय लोक का अभिन्न अंग भी। राम कथा के विकास के शुरुआती दौर में राम एक नायक हैं, वीर योद्धा हैं,जो कथा के क्रमिक विकास का अंतिम चरण आते-आते देवता का रूप ले लेते हैं और विष्णु के अवतार के रूप में पूजे जाने लगते हैं। मूर्ति कला में उन्हें तीर-धनुष के साथ दिखाया जाता है। वे त्रेता युग के तीन अवतारों (वामन, परशुराम और राम) में से अंतिम हैं और महत्वपूर्ण भी।

राम कथा का प्रचलन हम ब्राह्मण जैन और बौद्ध परंपराओं में पाते हैं। यद्धपि आदिकवि माने जाने वाले वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से राम कथा के ढांचे को एक रूढ़ रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथापि इस कथा के पूर्ववर्ती और विभिन्न रूपों के चिह्न ब्राह्मणेतर अर्थात् बौद्ध और जैन स्रोतों में देखे जा सकते हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# क्या तभी वे जन हाशिए पर हैं



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

सभी तो नहीं, एक दो शंकराचार्य रिसिआए हुए हैं। उन्हें ऐसा लगता है कि वे उपेक्षित किए गए हैं। एक ने कहा कि उनके निमंत्रण में साथ होने वाले शिष्यों की संख्या प्रतिबंधित की गई है। उनकी खिन्नता,मनोमालिन्य को समझा जा सकता है। चारों दिशाओं से एक-एक शंकराचार्यों की सवारियां अपने हो-हल्ला करते शिष्यों के साथ निकलती और प्रशासन बस मूक दर्शक रहता। वे सब वहां वैसा ही हल्ला काटते जैसा वे कुंभ और महाकुंभ के अवसरों पर करते आए हैं। क्या मजाल कि कोई उनके रास्ते में आने की हिमाकत करे। आखिर वे हिंदुओं के सर्वोच्च धार्मिक पीठ के अधिष्ठाता जो हैं।

मुझे अपने एक सेवाकाल की ऐसी ही एक विशेष स्मृति है। हालांकि कुंभ/महाकुंभ के अवसरों पर शंकराचार्यों का कोप,नागा साधुओं का हुड़दंग,उनके सामने बेबस होते नतमस्तक होते प्रशासन को तो कई बार देखा है। मगर श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में यादव बंधुओं के जलाभिषेक का दृश्य भूलता नहीं। प्रतिवर्ष घटने वाले इस दृश्य का मैं सीधा साक्षी तब बना था जब मंदिर के कानून व्यवस्था के लिए रोस्टर में मैं वहां मजिस्ट्रेट था। ड्यूटी पर सुबह छह बजे पहुंचते ही मेरे जोड़ीदार पुलिस ऑफिसर ने जानकारी दी कि आज यादव बंधु बाबा का जलाभिषेक करेंगे। मैंने इस पर जब कोई विशेष प्रतिक्रिया नहीं दी तो वे समझ गए कि इस इवेंट से मैं अनभिज्ञ हूं। उन्होंने बताया कि यादव बंधुओं का हुजूम 11 बजे दिन चारों ओर से गर्भगृह में घुसेगा। अब मैं चैतन्य हुआ। कानून व्यवस्था बनाए रखने के अनेक बिंदु दिमाग में कौंध गए। अनेक बार देखा गया दृष्टांत है कि जहां भीड़ जुटी कानून व्यवस्था बिगड़ी। मैंने जब इस आसन्न आफत से निपटने के उपायों पर चर्चा शुरु की तो उन्होंने कहा कि परंपरा से यही होता आया है कि जब बाबा का जयकारा लगाते यादव बंधुओं की भीड़ मंदिर में घुसती है तो गर्भगृह उनके हवाले हो जाता है। हम सब केवल तटस्थ मूक दर्शक बन जाते हैं,जब तक वे गर्भ गृह नहीं छोड़ देते। यह तो प्रशासनिक व्यवस्था का ध्वस्त हो जाना है। कोई इस अवसर का लाभ लेकर कुछ भी कर सकता है और प्रशासन के लिए विषम स्थिति उत्पन्न कर सकता है। मैं सहसा चिंतित हो गया। गर्दन तो पहले मेरी ही नपेगी। यही कोई ग्यारह सवा ग्यारह बजा कि घनघोर शोर सुनाई पड़ा।

मैंने देखा यादव बंधुओं का हुजूम हर ओर से बाबा का जयकारा लगाता चला आ रहा है। उनके रास्ते के सारे अवरोध,चेक पाइंट हट गए हैं। पुलिस, चाक चौबंद व्यवस्था छू मंतर है। कहीं कोई उनके सामने नहीं है। बस वे ही वे हैं। पूरी आक्रामकता और जोशो-खरोश के साथ वे गर्भगृह में प्रवेश कर गए। बस हम अनुमान लगा सकते थे कि वे ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर रहे होंगे। मैं स्तब्ध सा सांस बांधे, हाथ बांधे सामने घटते इस दृश्य को देख रहा था। हे बाबा विश्वनाथ,यह पल सकुशल जल्दी बीत जाए,मन में जपता रहा। खैर पंद्रह बीस मिनटों में सब बीत गया। सकुशल। शायद सबसे पहले मैं उनके जाते ही गर्भगृह में प्रवेश कर ज्योतिर्लिंग को देखा, सब सही सलामत था। गहरा संतोष हुआ। उनके आक्रामक उत्साह और भक्तिभाव को देखकर एक क्षण को लगा था कि कहीं वे बाबा को ही न अपने साथ लेते गये हों। सब ठीक देखकर राहत की सांस ली गई। मगर यह घटना मेरे स्मृति में सदा के लिए अंकित हो गई। मर्यादा पुरुषोत्तम के साथ ऐसा अमर्यादित रवैया शायद किसी को मंजूर नहीं है। इसलिए ही श्री श्री जन हाशिए पर हो गए हैं।

# राम ने भी की सूर्योपासना



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

चौदह और पंद्रह जनवरी के बीच की रात्रि में 2.43 बजे सूर्य देव मकर राशि में प्रविष्ट हो कर उत्तरायण हो गए। अर्थात् चपटी (इलिप्टिकल) गोलाकार पृथ्वी का उत्तरी भाग सूर्य की ओर झुक गया,जो छै मास रहेगा। फलतः जिस भूभाग में हम आवासित हैं,उसे अधिक ऊर्जा, प्रकाश, ताप और जीवनी शक्ति मिलने लगी,क्योंकि सूर्य इस सबके भंडार हैं। इसी कारण उत्तरायण शुभ और श्लाघनीय मान्य है। सूर्य आत्मकारक ज्योतिपिंड और संपूर्ण सौर मंडल के राजा हैं। सभी ग्रह उनकी परिक्रमा करते हैं। ज्योतिष में वे लग्न के कारक और कालपुरुष के मुख पर अधिकार रखने वाले वर्णित हैं। वे ज्ञान के प्रतीक हैं और हनुमान जी के गुरु हैं,उन्होंने ही उन्हें शिक्षा देकर "ज्ञानिनामग्रगण्यम्" बनाया। वे शनि और यम जैसों के पिता है जिनसे दुनिया घबराती है। यमुना जी उनकी पुत्री हैं। इच्छा मृत्यु का वरदान लिए भीष्म ने शरशैया पर लेटे-लेटे प्राण त्याग हेतु सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा की थी। कारण कि भगवान भुवन भास्कर के उत्तरायण में प्राण त्याग से ब्रह्म की प्राप्ति होती है। श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय आठ,श्लोक-24 में लिखा है, "अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लःषण्मासा उत्तरायणम्।तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः"।। और तो और सबसे बड़े शस्त्रधारी श्रीराम भी उनकी उपासना और सहायता से ही रावण वध में समर्थ हुए। वाल्मीकि रामायण,युद्धकाण्ड,अध्याय-105 में वर्णन है कि रावण से लड़ते-लड़ते वे थक गए और चिंता में पड़े हुए थे। तब अगस्त्य ऋषि वहां आए और सलाह दी कि 'राम! तुम 'आदित्य हृदय' स्तोत्र पाठ करके शक्तिपुंड सूर्यदेव की आराधना करो जिससे तुम युद्ध में विजय प्राप्त करोगे'। ऐसा कहकर उन्होंने राम को वह स्तोत्र बताया। राम ने वहीं रणभूमि में आचमन करके तीन बार इस स्तोत्र का पाठ किया। तब देवताओं के बीच खड़े सूर्यदेव ने प्रसन्न होकर कहा, "राम! अब जल्दी करो"। बस इसके बाद बढ़ी हुई शक्ति से युक्त होकर राम रणरत हुए तथा रावण वध में समर्थ हुए। रामायण के उक्त कांड के अध्याय 105 के श्लोक 3 (राम-राम महाबाहो) से लेकर 26 (युद्धेषु विजयिष्यति) तक यही स्तोत्र उल्लिखित है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी मकरगत सूर्य होने पर प्रयाग में महीने भर होने वाले स्नान पर्व को श्रद्धा पूर्वक किया है।



# इंद्रयुक्त उषा से जुड़े हुए सूर्यदेव

हे ऋत्विजों! आप घृत सिक्त समिधा से यज्ञ में अग्नि को प्रज्वलित करें। श्रेष्ठ, भलीभांति प्रज्वलित, जाज्वल्यमान, सर्वज्ञ जातवेद, देदीप्यमान यज्ञाग्नि में शुद्ध पिघलते हुए घृत की आहुतियां प्रदान करें। हे अग्निदेव! आप पृथ्वी लोक में अग्निरूप, अंतरिक्षलोक में विद्युतरूप एवं द्युलोक में सूर्यरूप में सर्वत्र विद्यमान हैं। देवताओं के निमित्त यज्ञ संपादन के लिए उत्तम स्थान प्रदान करने वाली हे पृथ्वी! हम देवों को हवि प्रदान करने के लिए आपके ऊपर बनी हुई यज्ञ-वेदी पर अग्निदेव को प्रतिष्ठित करते हैं। इस अग्निरूपण के द्वारा हम पुत्र, पौत्रादि तथा इष्ट-मित्रों से युक्त होकर द्युलोक के समान सुविस्तृत तथा यश, गौरव, ऐश्वर्य आदि से पृथ्वी के समान महिमावान हों।

इस अग्नि का प्रकाशित तेज प्राण और अपान वायु के माध्यम से संपूर्ण प्राणियों में गतिशील रहता है। अत्यधिक सामर्थ्यशाली अग्निदेव, सूर्य के माध्यम से द्युलोक को आलोकित करते हैं। अग्नि तेज है तथा तेज अग्नि है, हम तेजरूपी अग्नि में हवि देते हैं। सूर्य ज्योति है एवं ज्योति सूर्य है, हम ज्योतिरूपी अग्नि में आहुति देते हैं। अग्नि वर्चस्व है और ज्योति वर्चस्व है, हम वर्चस्व रूपी अग्नि में हवन करते हैं। सूर्य ब्रह्मतेज का रूप है तथा ब्रह्मवर्चस्व सूर्यरूप है, हम उसमें हवि प्रदान करते हैं। ज्योति ही सूर्य है और सूर्य ही ज्योति है, हम उसमें इस मंत्र से आहुति समर्पित करते हैं। सविता देवता एवं इंद्रयुक्त रात्रि के साथ रहने वाले अग्निदेव इस आहुति को ग्रहण करें। सविता देव के साथ इंद्रयुक्त उषा से जुड़े हुए सूर्यदेव को यह आहुति समर्पित है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे अग्निदेव! प्रातः, मध्याह्न, सायं-समयानुसार- उस गार्हपत्य अग्नि को अपना जनक मानते हुए पुनः प्रदीप्त होने के लिए, यज्ञकार्य के अंत में उसी गार्हपत्य अग्नि में आप पुनः प्रविष्ट हो जाएं। तदनंतर पुनः यज्ञ करने के लिए आप हमें समृद्ध करें। हे अग्निदेव! आप स्वभाव से ही होताओं के शरीर के रक्षक हैं। अतएव आप हमारे शरीर का पालन करें। हे अग्निदेव! आप आयुदाता हैं,इसलिए आप हमें आयु प्रदान करें। आप वैदिक अनुष्ठान से प्राप्त तेज को प्रदान करने वाले हैं, अतः हमें वर्चस्व प्रदान करें तथा हे अग्निदेव! हमारे शरीर के अंगों की अपूर्णता को दूरकर आप हमें सर्वांग संपन्न करें। हे अग्निदेव! आप सूर्य की तेजस्विता के साथ, ऋषियों के अनेक स्तोत्रों तथा प्रिय आहुतियों के साथ युक्त होते हैं। उसी प्रकार हम भी आपकी कृपा, दीर्घायु, विद्या तथा ऐश्वर्ययुक्त तेज, पुत्रादि तथा धन-धान्यादि पोषण से युक्त हों। हे गार्हपत्य अग्ने! जिस प्रकार पुत्र के लिए पिता बिना किसी बाधा के सहज प्राप्त होता है, उसी प्रकार आप भी हम यजमानों के लिए बाधारहित होकर सुखपूर्वक प्राप्त हों। आप हमारे कल्याण के लिए सदा हमारे निकट रहें। हम सुख प्राप्ति एवं अपने मित्रों के कल्याण की कामना करते हैं। आप हमें अपना सेवक समझ कर हमारी प्रार्थना सुनें तथा सभी दुष्ट शत्रुओं से हमारी रक्षा करें।

हे अदिति रूपी गौ! आप अदिति और आदित्य के समान हमारे यज्ञस्थल में आगमन करें। हे अभीष्ट गौ! आप यहां आएं एवं हमारे मनोरथ पूर्ण करें। मित्र (आत्मा) अर्यमन (हृदय) तथा वरुण देवताओं का तेजस्वी अमोघ संरक्षण हमें प्राप्त हो। अदिति पुत्र (मित्र, अर्यमन और वरुण) मनुष्य को अक्षय ज्योति प्रदान करते हैं,जो दीर्घ जीवन का आधार है। संपूर्ण जगत के जन्मदाता सविता (सूर्य) देवता की उत्कृष्ट ज्योति का हम ध्यान करते हैं,जो सभी सत्कर्मों को संपादित करने के लिए हमारी बुद्धि को प्रेरित करता है।

हे मरुदगणों! शत्रुओं को हिंसित करने वाले, हवि का भक्षण व सेवन करने वाले आपका हम आवाहन करते हैं। गांव में रहते हुए, जंगल में तथा सभास्थल पर जिह्वा आदि इंद्रियों द्वारा निंदित पदार्थों के सेवन से उत्पन्न, जिन पापों का आचरण हमने किया है,उन संपूर्ण पापों को हम इस आहुति द्वारा विनष्ट करते हैं। वीर पुरुषों की प्रशंसा करने वाले मंत्रों से (गाथा नराशंसी) तथा पितरों के तर्पण करने वाले स्तोत्रों से पितृलोक में गए हुए मन का हम शीघ्र ही यहां बुलाते हैं। यज्ञरूप सत्कर्म के लिए,कार्यों में दक्षता के लिए तथा चिरकाल तक सूर्यदेव का अवलोकन करने के लिए मेरा मन पुनः पुनः यज्ञकर्म में संलग्न रहे। हे पितरों! आप की अनुज्ञा से देव-पुरुष हमारे मन को पुनः श्रेष्ठता के लिए प्रेरित करें। हम याजक आपके प्रसन्नतादायी कर्मों-व्रतों में संलग्न रहते हुए,आपके स्वरूप के ध्यान में चित्त को लगाए हुए अपने प्रजाजनों सहित जीवित व्यक्तियों, पशुओं आदि की सेवा करते रहें।

# दर्शन का मूल एकात्मा

आदिगुरु शंकराचार्य के दर्शन का मूल 'एकात्मा' है। उनके सभी ग्रंथों का मर्म भी एकात्मता है। आचार्य की दिग्विजय का उद्देश्य किसी भी धर्म या संप्रदाय का अपमान कदापि नहीं था। उनके मन में किसी भी संप्रदाय या समुदाय के प्रति द्वेष का भाव कदापि न था। उनका एक मात्र उद्देश्य विभिन्न भारतीय संप्रदायों, मतों, धर्मों में आई विकृतियों का समूल नाश था। "नागेन्द्रहाराय त्रिलोचनाय भस्माङ्गरागाय महेश्वराय।/नित्याय शुद्धाय दिगंबराय तस्मै 'न' का रायनमः शिवाय।। 1।। (जिनके गले मे नागों का हार है जिनके तीन नेत्र हैं, भस्म (शव-राख) ही जिनका अंगराग या अनु लेपन है और दिशाएं ही जिनका वस्त्र हैं, उन अविनाशी महेश्वर 'न' कार रूप शिव को नमन है।)



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

"मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय,नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय।/ मंदारपुष्प बहुपुष्प सम्पूजिताः, तस्मै 'म' काराय नमः शिवाय।। 2।। गंगा जल और चंदन से जिनकी अर्चना(पूजा) होती है, मंदार के फूलों और अन्य बहुत से पुष्पों से जिनका संपूजन (विधिवत पूजन) होता है, उन नंदी (वृषभराज) एवं प्रमथनाथ (शिव आराधक देवगण)के अधिपति, 'म' कार स्वरूप महेश्वर को नमन है।) शिवाय गौरीवदनाब्जवृंद सूर्याय दक्षाध्वरनाशकाय। श्रीनीलकंठाय वृषध्वजाय तस्मै 'शि' काराय नमः शिवाय।। 3।। (गौरी मां के मुखकमल को सूर्य के समान तेजोदीप्त करने वाले, दक्ष के दम्भ यज्ञ काविध्वंस कराने वाले,वृषभध्वजाय श्री नीलकंठ, 'शि' से नामके प्रारंभ होने वाले भगवान शिव को नमन है।) वसिष्ठ कुम्भोद्भव गौतमार्य मुनींद्र देवार्चित शेखराय। चंद्रार्क वैश्वानर लोचनाय तस्मै 'व' काराय नमः शिवाय।। 4।। (वसिष्ठ, अगस्त्य, गौतम आदि श्रेष्ठ मुनियों तथा देवताओं द्वारा संपूजित देवाधिदेव! चन्द्रमा, सूर्य और अग्निदेव वैश्वानर जिनके तीन नेत्रों के समान हैं, उन 'व' कार स्वरूप भगवान शिव को नमन है।)

"यज्ञस्वरूपाय जटाधराय पिनाकस्तनाय सनातनाय। दिव्याय देवाय दिगंबराय तस्मै 'य' कारायनमः शिवाय ।। 5।।" (हे यज्ञस्वरूप, जटाधारी औरपिनाक (शिवधनुष) धारी सनातन शिव! हे देवताओं के लिए भी दिव्य दिगंबर शिव! आपके "य" कार स्वरूप को नमन है। " पञ्चाक्छरमिदं पुण्यं यःपठेत शिवसन्निधौ। /शिवलोक वाप्नोति शिवेन सह मोदते।।" (जो कोई भी शिव के इस पञ्चाक्छर मंत्र का श्रद्धा पूर्वक पाठ करता है, वह भगवान शिव के पुण्य लोक में उनके सानिध्य में वास करता है।)

# काकड़ीघाट की पावन स्थली

**उत्तराखंड की कंदराएं, गुफाएं कई ऋषि मुनियों की तपस्थली रही हैं। इन तपस्थलियों तक पहुंचने से पहले रास्ते में पड़े कई स्थान भी उनके पावन कदमों से पवित्र हो गए। भवाली से जब हम अल्मोड़ा की तरफ बढ़ते हैं तो लगभग 35 किलोमीटर आगे कोसी नदी के तट पर पेड़ों से अच्छादित एक रमणीक स्थल के दर्शन होते हैं। यह 'विवेकानंद तपस्थली पुण्य भूमि काकड़ीघाट' है। यह जगह अल्मोड़ा नैनीताल जिलों की सीमा पर पड़ती है और नैनीताल सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आती है। एक शांत मनोरम स्थल जो कई सिद्ध पुरुषों की तपस्थली रहा है।**




'उठो, जागो और कर्म करो' का मूल मंत्र देशवासियों को देने वाले स्वामी विवेकानंद जी के पावन चरण यहां पर पड़े थे। 1890 में जब स्वामी विवेकानंद अपने शिष्य स्वामी अखंडानंद के साथ बेल्लूर मठ से हिमालय यात्रा को निकले तो आराम करने के लिए यहां पर ठहर गए थे। स्नान करने के बाद यहां स्थित पीपल के पेड़ के नीचे बैठ गए और ध्यानरत हो गए। यहां पर उन्हें अनोखी ज्ञान की प्राप्ति हुई। अणु ब्रह्मांड और विश्व ब्रह्मांड का सार उन्हें यहीं प्राप्त हुआ। काकड़ी घाट को स्वामी जी की बोधगया भी कहते हैं। जैसे गौतम बुद्ध को गया में बोधिवृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था वैसे ही स्वामी जी को भी काकड़ीघाट स्थित पीपल के पेड़ के नीचे सिद्धि मिली।



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

'अल्मोड़ा का आकर्षण' नाम की पुस्तिका में स्वामी जी ने इस बात का उल्लेख किया है। स्वामी जी आत्मा और परमात्मा की तुलना शब्द और अर्थ से करते हैं। अर्थात् जैसे परमात्मा बिना आत्मा का कोई मोल नहीं वैसे ही अर्थ के बिना शब्द का भी कोई भाव नहीं। स्वामी जी का अल्मोड़ा से विशेष संबंध रहा है। बाजार के मध्य में स्थित खजांची मोहल्ले में उन्होंने अल्मोड़ा की जनता को संबोधित भी किया था। 'कोलंबो से अल्मोड़ा के लिए' उनकी एक और पठनीय पुस्तक है जहां इन यात्राओं का वर्णन भी आता है। अपनी चौथी अल्मोड़ा यात्रा के दौरान उन्होंने यहां के प्रसिद्ध थॉमसन हाउस में निवास किया और प्रबुद्ध भारत पत्रिका का प्रकाशन भी दोबारा शुरू किया। स्वामी जी के अतिरिक्त चंद वंशीय राजाओं के समय में यहां हर्ष देवपुरी नाम के सिद्ध बाबा भी रहते थे। बताया जाता है कि वह शंकराचार्य के अनुयायी थे। इन्हें लोग गोसाईं बाबा के नाम से भी पुकारते थे। बाबा की समाधि आज भी वहां पर है। शिव और भैरव के मंदिर यहां पर हैं,आसपास के पेड़ों में बंदरों की बहुलता है। इसलिए मंदिर के द्वार हमेशा ढके रहते हैं। भक्त दर्शन करने के बाद मंदिर के दरवाजे बंद कर देते हैं। एक ध्यान कक्ष भी यहां पर दिखाई दिया जहां स्वामी विवेकानंद जी और स्वामी रामकृष्ण परमहंस के चित्र लगे हुए हैं। कोई भी साधक यहां पर ध्यान मग्न होकर अपार शांति की अनुभूति प्राप्त कर सकता है। पीपल के वृक्ष के पास लगे बोर्ड में समस्त जानकारी मिलती है जिसमें लिखा गया है कि स्वामी जी 21 अगस्त 1890 को यहां पर आए थे और उन्होंने रात्रि वास किया था। 2014 में वह चमत्कारी पीपल का वृक्ष सूख गया था और उसके स्थान पर एक नया वृक्ष लगाया है,जो अब पूरी तरह से पल्लवित होकर वृहद आकर ले रहा है। इस ज्ञानवृक्ष के नीचे बैठकर स्वामी जी को जो अनुभूति हुई थी,उसे उन्होंने अपने शिष्य के सामने अभिव्यक्त किया था,जो इस प्रकार है। अभी-अभी मैं अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण क्षण से गुजरा हूं। इस पीपल वृक्ष के नीचे मेरे जीवन की एक महान समस्या का समाधान हो गया है। मैंने सूक्ष्म ब्रह्मांड और वृहद ब्रह्मांड के एकत्व का अनुभव किया है,जो कुछ ब्रह्मांड में है,वही इस शरीर रूपी पिंड में भी है। मैंने संपूर्ण ब्रह्मांड को एक परमाणु के अंदर देखा है।

सन् 1900 में सोमवारी बाबा भी यहां पर रहे और मान्यता है कि शिव ने उन्हें साक्षात दर्शन दिए थे। बाद में नीम करौली बाबा उनके शिष्य बने। सोमवारी बाबा दीन दुखियों के आश्रयदाता माने जाते थे।

यहां पहुंचने पर पहले नीम करौली बाबा का आश्रम पड़ता है और वहीं पर सोमवारी बाबा का मंदिर भी है। सामने कोसी नदी बहती है,जो शास्त्र में कौशिकी नाम से जानी जाती हैं। कोसी नदी का यहां पर संगम है जिस बारे में लोगों में भ्रांति है कि सील नदी के साथ कोसी का संगम होता है। जबकि सच्चाई यह है कि एक नाला यहां पर कोसी में समाहित होता है जिसमें पानी की अधिकता होने के कारण नदी की तरह स्वभाव प्रतीत होता है। बताया जाता है कि सोमवारी बाबा ने ही इसे निषिद्ध करवाया था। समय के साथ-साथ आश्रम में काफी बदलाव आ गया है। हालांकि सोमवारी बाबा की श्रद्धा के अंश शिवलिंग और धूनी आदि से छेड़छाड़ नहीं की गई है।

## बिजनौर

### एक नजर

#### गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर निकाला गया नगर कीर्तन

**नजीबाबाद, अमृत विचार** : गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर नगर कीर्तन निकाला गया। मुस्लिम व अन्य समाज के लोगों ने नगर कीर्तन का जगह-जगह स्टॉल लगाकर जल पान व पुष्पा वर्षा से स्वागत किया। नगर कीर्तन में कलाकारों ने अपने करतब दिखाये। नगर कीर्तन में कई झांकियों ने लोगों को आकर्षित किया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतेजाम रहे। नगर कीर्तन गुरुद्वारे साहिब से शुरू होकर नगर के मुख्य चौराहों से होते हुए गुरुद्वारे साहिब पर संपन्न हुआ। गुरुगोविंद सिंह की जयंती 17 जनवरी को गुरुद्वारे में मनाई जाएगी।

#### पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**हल्दौर, अमृत विचार** : पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है। आरोपी का चालान कर अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया। कस्बा झालू निवासी एक व्यक्ति ने 10 जनवरी को पुलिस को तहरीर दी थी। इसमें उसने मुहल्ले के ही किशोर पर अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। सोमवार को थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बाल अपचारी को गिरफ्तार लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

#### शुएब बने विधानसभा मीडिया प्रभारी

**किरतपुर, अमृत विचार** : राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के आदेश पर व जिलाध्यक्ष नागेंद्र पवार के निर्देश पर नगीना विधानसभा अध्यक्ष चौधरी कल्लू सिंह सारंग ने युवा रालोद नेता चौधरी मुहम्मद शुएब को नगीना विधानसभा मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। उनसे आशा व्यक्त की है कि वह पार्टी की नीतियों को मजबूत करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। चौधरी मुहम्मद शोएब ने यकीन दिलाया कि पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचा कर पार्टी को मजबूत करने में अहम किरदार निभाएंगे। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसका वह बखूबी निर्वाह करेंगे।

# पीएम जनमन योजना का लाभ 75 पीवीटीजी समुदायों को मिलेगा : गुर्जर

## पीएम जनमन योजना में प्रदेश का एकमात्र जिला बिजनौर हुआ चयनित

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर



लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देते मुख्य अतिथि कृष्ण पाल गुर्जर व अन्य। ● अमृत विचार

- जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवम्बर, 2023 को हुई थी योजना की शुरुआत

**अमृत विचार** : पीएम जनमन कार्यक्रम के तहत 18 राज्यों व एक केन्द्र शासित प्रदेश के 200 जिलों में रहने वाले आदिवासी समुदाय को सम्बोधित किया गया। इसका सजीव प्रसारण राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बावन सराय में देखा गया। इसमें प्रधानमंत्री ने आदिवासी कल्याण की दिशा में किये गये कार्यों की जानकारी दी। कुछ राज्यों के लाभार्थियों से प्रधानमंत्री ने संवाद भी किया।

प्रधानमंत्री के लाइव संवाद कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति, आदिवासी न्याय महा अभियान पीएम-जनमन की शुरूआत 15 नवम्बर, 2023 को जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर की गयी है। इसमें 18 राज्य और एक केन्द्र शासित प्रदेश के 75 पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) समुदाय आच्छादित होंगे।

उन्होंने बताया कि पीएम जनमन कार्यक्रम में देश के 200 जनपदों में रहने वाले पीवीटीजी आदिवासी समुदाय के लिए नौ मंत्रालयों के साथ कनवर्जेन्स करते हुए सरकार द्वारा संचालित 11 बुनियादी सुविधाओं के लिए 24 हजार करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रदेश का एकमात्र जिला बिजनौर ही चयनित किया गया है। जहां बुक्सा जनजाति निवास करती है। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सरकार की इस दूरदशी पहल से समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े आदिवासी समुदाय के लोगों को सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं एवं लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने इन्हें विकास की मुख्यधारा में लाने का संकल्प लिया है। डीएम अंकित कुमार अग्रवाल ने बताया कि पीएम जनमन कार्यक्रम के तहत बुक्सा जनजाति के पात्रों को आयुष्मान कार्ड, उज्जवला, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, जीवन ज्योति बीमा, पीएम सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन, पीएम विश्वकर्मा, सुकन्या समृद्धि, हर घर बिजली, जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल नल, मातृ वन्दन, नेटवर्क कनेक्टीविटी एवं सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से आच्छादित करने के लिए गंभीरता पूर्वक प्रयास किए जा रहे हैं।

## व्यापारियों ने जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

**हल्दौर, अमृत विचार** : व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान ने बढ़ती ठंड को देखते हुए गरीबों व असहाय लोगों को कम्बल वितरित किए।

सोमवार को बड़ा शिव मंदिर धर्मशाला में संस्थान की नगर ईकाई ने कम्बल वितरण किए। जिलाध्यक्ष राजकुमार गोयल, हल्दौर नगर अध्यक्ष योगेंद्र कुमार अग्रवाल, डा. धर्मेन्द्र कुमार रस्तोगी मंचासीन रहे। व्यापारियों ने मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। संस्थान के जिलाध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से 60 गरीब लोगों को कम्बल वितरित किए। इस मौके पर नगर महामंत्री संजू शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष खगेश शर्मा, जिला महामंत्री मदनपाल सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अंकित गोयल, सत्येंद्र कुमार मारवाड़ी, दिवाकर रस्तोगी, संजीव कुमार रस्तोगी, नरेंद्र कुमार, पंडित दिनेश कुमार संख्यांक, चरण सिंह सैनी, अंकुर रस्तोगी आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता योगेंद्र कुमार अग्रवाल एवं संचालन सतीश कुमार रस्तोगी ने किया।

# किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी एनपीएस : बीना

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- पेंशन बहाली की मांग को लेकर जन संवाद अटेवा चला आपके द्वार कार्यक्रम
- 25 जनवरी को जिला मुख्यालय तथा चार फरवरी को लखनऊ में करेंगे आंदोलन

**अमृत विचार** : अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में सोमवार को पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर जन संवाद अटेवा चला आपके द्वार कार्यक्रम हुआ। इसके तहत सिंचाई विभाग एवं कलेक्ट में जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलौत एवं जिला मंत्री अनुज यादव के नेतृत्व में संवाद किया गया।

प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने बताया कि जन संवाद-अटेवा चला आपके द्वार कार्यक्रम से प्रदेश का शिक्षक संघ कर्मचारी लामबंद हो। 25 जनवरी को जिला मुख्यालय पर मतदाता जागरुकता एवं पेंशन मार्च तथा चार फरवरी को रण फोर ओपीएस लखनऊ में प्रतिभाग कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग करेंगे। इस चुनावी वर्ष में संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की जिलाध्यक्ष बीना रानी ने कहा कि पुरानी पेंशन में हमारा भविष्य सुरक्षित होगा। एनपीएस ने छलने का काम किया है। जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के जिला मंत्री सुधांशु शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश वर्मा, राजेंद्र कुमार, सुनील त्यागी, हेमेन्द्र कुमार, विकास विश्नोई, गीता रानी, बबीता रानी, अटेवा के पूर्व कोषाध्यक्ष वीर पाल सिंह, दुष्यंत, हरीष कुमार पंत, प्रदीप कुमार रावत आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## कड़ाके की सर्दी से लकड़ी उद्योग हुआ प्रभावित

**नगीना, अमृत विचार** : घने कोहरा छाए रहने से जनपद का न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमवार को दिनभर कोहरा छाए रहने से मौसम में ठंडक बनी रही। इसके चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। सूर्य भगवान के दर्शन न होने से परेशान लोग घरों में ही रहे।

एक सप्ताह से सर्दी के कारण नगर का प्रसिद्ध लकड़ी उद्योग भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस उद्योग से जुड़े कारीगर सर्दी से परेशान हैं। कारखाने में देर से पहुंच रहे हैं। सुबह के समय राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन धीमी गति से रेंगते हुए हेडलाइट जला कर चले। कृषि अनुसंधान मौसम वेधशाला के प्रेक्षक सतीश कुमार के मुताबिक सोमवार की सुबह 7:15 पर न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस, आद्रता 80 प्रतिशत, दोपहर में अधिकतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस तथा आद्रता 50 प्रतिशत दर्ज की गई।



किन्नर समाज द्वारा सम्मानित किए गए पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

# किन्नर समाज ने किया पुलिस को सम्मानित

संवाददाता, नजीबाबाद

- पुलिस ने किन्नर हिना की हत्या की साजिश रचने वाले गैंग को किया था गिरफ्तार

**अमृत विचार** : नगर के एमजीएम इंटर कॉलेज के सामने किन्नर समाज की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें किन्नर हिना की हत्या की साजिश रचने वाले गैंग को पकड़ने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को ट्राफी देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकार अनिल कुमार, थानाध्यक्ष राजेंद्र पुण्डीर, एसएसआई धर्मेंद्र कुमार, एसआई कय्यूम अली, एसआई नरेंद्र कुमार, कांस्टेबल सोमवीर, रोहित, साक्षी शर्मा आदि को किन्नर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व किन्नर गुरु नाजिम बाजी, सुनीता, रानी, मुस्कान, सिमरन पम्मी आदि ने पुलिस की जमकर सराहना की। नासिर अहमद के संचालन में इस कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सार-संक्षेप



जरूरतमंदों को लिहाफ बांटते शुगर मिल के अधिकारी व सीओ अर्चना सिंह।

#### द्वारिकेश चीनी मिल ने गरीबों को बांटे कंबल

**अफजलगढ़, अमृत विचार** : कड़ाके की ठंड को देखते हुए द्वारिकेश चीनी मिल बहादरपुर की ओर से मुख्य अतिथि सीओ अर्चना सिंह, मिल के अध्यक्ष एसपी सिंह व कोतवाल राजकुमार सरोज ने गरीबों को करीब एक हजार कंबल वितरित किए। सोमवार को द्वारिकेश चीनी मिल बहादरपुर परिसर में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के जरूरतमंदो को एक हजार कम्बल बांटे गए। मुख्य अतिथि सीओ अर्चना सिंह ने कहा कि इस पुण्य कार्य में सभी सामाजिक संगठनों को आगे आकर पहल करनी चाहिए। गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य है। चीनी मिल के अध्यासी एसपी सिंह ने कहा कि द्वारिकेश चीनी मिल हमेशा समाज सेवा के लिए तत्पर रहता है। हर वर्ष गरीबों जरूरतमंदों को शुगर मिल अफजलगढ़ की ओर से कम्बल किए जाते हैं। कोतवाल राजकुमार सरोज ने कहा कि गरीबों की मदद करने से भगवान भी खुश होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीओ अर्चना सिंह तथा संचालन कुंदन सिंह ने किया। इस अवसर पर पंकज सिसौदिया, महेंद्र सिंह, गन्ना महाप्रबंधक अजय कुमार ढाका, कुमेर सिंह शेखावत, अशोक कुमार, डा. वीर सिंह सहित मिल के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

#### जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया

**नहटौर, अमृत विचार** : दक्ष हॉस्पिटल के एमडी डॉ. एके दक्ष, जिलाध्यक्ष रा.प्र. महासभा ने अपनी पत्नी डॉ. मनीष दक्ष के जन्म दिन पर जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया। डॉ. मनीष दक्ष ने लगभग 50 जरूरतमंदों को कंबल वितरण किए गए। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करना नेक काम है। इस कड़ाके की ठंड में तमाम ऐसे लोग हैं, जिन्हें गर्म कपड़ों की आवश्यकता होती है। उसी को देखते हुए यह नेक काम करने का फैसला लिया है। गरीबों की सहायता करने से ईश्वर खुश होते हैं। कार्यक्रम में फूलवती देवी, गोल्डीका दक्ष, सौरभ कुमार, प्रशांत कुमार, अभिषेक कुमार, आकाश कुमार, साजन कुमार, सिल्की, अल्का, अंशु, दीपराज आदि मौजूद रहे।

#### जोगीपुरा में खुला पीएनबी का बीसी केंद्र

**नजीबाबाद, अमृत विचार** : जोगिरमपुरी विश्व प्रसिद्ध दरगाहे आलिया नजफ ए हिन्द जोगीपुरा में पंजाब नेशनल बैंक शाखा रायपुर सादात का बीसी केंद्र का अधिकारियों ने शुभारंभ किया। संचालक अमित कुमार संचालक ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक द्वारा ग्राहकों को प्रधानमंत्री जनधन योजना, एटीएम की सुविधा, आरडी अकाउंट व एफडी अकाउंट, जनधन खाता खोलने की सुविधा, नए बैंक खाता खोलने एवं उनके संचालन की सुविधा, बैंकिंग बीमा की सुविधा, लेनदेन सुरक्षित ग्राहक सेवा प्रदान करना है। इस मौके पर मौलाना कसीम अब्बास संयुक्त सचिव, मौलाना आबिद मेहंदी पेश इमाम दरगाह, मौलाना अली गाजी, हुसैन मेहदी नकवी प्रबंधक, अमित कुमार बीसी संचालक, जिया अब्बास, नकवी, फिरोज हैदर नकवी, शहंशाह हैदर आदि मौजूद रहे।

#### विद्यार्थियों को बताए जीवन जीने के तरीके

**किरतपुर, अमृत विचार** : समाजिक संस्था परवाज सोशल एजूकेशनल सोसायटी द्वारा आयोजित मोटीवेशन कार्यक्रम में वक्ताओं ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ें, सफल जीवन जीने के संबंध में अनुभव साझा किये। बिजनौर रोड पर स्थित एक वैंक्वेट हाल में आयोजित कार्यक्रम में 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता उवैस अली खान ने कहा कि जिंदगी में सफलता तभी मिलती है जब कोई लक्ष्य हो। वह लोग कामयाब नहीं होते जिन्हें अवसर मिले और गंवा दें। कार्यक्रम का आरंभ मौलाना आफताब ने तिलावते कलाम पाक से किया। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मौलाना इफ्तिखार की अध्यक्षता एवं डा. शमशाद हुसैन के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मजहर नामी, साइम राजा, मास्टर फारूक, अतहर यार खान, खलीक अहमद, पीके चौहान व अकबर आदि रहे।

# 22 को 12:20 बजे से होगी प्राण प्रतिष्ठा

## ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी जानकारी बोले-दोपहर एक बजे तक चलेगा अनुष्ठान

## आज से शुरू होकर 21 जनवरी तक चलेगा प्राण प्रतिष्ठा विधि पूजन, 18 को गर्भगृह में स्थापित होगी मूर्ति

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या धाम में 22 जनवरी को होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और उससे पहले के सभी कार्यक्रम की रुपरेखा तय हो गई है। 22 जनवरी को सोमवार को दोपहर 12:20 बजे से एक बजे तक प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने मनोभाव रखेगें। ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास आशीर्वाद देंगे।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय मंदिर निर्माण कार्यशाला में सोमवार को बताया कि प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त काशी के प्रकांड विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने तय किया है। प्राण प्रतिष्ठा का कर्मकांड वाराणसी के महंत लक्ष्मीकांत दीक्षित करेंगे। उन्होंने बताया कि गर्भगृह में 18 जनवरी को पांच वर्षीय राम के बाल रूप की प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित होगी। इसका वजन 150 से 200 किलो है। रामलला की खड़ी प्रतिमा स्थापित होगी। 18 जनवरी को प्रतिमा गर्भगृह में अपने आसन पर खड़ी कर दी जाएगी। ट्रस्ट महासचिव ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा की पूजन विधि कल मंगलवार 16 जनवरी से शुरू हो जाएगी, जो 21 तक चलेगी। इससे पहले प्रतिमा की जल वास, अन्न वास, शैया वास, औषधि वास, फलवास पूजा होगी।



प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की जानकारी देते ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय।

### 20 से अस्थाई मंदिर में दर्शन बंद

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों के चलते 20 और 21 जनवरी को भक्त रामलला के दर्शन नहीं कर पाएंगे। सभी लोगों के लिए दर्शन बंद किए जाने पर गंभीरता से विचार चल रहा है।

### ये मेहमान होंगे प्राण प्रतिष्ठा में शामिल

गर्भगृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, आरएसएस प्रमुख डॉ.मोहन भागवत, सीएम योगी आदित्यनाथ, ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्यगोपाल दास मौजूद रहेंगे। चंपत राय ने बताया कि समारोह में सभी ट्रस्टी और 150 परम्पराओं के संत, धर्माचार्य मौजूद रहेंगे। इसके अलावा पुलिस से लेकर पैरा मिलिट्री फोर्स के अधिकारी, साहित्यकार, पद्म पुरस्कार विजेता शामिल होंगे। मंदिर निर्माण करने वाली एल एंड टी , टाटा के इंजीनियर्स और मंदिर बनाने में लगी टीम के 500 लोग, जिसे इंजीनियर्स की टीम कह सकते हैं, समारोह में शामिल रहेंगे। इसके अलावा शैव, वैष्णव, सिख, बौद्ध, जैन, कबीर पंथी, इस्कॉन, भारत सेवाश्रम संघ, राम कृष्ण मिशन, गायत्री परिवार, राधा स्वामी, गुजरात के स्वामी नारायण, लिंगायत के धर्मात्मा रहेंगे।

**150** और छह दर्शन परम्पराओं के संतों के साथ 56 देशों के प्रतिनिधि, सभी भारतीय विधाओं के विशिष्ट बनेंगे साक्षी

### सभी नदियों के जल से होगा अभिषेक

ट्रस्ट महासचिव ने बताया कि भारत की सभी मुख्य नदियों का जल अयोध्या आ चुका है। सभी जलों से रामलला का अभिषेक होगा। इसके अलावा नेपाल में राम जी की ससुराल, उनके ननिहाल छत्तीसगढ़ से उपहार आए हैं। जोधपुर से बैलगाड़ी पर घी आया है।

### अनुष्ठान से पहले गूंजेगी मंगल ध्वनि

प्राण-प्रतिष्ठा की मुहूर्त से पहले रामजन्मभूमि मंदिर में शुभ प्रतिष्ठा लिए मंगल ध्वनि का आयोजन किया जाएगा। प्रात: 10 बजे से लगभग दो घंटे तक देश के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक वाद्ययंत्रों का वादन होगा। ट्रस्ट के महासचिव ने बताया कि मंगल ध्वनि के आयोजन में उत्तर प्रदेश के पखावज, बांसुरी और ढोलक, कर्नाटक की वीणा, महाराष्ट्र-सुंदरी, पंजाब-अलगोजा, उड़ीसा- मर्दल, मध्य प्रदेश- संतूर, मणिपुर-पुंग, असम- नगाड़ा, काली, छतीसगढ़-तंबूरा, बिहार, पखावज, दिल्ली शहनाई, राजस्थान- रावणहत्था, पश्चिम बंगाल- श्रीखोल, सरोद, आंध्र प्रदेश- घटम, झारखंड-सितार, गुजरात- संतार, तमिलनाडु- नागस्वरम्, तविल और मृदंगम, उत्तराखंड- हुड़का जैस वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति दक्ष कलाकार देंगे।

### आज से 21 जनवरी तक होने वाली पूजा विधियों को भी जानें

ट्रस्ट की ओर से जारी सूचना के अनुसार 16 जनवरी को प्रायश्चित एवं कर्म कुटी पूजन, 17 को मूर्ति का परिसर प्रवेश, 18 को सायं तीर्थ पूजन व जलयात्रा, जलाधिवास एवं गंधाधिवास, 19 को सुबह औषधिवास, केसराधिवास आदि और 20 को सुबह फलाधिवास व शाम को पुष्पाधिवास और 21 जनवरी को सुबह मध्याधिवास, शाम को शय्याधिवास। इस प्रकार द्वादश अधिवास होंगे। ट्रस्ट के अनुसार सामान्यत प्राण प्रतिष्ठा के लिए सप्त अधिवास होते हैं। न्यूनतम तीन अधिवास चलन में हैं।

### बढ़ाया जा सकता है रात्रि में दर्शन का समय

ट्रस्ट महासचिव ने बताया कि विभिन्न संगठनों द्वारा यहां दर्शन के लिए आने के कारण भविष्य में रात्रिकालीन दर्शन अवधि बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि विहिप और संघ के लोग यहां आए और दर्शन करें यथासंभव रात्रि निवास न हो इसके लिए रात्रि में दर्शन अवधि बढ़ाई जा सकती है। ठंड को देखते हुए ऐसा विचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा स्टोन स्टैक्चर सौ – दो सौ वर्षों में नहीं बना है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत का यह पहला इतना बड़ा आयोजन है जिसे पूरा संसार देखेगा।

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जानें क्या-क्या है विशेष तैयारियां

- 150 परम्पराओं के संत, महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर और श्रीमहंत आदि, 50 से अधिक आदिवासी, गिरीवासी आदि परंपरा के संत।
- इंजीनियर्स गुरुप से एल एंड टी और टाटा के 500 इंजीनियर्स, वेंडर, सब कानटेक्टर आदि भी बनेंगे समारोह के साक्षी।
- साधु-संतों के अतिरिक्त सभी दर्शन परम्पराओं जैसे कबीरपंथी, रामकृष्ण मिशन आदि के विशिष्ट जन भी मौजूद रहेंगे।
- प्राण प्रतिष्ठा के लिए निर्धारित परिसर में आठ हजार कुर्सियां लगाई जाएंगीं, आमंत्रित सभी के लिए अल्पाहार व भोजन व्यवस्था।
- 20 और 21 को दर्शन अवधि बंद रहने के दौरान भगवान को पुजारी ही आरती, भोग आदि लगायेंगे।
- प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व सभी का प्रवेश सुबह 10 .30 बजे सुनिश्चित किया गया है। लोगों को संभवत शाम पांच बजे तक रुकना होगा।
- 22 को 25 चार्टड प्लेन आने की संभावना है। 18 से 21 तक 100 जहाज आने की सूचना मिल रही है। ट्रस्ट ने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट अर्थॉरिटी से व्यवस्था का अनुरोध किया है।
- 26 जनवरी से फरवरी के अंतिम सप्ताह तक विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस के कार्यकर्ता पदाधिकारी करेंगे दर्शन, नित्य 4500 से 5000 लोगों के आने का अनुमान।
- 56 देशों से एक – एक प्रतिनिधि आमंत्रित, हांगकांग और अमेरिका से टोलियाँ भी रहेंगी मौजूद।
- जन्मभूमि परिसर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए बनाए गए हैं नौ कुंड और 121 वैदिक आचार्य, संपूर्ण विधि निर्धारित यज्ञशाला में होगी।
- प्राण प्रतिष्ठा समारोह की संपूर्ण विधि संयोजक गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ एवं प्रमुख आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के द्वारा सम्पन्न होगी।
- देश व प्रदेश वासियों से 22 की शाम सूर्यास्त के बाद घर के बाहर पांच दीपक श्रीराम लला के नाम जय जय श्रीराम के उदघघोष के साथ जलाने व शंखनाद का भी आह्वान।

### रात को रोशनी से जगमगाता राम मंदिर







**अयोध्या। अमृत विचार :** 22 जनवरी को होने वाले रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को अब कुछ ही दिन शेष हैं, ऐसे में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंदिर के भूतल पर निर्माण सहित अन्य कार्य पूरा होने के बाद ट्रस्ट की ओर से रविवार देर रात मंदिर की कुछ नई तस्वीरें जारी की गई हैं। रात के अंधेरे में लाइट की रोशनी से जगमगाती मंदिर तस्वीर आकर्षित करने वाली है।

### 16 से प्रारम्भ होने वाले पूजन के यजमान ही 22 के भी होंगे यजमान

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने प्राण प्रतिष्ठा पूजन को लेकर सोमवार को नई जानकारी दी है। उन्होंने नाम की जानकारी देने से इंकार करते हुए बताया कि 16 से प्रारम्भ होने वाले प्राण प्रतिष्ठा पूजन के यजमान ही 22 को अल्प अवधि के पूजन के यजमान होंगे। उन्होंने बताया कि यजमान तय कर लिए गए हैं लेकिन अभी नाम की जानकारी नहीं दी जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में रामलला की पूजित हो रहीं मूर्ति भी गर्भगृह में स्थापित होने जा रही पांच वर्षीय रामलला की मूर्ति के साथ रहेगी।

### मकर संक्रांति पर रामलला को लगा खिचड़ी, पापड़, घी अचार का भोग

**अयोध्या, अमृत विचार :** मकर संक्रांति पर राम जन्मभूमि परिसर स्थित अस्थाई राम मंदिर में रामलला को दही, घी के साथ खिचड़ी, पापड़ का भोग लगाया गया। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि भगवान सूर्य के उत्तरायण होने पर मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। मकर संक्रांति पर सोमवार को श्री रामलला को खिचड़ी के साथ घी दही अचार पापड़ और तिल से बने व्यंजन का भोग लगाया गया है। यह प्रसाद राम भक्तों में वितरित किया गया।

# डिपो नहीं आएंगी बसें, अयोध्या धाम जंक्शन पर नहीं रुकेंगी ट्रेनें

*प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर 19 की शाम से हाईवे और 21 की सुबह से शहर में लागू होगा रूट डायवर्जन*

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार:** प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर यातायात पुलिस की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था के मद्देनजर 19 की शाम से हाईवे पर अंतरजनपदीय और 21 की सुबह से अंतरजनपदीय रूट डाइवर्जन लागू करने का निर्णय लिया है।

इस बार समारोह को लेकर आइसोलेशन का दायरा बढ़ाया गया है। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लकेर 21 व 22 जनवरी को डिपो पर कोई रोडवेज बस नहीं आएगी। अयोध्या धाम जंक्शन पर 22 जनवरी को ट्रेनों का ठहराव नहीं होगा। हालांकि आकस्मिक सेवा और कार्यक्रम से जुड़े वाहनों को इस प्रतिबंध के दायरे से बाहर रखा गया है। समारोह के मद्देनजर 19 जनवरी की शाम चार बजे से हाईवे पर अन्य जनपदों से ही भारी वाहनों को डाइवर्ट किया जाएगा। एसपी यातायात एपी सिंह ने सोमवार को बताया कि विभिन्न स्तर के रुट डाइवर्जन के लिए मुख्यालय से संबंधित जनपदों को सूचित किया गया है।



अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन।

### प्राण-प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या की ओर नहीं आएगा कोई वाहन

एसपी यातायात एपी सिंह ने सोमवार को बताया कि मुख्य समारोह के दिन 22 जनवरी को आमंत्रित अतिथियों, पास धारक तथा आकस्मिक सेवा से जुड़े वाहनों के अलावा सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक प्रयागराज हाईवे पर पूराकलंदर थाने से, रायबरेली हाईवे पर सरियावां चौराहे से,लखनऊ हाईवे पर सोहावल ओवरब्रिज से, गोरखपुर हाईवे पर बस्ती जिले के घघौवा और गोंडा के लकड़मंडी तिराहा व लोलपुर से अयोध्या की ओर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान सुल्तानपुर की ओर से आने वाले वाहनों को पिपरी मोड़,थाना पूराकलन्दर रोड से रामपुर भगन, तारुन, हैदरगंज, भीटी व जमूरतगंज, इटौरा तिराहा,अंजना बिलहरघाट,पूराबाजार के रास्ते अम्बेडकरनगर रोड तथा मसौधा तिराहे से महावा चौराहा, सरियावां चौराहा होते हुए रायबरेली रोड पर जाएंगे। रायबरेली की ओर से आने वाले वाहन मिल्कीपुर चौराहे से हैरिंग्टनगंज,खजुरहट व सरियावां चौराहा से महावां चौराहा, मसौधा तिराहा सुल्तानपुर रोड पर जाएंगे। अमानीगंज रोड,रुदौली व आजादनगर-सोहावल होते हुए लखनऊ हाईवे, लखनऊ हाईवे पर वाले वाहन हाईवे स्थित सोहावल ओवरब्रिज से ढेमुआघाट व सोहावल, आजादनगर, सरियावां चौराहा के रास्ते अपने गंतव्य को जा सकेंगे। अम्बेडकरनगर की ओर से आने वाले वाहन पूरा बाजार तिराहा बिलहरघाट, जलालपुर, सुल्तानपुर रोड व आने वाले वाहन कूढ़ाकेशवपुर,अचारी का सगरा,इटौरा, जलालपुर के रास्ते गंतव्य को जा सकेंगे।

- नवीन मंडी से शान्ति चौक (एयरपोर्ट), अग्रसेन तिराहे वैरियर से शांति चौक, नवीनमंडी अण्डरपास तथा जनौरा कट,साईदाता कुटी,साकेतपुरी कॉलोनी मोड़, देवकाली ओवर ब्रिज,महोबरा ओवरब्रिज,साकेत फ्लाई ओवर से आवागमन बंद रहेगा।
- शहर से अयोध्या धाम आने वाले वाहन बेनीगंज तिराहे से देवकाली,उदया चौराहा से गैस गोदाम तिराहे,रानोपाली रेलवे कासिंग से दाहिने लंगड़वीर चौराहा होकर परिक्रमा मार्ग के रास्ते जाएंगें। साकेत डिग्री कॉलेज,विद्याकुण्ड तिराहा,बड़ी छावनी,रामघाट चौराहा, दीनबन्धु अस्पताल,गोलाघाट,मौनीबाबा आश्रम, मरदहिया घाट, मंत्रार्थ मण्डपम् से अयोध्या धाम में प्रवेश पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।

# इस तरह वाहनों का होगा आवागमन



- गोरखपुर से लखनऊ जाने वाले वाहन कौड़ीराम से होते हुए बडहलगगंज, दोहरीघाट, जीयनपुर, आजमगढ़ से पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते लखनऊ जाएंगे।
- गोरखपुर से संतकबीरनगर, बासी, मेंहदावल, डुमरियागंज, उतरौला, बलरामपुर, गोण्डा, जरवल रोड, चौकाघाट से बदोसराय होते हुए सफदरगंज के रास्ते लखनऊ जाएंगे।
- बस्ती से कलवारी-टाण्डा-अकबरपुर-दोस्तपुर के रास्ते पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे होते हुए लखनऊ जाएंगे।
- आगरा एक्सप्रेस-वे से आने वाले वाहन मोहान-जुनाबगंज-मोहनलालगंज-गोसाइगंज से पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे से गोरखपुर जाएंगे।
- सीतापुर-शाहजहाँपुर से बस्ती-गोरखपुर जाने वाले वाहन आईआईएम रोड दुबग्गा, आलमबाग, नहरिया, शहीदपथ,अहीमामऊ होते हुए पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते जाएंगे।
- बलरामपुर, बहराइच, गोण्डा, श्रावस्ती से अयोध्या होकर लखनऊ जाने वाले वाहन गोण्डा, करनैलगंज,जरवल रोड, चौकाघाट, बदोसराय,सफदरगंज के रास्ते लखनऊ जाएंगे।
- सुल्तानुपर से बस्ती, गोरखपुर को जाने वाले वाहन कूडेभार से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते जाएंगे।
- रायबरेली से बस्ती-गोरखपुर जाने वाले वाहन हलियापुर से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुए जाएंगे।
- लखनऊ-बाराबंकी की ओर से आने वाले वाहन चौकाघाट, जरवल रोड, करनैलगंज व रामसनेही घाट-हैदरगढ़ के रास्ते जाएंगे।
- आजमगढ़-अम्बेडकरनगर से लखनऊ जाने वाले वाहन अम्बेडकरनगर से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते डाइवर्ट किये जाएंगे।
- कानपुर की ओर से आने वाले वाहन फतेहपुर, हुसैनगंज थाना से पहले गंगासो पुल थाना सरैनी (रायबरेली), लालगंज कस्बा से गुरबक्शगंज, बछरावां, शिवगढ़ होते हुए हैदरगढ़ से पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते गोरखपुर आएंगे और जाएंगे।

- 21 जनवरी की सुबह 8 बजे से प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी की शाम 8 बजे तक प्राण-प्रतिष्ठा में आमंत्रित, पास धारक और अयोध्या जनपद में पंजीकृत वाहनों को ही आवागमन की अनुमति होगी। इस दौरान सुल्तानुपर से आने वाले वाहन कूड़ेभार से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से होकर जाएंगे। लखनऊ-बाराबंकी की ओर से आने वाले वाहन दिलौना (रामसनेही घाट) से भिटरिया, हैदरगढ़, दरियाबाद, टिकैतनगर, रामनगर, बस्ती से आने वाले वाहन कलवारी मोड़ से टाण्डा, अकबरपुर, दोस्तपुर से पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे होते हुए जाएंगे।
- अम्बेडकरनगर की ओर से आने वाले वाहन यादव नगर से भीटी, हैदरगंज, बेरु बाजार, चौरे बाजार, रायबरेली से आने वाले वाहन हलियापुर से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुए जाएंगे। बलरामपुर, बहराइच, गोण्डा, श्रावस्ती से अयोध्या होकर लखनऊ जाने वाले वाहन गोण्डा, कर्नलगंज,जरवल रोड,चौकाघाट, बदोसराय, सफदरगंज,लखनऊ मार्ग पर ही चलेंगे।

# लोग संयम रखें, 21 से 23 तक घरों से न निकलें



निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त व आईजी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर 20 जनवरी से ही वीआईपी मूवमेंट बढ़ जाएगी। इसे देखते हुए मंडलायुक्त गौरव दयाल ने लोगों से अपील करते हुए सहयोग भी मांगा है। उन्होंने कहा कि लोग संयम बनाए रखें और व्यवस्था में सहयोग करते हुए 21 से 23 जनवरी के बीच घरों से न निकलें। नया घाट पर आईजी प्रवीण कुमार के साथ सोमवार दोपहर सुरक्षा के बंदोबस्त का निरीक्षण करने पहुंचे मंडलायुक्त ने कहा कि मंडल के सभी जनपदों में आमजनमानस से 22 जनवरी को अयोध्या न जाने की अपील की जा रही है। साथ ही पुलिस बल को विशेष सतर्कता बरतने और पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या आने वाले अतिथियों के आवागमन के लिए ग्रीन कॉरीडोर की व्यवस्था की जाएगी। कोई भी मंडलीय या संबंधित अधिकारी 22 जनवरी तक मुख्यालय नही छोड़ेगा।

### जेटी से गोंडा तक रहेगी नजर

नयाघाट पर आरती स्थल के सामने सरयू नदी में तीन हजार स्वाक्वयर फीट में बने जेटी का निरीक्षण करते हुए आईजी प्रवीण कुमार ने कहा कि हमारी निगरानी गोंडा तक रहेगी। जेटी में लगे हाई सेंसर के कैमरों से जल मार्ग पर भी नजर रखी जा रही है। साथ ही सरयू प्रहरी के रूप में स्थानीय नागरिकों की भी मदद ली जा रही है।

### रामकथा सुन भाव विभोर हुए भक्त



रामकथा में व्यासगद्दी पर बैठे स्वामी रामभद्राचार्य।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामनगरी स्थित बड़ा भक्तमाल की बगिया में आयोजित 1008 कुंडिय हनुमन महायज्ञ व अमृत वर्ष के दूसरे दिन सोमवार को रामकथा सुन श्रोता भाव-विभोर हो गए। सीताराम-सीताराम नाम जाप से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। वहीं कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वहां मौजूद लोगों का मन मोह लिया। रामकथा का अमृतपान करा रहे पद्मविभूषण तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य ने कहा कि अयोध्या के इस ऐतिहासिक प्रांगण में चल रही कथा शृंखला के 1283वीं श्रीरामकथा है। इसके अलावा यहां आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में आए विभिन्न हस्तियों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन पूजन भी हुआ।

### विदेशी छात्रों ने भी लगाए जय श्रीराम के नारे

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह विदेशी छात्रों के भी सिर चढ़ कर बोल रहा है। एएनडी कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के विदेशी छात्रों ने सोमवार को जय श्रीराम के नारे लगा कर प्राण प्रतिष्ठा के प्रति उत्साह दर्शाया। विवि में दूसरे दिन भी छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. डीके द्विवेदी की देखरेख में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विदेशी छात्र-छात्राओं, एनएसएस की सभी इकाइयां, एनसीसी कैडेटों, अधिष्ठाता, निदेशक, छात्रावास अधीक्षक, शिक्षक, कर्मचारी, वैज्ञानिक व छात्र-छात्राओं ने मिलकर ने कुलपति के साथ फावड़े चलाए व साफ-सफाई की। कुलपति ने छात्र-छात्राओं से पढ़ाई के साथ छात्रावास व आसपास के पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने की अपील की।

**आस्था की डगर** — लखनऊ से 11, गोरखपुर से आने वालों को तीन किमी चलने पर मिलेगा जन्मभूमि पथ

# दो द्वार, धर्मपथ से आने वालों को जल्दी होगा दीदार

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** इंतजार की घड़ियां अब खत्म होने वाली हैं। 23 जनवरी से आप अपने आराध्य श्रीराम के जन्मभूमि में बने भव्य मंदिर में दर्शन कर सकेंगे। 22 को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले मंदिर जाने वाले सभी मार्गों को त्रेता युग की तरह सजाया और संवारा जा रहा है। खास तौर से अयोध्या में प्रवेश के दो मुख्य द्वारों की भव्यता निहारते ही बनती है। सहादतगंज प्रवेश मार्ग हो या फिर बालू घाट चौराहा। दोनों ही तरफ बड़ी-बड़ी मूर्तियां और स्वागत के बोर्ड लग गए हैं, लेकिन अहम बात यह है कि दोनों द्वारों से मंदिर की दूरी में बड़ा अंतर है।

अगर आप लखनऊ सड़क मार्ग से अयोध्या में प्रवेश कर रहे हैं तो आप 11 किलोमीटर चलने के बाद जन्मभूमि पथ पर आ सकेंगे। गोरखपुर या उस रास्ते से अयोध्या में प्रवेश करने वाले श्रद्धालु धर्म पथ व रामपथ के रास्ते तीन किलोमीटर चलने के बाद ही जन्मभूमि पथ पर पहुंच जाएंगे। लखनऊ से आने वालों को सहादतगंज स्थित प्रवेश द्वार से प्रवेश करते हुए रामपथ से जन्मभूमि पथ तक आना होगा। सहादतगंज से जन्म भूमिपथ की दूरी 11 किमी. है। बिहार- गोरखपुर से आने वाले श्रद्धालु बालू घाट स्थित धर्मपथ से प्रवेश करेंगे। 1200 मीटर पर लता चौक से बाएं होते हुए 1800 मीटर चलने पर जन्मभूमि पथ पहुंच जाएंगे।



रामपथ का मुख्यद्वार।



धर्मपथ का मुख्यद्वार।

### जन्मभूमि पथ पर यात्री सुविधाओं का खास ख्याल

अयोध्या पहुंचने के बाद आपको रामलला का दर्शन करने के लिए जन्मभूमि पथ पहुंचना पड़ेगा। बिड़ला मंदिर के सामने 470 मीटर का जन्मभूमि पथ बनाया गया है। इस पथ यात्री सुविधाओं का खास ख्याल रखा गया है। जगह-जगह पेयजल व शौचालय के इंतजाम के साथ ही आराम करने के लिए शेड भी बनाये गए हैं। इस रास्ते पर आपको पैदल ही चलना पड़ेगा। दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर इत्यादि की भी व्यवस्था है। आगे जाकर सुरक्षा के तीन चक्रों को पार करने के बाद ही श्रद्धालु रामलला के दर्शन पा सकेंगे।

**जन्मभूमि पथ पर 470 मीटर पैदल चलने के बाद ही मिलेंगे रामलला के दर्शन**

### आगमन पथ पर चूड़ामणि चौराहे से से प्रवेश का अलग है आनंद

अयोध्या आने के आगमन पथ तो कई बना दिये गए हैं, लेकिन चूड़ामणि चौराहे से प्रवेश करने का आनंद अलग रहेगा। अयोध्या-गोरखपुर हाईवे से महोबरा जाने वाले मार्ग से होते हुए आप चूड़ामणि चौराहा पहुंचेंगे। वहां सीता माता का बड़ा चूड़ा सांकेतिक रूप से लगाया गया है। यहां से टेढ़ी बाजार होते हुए आप 1800 मीटर का सफर करते हुए आसानी से जन्मभूमि पथ पहुंच सकते हैं। इसके अलावा देवकाली बाईपास के नजदीक साकेतपुरी कॉलोनी मार्ग व रेलवे स्टेशन से अस्पताल मार्ग से भी जन्मभूमि पथ जाया जा सकता है।



> रामपथ व धर्मपथ समेत हमारे सभी कॉरिडोर लगभग पूरे हो चुके हैं। अब सिर्फ सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। वह भी अंतिम चरण में है। 23 जनवरी से श्रद्धालुओं के लिए दर्शन शुरू हो जाएंगे। **-नितीश कुमार, जिलाधिकारी।**

## एसटीएफ ने नशे के आठ सौदागरों को दबोचा

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफ ने नशे के आठ अन्तरराज्यीय सौदागरों को सोमवार को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो कारों में भरे 80 किलो गांजा बरामद किया गया। कार में फर्जी नंबर प्लेट लगी थी। पकड़े गए नशे के तस्करो में अभिषेक कुमार (राजस्थान), सुमित (राजस्थान), भीमसेन फरुखाबाद, सोनवीर उर्फ सोनू (मथुरा), विमलेश (हरदोई), मोन्टू सिंह चौहान (राजस्थान), संदीप कुमार (हरदोई) और राजाराम चौधरी (राजस्थान) बताए गएं हैं। बिहार से मादक पदार्थो की तस्करी की मिल रही सूचनाओं को लेकर एसटीएफ टीम सक्रिय थी। इसी बीच एसटीएफ टीम को सूचना मिली कि कुछ लोग बिहार से दो कारों में गांजा की बड़ी खेप लेकर प्रयागराज होते हुए दिल्ली जा रहे हैं। इस सूचना पर एसटीएफ टीम ने सक्रियता दिखाते हुए नैनी (प्रायगराज) में कर्मचारी बीमा अस्पताल के पास दोनों कारों को रोककर तलाशी ली। उसमें भारी मात्रा में गांजा मिला। एसटीएफ टीम ने उसको कब्जे में लेकर कार में सवार आठ तस्करों को हिरासत में ले लिया।

# उत्तरी सीमाओं पर हर स्थिति से निपटने में सेना सक्षम : सेनाध्यक्ष

## 76वां सेना दिवस : लखनऊ छावनी के 11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में पहली बार मनाया गया सेना दिवस, भव्य परेड हुई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



सोमवार को जीआरआरसी परेड ग्राउंड लखनऊ छावनी में सेना दिवस परेड का निरीक्षण करते थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे।

**अमृत विचार :** उत्तरी सीमाओं पर हमारी सेना हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार और सक्षम है। पश्चिमी सीमाओं पर जम्मू और कश्मीर के हालात भी नियंत्रण में हैं, लेकिन पिछले कुछ महीनों में राजोरी-पुंछ और पीर पंजाल के दक्षिणी क्षेत्रों में आतंकवादी हरकतों में वृद्धि देखी गई हैं। घुसपैठ के प्रयासों से यह स्पष्ट है कि सीमा पार आतंकी ढांचा अभी भी बरकरार है। घुसपैठ की हर कोशिश को हमारी सेना द्वारा पूरी सतर्कता के साथ विफल किया जा रहा है। ये बातें सोमवार को लखनऊ छावनी के 11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में आयोजित 76वें सेना दिवस में थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने कहीं।

थल सेना ने लखनऊ में पहली बार सेना दिवस मनाया। स्मृतिका युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि समारोह के साथ सेना दिवस समारोह की शुरुआत हुई। सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे की मौजूदगी में भव्य परेड हुई। परेड में छह मार्चिंग टुकड़ियों और एक सैन्य बैंड शामिल हुआ। परेड की शोभा विभिन्न रेजिमेंटल केंद्रों से छह रेजिमेंटल ब्रास बैंड और चार पाइप बैंड ने बढ़ाई। संयुक्त बैंड की कमान सूबेदार मेजर राजेंद्र सिंह ने संभाली। जबकि परेड में शामिल मार्चिंग टुकड़ियों की कमांडिंग ब्रिगेडियर नवदीप सिंह, मेजर जनरल सलिल सिंह, लेफ्टिनेंट ऐश्वर्या एजी व लेफ्टिनेंट सागर शर्मा ने की।

मार्चिंग टुकड़ियों ने सलामी दी। इनके साथ कदम से कदम मिलाकर पैरा कमांडो चले। भारतीय सेना के करीब 500 जवान इस भव्य परेड का हिस्सा बने। अंत में उन्होंने परेड की समीक्षा की। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने 15 वीरता पुरस्कार और 23 यूनिट प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के प्रमुख जनरल करिअप्पा और रक्षा बलों के सम्मान में हर साल सेना दिवस मनाया जाता है। अपनी क्षमता का विकास करने के लिए हमने कई ठोस कदम उठाएं हैं और हाल में आपातकालीन प्रावधानों के जरिए कई आधुनिक उपकरणों की आपूर्ति की है। अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और वरिष्ठ सैन्य कर्मी उपस्थित थे।

**पैरामोटर से उतरे जवान तो युद्धाभ्यास ने किया मंत्रमुग्ध :** परेड के बाद सैनिकों ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। शुरुआत डेयर डेविल्स ने की। इसमें शामिल 35 मोटरसाइकिलों से जवानों ने एक के बाद एक कर हैरतअंगेज करतब दिखाए। किसी ने हाथ छोड़कर बाइक चलाई तो किसी ने खड़े होकर स्टंट किया। सीट सिटिंग बैलेंस, एरोहेड फॉर्मेशन, कॉर्नर क्रॉस, क्रिस क्रॉस, इनर आउटर सर्कल, सिंगल सिजर क्रॉस, टैंक बैलेंस जैसे स्टंट करके दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

आर्मी एविएशन हेलीकॉप्टरों द्वारा फ्लाई पास्ट किया गया। इस दौरान दुश्मनों से लड़ने के लिए सैनिक हेल्पीकॉप्टर से नीचे कूदे तो दूसरी तरफ एक पैरा मोटर टीम के जवान आसमान से नीचे उतरकर शौर्य प्रदर्शन किया।

▸▸ थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने सैनिकों को दिए मेडल

### इन्हें मिला सेना मेडल

मेजर उमेश शर्मा, मेजर संतोष कुमार, मेजर वंशय कपूर, कैप्टन कार्तिकेय चमोली, कैप्टन सिद्धार्थ शेखर शुक्ला, हवलदार गुरुप्रीत सिंह, नायक खेमचंद्र, गनर रामालिंगम के, सिपाही दिनेश मुर्मू,व एसडब्ल्यूआर रवी शर्मा को सेना मेडल मिला। वहीं, सूबेदार प्रभु सिंह के मरणोपरांत उनकी पत्नी सुमन देवी, लांस नायक निशाल सिंह की पत्नी रमनदीप कौर, सिपाही संतोष यादव की पत्नी धर्मशिला देवी व सिपाही चव्हाण रोमित तानाजी की माता वैशाली को सेना मेडल दिया गया।

### आसमान से कूदे पैरा कमांडो, दुश्मनों को किया ढेर

लखनऊ। भारतीय सेना के पैरा कमांडो ने सूर्या खेल परिसर में शौर्य प्रदर्शन कर दुश्मनों को धूल चटाई। प्रदर्शन में दो देशों के बीच हुए युद्ध में एक शहर को दुश्मनों के हमले से बचाया। हेलीकॉप्टर में उड़ रहे पैरा कमांडो ने एडवांस लाइटों से दुश्मनों के लक्ष्य पर निशाना लगाया और दूसरी तरफ फाइटर प्लेन में उड़ रहे 10 पैरा कमांडो 30 हजार फिट की ऊंचाई से 200 किमी की रफ्तार से नीचे कूदे। सैनिकों ने एक-एक करके चार हजार फिट की ऊंचाई से पैराशूट खोले और नीचे उतर कर कई जोन में बंट गए। उधर दूसरी टीम ने नौ ड्रोन से क्षेत्र की निगरानी की और दुश्मनों की हरकतों को भांपकर कमांडो को जानकारी दी और साहसी प्रदर्शन कर ढेर कर दिया। दूसरी तरफ, शत्रु मुख्यालय में भारतीय सेना ने घुसपैठ की। इसकी भनक लगने पर दुश्मन कमांडर के आदेश पर घेराबंदी की गई। इसे तोड़ते हुए पैरा कमांडो पहले माउंटेन बाइकर दस्ता से पहुंचे और मुख्यालय को आगे से घेर लिया। इसके बाद हेलीकॉप्टर से उतरे कमांडो ने दुश्मनों को गोलियों से ढेर किया और मुख्यालय का दरवाजा तोड़ते हुए अंदर पहुंचे और वहां छिपे दुश्मनों पर हमला किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह रहे। जिन्हें लेफ्टिनेंट डिंपल सिंह भाटी ने बाइक पर खड़े होकर सल्यूट किया। कार्यक्रम में थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, महापौर सुषमा खर्कवाल आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा ने शुरू किया देशव्यापी दीवार लेखन अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मकर संक्रांति के दिन सोमवार से शुरू हुए देशव्यापी दीवार लेखन कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ में कमल का फूल बनाकर और नारे लिखकर शुरूआत की। जबकि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अयोध्या में अभियान शुरू किया। जगह-जगह दीवारों पर मिशन-80 से जुड़े विभिन्न स्लोगन लिखे गए।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने लखनऊ में सहकारिता भवन के निकट मध्य विधानसभा में बूथ नम्बर 240 के अन्तर्गत दीवार पर चुनाव निशान कमल बनाया और 'एक बार फिर से मोदी सरकार' नारा लिखकर दीवार लेखन कार्यक्रम शुरू किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ में क्राइस्ट चर्च स्कूल के पास हजरतगंज में और ब्रजेश पाठक ने अयोध्या में दीवार लेखन कर अभियान में सहभागिता की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने दीवार लेखन के पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुए लोगों से अपील की कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से मोदी सरकार के संकल्प के साथ भाजपा को अपना मत और समर्थन देकर ऐतिहासिक जीत दिलाएं।

### आज मुख्यमंत्री गोरखपुर में करेंगे दीवार लेखन

पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को गोरखपुर की सदर विधानसभा में दीवार लेखन कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इसी दिन से पूरे प्रदेश में सभी पदाधिकारी, केंद्र सरकार के मंत्री, सांसद और जनप्रतिनिधियों सहित अन्य वरिष्ठ नेता बूथ पर दीवार लेखन करेंगे। जबकि 17 जनवरी को राज्य सरकार के मंत्री, विधायक और विधान परिषद सदस्य अपनी विधानसभा में बूथ पर दीवार लेखन कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।

## किसानों को जल्द ही 30 हजार सोलर पंप देगी सरकार

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना के तहत जल्द ही 30 हजार सोलर पंप किसानों के खेतों पर लगाने का लक्ष्य पूरा होगा, साथ ही अगले साल 44 हजार 250 सोलर पंप लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए 168.63 करोड़ की धनराशि का प्रावधान किया गया है। शासन के अपर मुख्य सचिव डा. देवेश चतुर्वेदी ने कृषि निदेशक को संबोधित शासनादेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि पीएम कुसुम योजना से किसानों के खेतों पर सोलर पंप की स्थापना एमएनआरई, भारत सरकार व राज्य सरकार के अनुदान से वर्ष 2020-21 से शुरू कराई गई थी। अबतक 30 हजार 177 सोलर पंप लग चुके हैं। अब 2023-24 की प्रशासनिक स्वीकृति के बाद 30 हजार सोलर पंप लगाने का लक्ष्य जल्द ही वित्तीय सत्र समाप्त होने से पहले हासिल करना है।

## अंतर्राष्ट्रीय शायर मुनव्वर राना सुपुर्द-ए-ख़ाक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




▸▸ अपनी शायरी के जरिये हमेशा जिन्दा रहेंगे मुनव्वर : जावेद अख्तर

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के शायर मुनव्वर राना को ऐशबाग कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-ख़ाक कर दिया गया। दोपहर एक बजे उन्हें नदवा कालेज लाया गया। जहां उनकी नमाज-ए-जनाजा में हजारों लोगों ने शिरकत की। अपने घर से आखिरी सफ़र पर निकले मुनव्वर राना को कंधा देने पहुंचे मशहूर शायर और स्क्रिप्ट लेखक जावेद अख्तर ने कहा कि मुनव्वर राना ने जिस किस्म की शायरी को अपनी पहचान बनाया वह बहुत मुश्किल काम है। अपनी शायरी के जरिये वह हमेशा जिन्दा रहेंगे।

मुनव्वर राना के घर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि वह देश के बड़े शायर थे। अपनी लेखनी के जरिये उन्होंने लोगों को जगाने का काम किया। मां के बारे वह लिखते थे उसे लोग बड़े गौर से सुना करते थे। ऐशबाग कब्रिस्तान में जब मुनव्वर राना को सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया उस समय वहां विधायक रविदास मेहरोत्रा, कांग्रेस नेता अमीर हैदर, शायर मलिक जादा जावेद, चरण सिंह बशर, मोहम्मद अली साहिल, मौलाना शफीक हुसैन शफक, डॉ. तारिक कमर समेत बड़ी संख्या में शायर, लेखक, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाइक ने बहुत भावुक शब्दों में लिखा है कि मैं शायद एकमात्र संघी था जिसे मुनव्वर राना दिल से चाहते थे। राम नाइक ने याद किया कि जून 2017 में मुनव्वर राना पीजीआई में भर्ती थे और मैं उन्हें देखने चला गया तो स्वस्थ होने के बाद मुनव्वर राना ने लिखा कि राजनीति में राम नाइक जैसे सौ-दो सौ लोग पैदा हो जाएं तो इस देश में दवा और अन्न के बगैर मरने वालों की संख्या न के बराबर होगी। उन्होंने कहा कि मां पर लिखी मुनव्वर राना की शायरी के जरिये हम हमेशा उन्हें याद रखेंगे।

भारत-पाकिस्तान बंटवारे के समय मुनव्वर राना के बहुत से रिश्तेदार देश छोड़कर चले गए लेकिन साम्प्रदायिक तनाव के बावजूद मुनव्वर राना के पिता ने देश को न छोड़ने का फैसला किया। मुनव्वर राना ने बाद में बंटवारे में जो मुहाजिरनामा लिखा उसे भारत में बहुत सम्मान से पढ़ा जाता है. मुनव्वर राना की शायरी का कई भाषाओं में अनुवाद हुआ है। मुनव्वर राना की एक दर्जन से ज्यादा पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं।

## कतर्नियाघाट के बैराज में बहते मिले बाघिन के शव का हुआ पोस्टमार्टम

संवाददाता, बहराइच

▸▸ जांच के लिए आईबीआरआई केंद्र बरेली भेजा गया बिसरा

**अमृत विचार :** जिले के चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज में रविवार को एक बाघिन का पानी में बहता शव बरामद हुआ था। सोमवार को रेंज कार्यालय में फील्ड डायरेक्टर की मौजूदगी में बाघिन के शव का पोस्टमार्टम हुआ। फील्ड डायरेक्टर ने बाघिन की मौत को स्वाभाविक बताया।

कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह गिरिजापुरी बैराज बैराज के गेट नंबर 19 के पास रविवार को पानी में एक बाघिन का शव उतराता मिला। सूचना पाकर डीएफओ बी शिवकुमार, एसडीओ और रेंजर पहुंचे। सोमवार को दुधवा नेशनल पार्क के डॉक्टर दया और कतर्निया घाट के दीपक की टीम ने बाघिन के शव का पोस्टमार्टम किया। दुधवा पार्क के फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने बताया बाघिन के चेहरे से खून निकल रहा था, लेकिन मौत स्वाभाविक है। फील्ड डायरेक्टर ने बताया कि बिसरा जांच के लिए आईबीआरआई केंद्र बरेली भेजा गया है।

## इंडिया गठबंधन की भाजपा विरोधी मुहिम को कमजोर करेंगी मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




प्रेस कांफ्रेंस करतीं मायावती।

**अमृत विचार :** बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने जन्मदिन पर मिली बधाई के बदले जो रिटर्न गिफ्ट दिया वो इंडिया गठबंधन के गले की हड्डी बन गया। इंडिया गठबंधन में शामिल होने की अटकलों पर विराम लगाते हुए मायावती के लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा को खासकर सपा और कांग्रेस हजम नहीं कर पा रही है। यही कारण है कि बसपा नेत्री के बयान पर उप्र. कांग्रेस ने जहां पुनर्विचार करने का आग्रह किया वहीं, सपा ने इसको लेकर चुप्पी साध ली है।

दरअसल, बसपा प्रमुख की इंडिया गठबंधन में न शामिल होने की घोषणा के साथ 2024 का लोकसभा चुनाव उत्तर प्रदेश में त्रिकोणीय होना तय है। भाजपा, बसपा और सपा-रालोद-कांग्रेस के गठबंधन के बीच उप्र. में चुनावी प्रतिस्पर्धा होनी है। उधर, मायावती की ताजा प्रतिक्रिया भाजपा खेमे को राहत देने वाली है, क्योंकि 80 लोकसभा सीटों को जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही सत्तासीन पार्टी को संभवतः कई सीटों पर विपक्ष से कांटे का मुकाबला नहीं करना पड़ेगा।

इससे पहले कांग्रेस, सपा और रालोद के बीच मिलकर उप्र. में चुनाव लड़ने पर मौखिक सहमति तो बनी ही है, बसपा को भी गठबंधन में शामिल करने के प्रयास तेजी लायी गई। अभी कुछ दिन पहले ही बसपा सांसद मलूक नागर ने गठबंधन में शामिल होने के लिए मायावती को प्रधानमंत्री का उम्मीदवार बनाने की शर्त रख दी थी। इससे बसपा के इंडिया गठबंधन में शामिल होने की अफवाह को हवा तो मिली लेकिन अपने जन्मदिन पर मायावती ने लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा कर सपा-कांग्रेस गठबंधन को झटका दे दिया है।

अब बड़ा सवाल यह है कि मायावती ने अकेली राह पकड़ने का जो फैसला लिया है उससे लाभ किसको होगा? पिछले चुनावों के परिणामों के विश्लेषण बताते हैं कि एक दशक पहले तक बसपा के कोर वोटर समझे जाने वाले दलितों का एकतरफा वोट पार्टी को नहीं मिला। उप्र. के गैर जाटव मतदाताओं का झुकाव भाजपा के पाले में रहा।

ऐसे दौर में जबकि उप्र. में सभी दलों की नजरें दलित मतदाताओं पर टिकीं हैं, अगर सपा, बसपा और कांग्रेस साथ होते तो लगभग 44 प्रतिशत मतदाता एकजुट होते और भाजपा से इनका मुकाबला टक्कर का होता। अब चूंकि भाजपा दलितों को अपना बनाने की जुगत कर रही है, सपा और कांग्रेस के एकसाथ होने से लगभग 26 प्रतिशत मत ही गोलबंद होगा, जो भाजपा के 49 प्रतिशत के मुकाबले के लिए कम है। सीधा मतलब है कि अकेले लड़कर अगर मायावती अपने कोर वोटरों को थामने में कामयाब रहीं तो विपक्ष का वोट बंटेगा, और इसका लाभ भाजपा को मिले तो आश्चर्य नहीं।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मायावती को फोन पर दी बधाई, अखिलेश यादव ने किया ट्वीट

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती के 68वें जन्मदिन पर सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें फोन कर जन्मदिन की बधाई दी है। योगी ने मायावती से फोन पर शुभकामनाएं देने के साथ उनका हालचाल भी जाना। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर भी मायावती को जन्मदिन की बधाई दी है। योगी के अलावा उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया पर मायावती को शुभकामनाएं दी हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी ट्वीट करके जबकि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पत्र जारी कर मायावती को शुभकामनाएं दीं।

### वर्ग पहेली-314

**बाएं से दाएं**

4. 1. जन के लिए उपयोगी, लोकोपयोगी 2. जनसाधारण के लिए हितकर।
5. 1. एक प्रकार का पकवान 2. एक प्रकार की मीठी मठरी।
6. 1. शिष्टाचार, शिष्टाचार की मर्यादा 2. बड़ों का आदर-सम्मान, उनके प्रति विनीत व्यवहार 3. साहित्य 4. कायदा, नियम 5. प्रज्ञा, विवेक।
7. 1. उड़ने की क्रिया या भाव 2. उड़ान
10. 1. किसी के साथ रहना, एकत्र बसना, एक ही आवास में साथ-साथ रहना 2. काम-क्रीड़ा, रति, संभोग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. अत्यंत मज़बूत 2. वज्र के समान कठोर 3. पक्का; दृढ़।
2. राजा का पुत्र, राजकुमार।
3. 1. सुंदर, आकर्षक 2. प्रेमी, मौजी 3. हंसमुख
6. संख्या '38' का सूचक।
8. 1. हिमालय की एक चोटी जो तीर्थस्थल के रूप में विख्यात है 2. (पुराण) शिव का वासस्थान।
9. 1. ओष्ठ, होंठ 2. घड़े आदि के मुंह का किनारा, कोर।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | ■ | 3 |
| ■ | 4 | | | | |
| 5 | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| ■ | 7 | | | ■ | 8 |
| 9 | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 10 | | | |

### वर्ग पहेली - 313 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 डो | ड़ा | ■ | ■ | ■ | 2 धे |
| ■ | ■ | 3 कॉ | 4 क | टे | ल |
| ■ | 5 गे | ■ | लु | ■ | चा |
| 6 म | र | णे | ष | णा | ■ |
| ■ | मा | ■ | ■ | ■ | 7 त |
| ■ | मू | ■ | 8 पि | शा | च |
| 9 शा | ली | न | ता | ■ | ना |

### सुडोकू -31

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 4 | | 7 | | 1 | | 9 |
| | 2 | | | | | 7 | | 4 |
| | | 9 | | 8 | 3 | 6 | | |
| | 8 | | 9 | | | 5 | | 6 |
| | | | | | | | | |
| 6 | | 3 | | | 4 | | 7 | |
| | | 7 | 5 | 6 | | 9 | | |
| 9 | | 8 | | | | | 2 | |
| 3 | | 1 | | 4 | | 8 | | 7 |

### सुडोकू - 30 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 3 | 9 | 4 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 4 | 3 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 7 | 3 | 6 | 4 | 5 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 1 | 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 2 | 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 9 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जनवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष,पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-षष्ठी 23.57 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष** — आज जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं, तो बजट का ध्यान अवश्य रखें। अपमानजनक स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

**वृष** — आज भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में दिन बहुत शुभ है। शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी।

**मिथुन** — आज आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा न करें। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आईटी और बैंक से जुड़े लोगों को करियर में उत्तम परिणाम मिलेंगे।

**कर्क** — आज विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी कर सकते हैं। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। शाम को परिजनों के साथ विशिष्ट विषयों पर चिंतन-विमर्श करेंगे। आप समय का भरपूर लाभ उठायेंगे।

**सिंह** — आज घर की साफ-सफाई का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। बुरी संगति से दूर रहें। जीवनसाथी आपसे शिकायत कर सकता है। बीमा संबंधित कारोबार से धन लाभ मिलेगा।

**कन्या** — आज विरोधियों के ऊपर हावी रहेंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। व्यापार में आपको उत्तम धन लाभ प्राप्त होगा। आपके सभी काम शांतिपूर्वक पूर्ण होंगे। परिवार का खर्च बढ़ेगा। दांपत्य जीवन में रोमांस का आनंद उठाएंगे।

**तुला** — आज उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। नए प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। शाम को परिवार के साथ शॉपिंग करने के लिए जा सकते हैं। भावनाओं में आकर ज्यादा खर्च न करें।

**वृश्चिक** — आज व्यापार को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। ऑफिस टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा। आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर जरूरत से ज्यादा धन खर्च कर सकते हैं। अत्यधिक दिखावे से आपको बचना चाहिये।

**धनु** — आज पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। मित्रों के लिए उपहार खरीद सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बिल्कुल भी न करें। अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें।

**मकर** — आज धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर उलझे मामले सुलझ सकते हैं। जॉब में बदलाव करने का प्रयास करेंगे। दाम्पत्य सम्बन्धों में प्रेमभाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएगे।

**कुंभ** — आज परोपकार के कार्यों में मन लगाएं। आपकी दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त रहेगी। घरवालों के साथ समय बिताने का प्रयास करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। फाइनेंस से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है।

**मीन** — आज नई योजना बनाने के लिए समय उत्तम है। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। आप फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहें। ऑफिस की राजनीति से स्वयं को दूर रखें। फ्रेशर्स को कार्यक्षेत्र में काफी अच्छा सम्मान मिलेगा।

### आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-11.55-12.37 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.04-09.47, 22.56-23.49 तक। दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 17 जनवरी 04.38 तक तत्पश्चात रेवती।

### आज की फिल्में

B4U Movies — शक्ति द पावर, सुबह : 11.34; एक से बुरे दो, रात : 07.09

Sony Pix — जर्नी 2, सुबह : 09.50; सुसाइड स्क्वाड, रात : 08.45

Sony Max — 3 इडियट्स, सुबह : 09.04; सरबजीत, रात : 10.00

Zee Cinema — वक्त, सुबह : 10.30; काइट्स, रात : 07.30

Colors Cineplex — ब्लू, सुबह : 10.24; डूप्लीकेट, रात : 09.40

#### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर सुबह-09.04 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पत्नी मायके से-कैसे हो?
पति - ठीक हूं
पत्नी- जब मेरी याद आती है तो क्या करते हो?
पति - तुम्हारी पसंदीदा आइसक्रीम केसर पिस्ता या अमूल नट्स खा लेता हूं और मेरी याद आने पर तुम क्या करती हो?
पत्नी- मैं भी 'रॉयल स्टेज' काक्वाटर और तीन सिगरेट पीकर एक रजनीगंधा खा लेती हूं।

सास (दामाद से)- आप काम क्या करते हैं?
दामाद- जी मैं पायलट हूं।
सास- अच्छा कौन-सी एयरलाइंस में पायलट हैं?
दामाद- अरे मैं वो शादियों में ड्रोन उड़ाता हूं।

## मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 815 बोल्ड 1155, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 980 फ्लैग 1110 बोल्ड 1150 डीएमओ 900।

## मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना :75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपये मलका: 82 से 85 रुपये अरहर: 118 से 125 रुपये उड़द: 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104-106 रुपये मूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी: 80 रुपये चना काबली: 145 से 160 रुपये राजमा लाल: 155 रुपये राजमा चित्रा: 145 रुपये लोबिया लाल: 94 रुपये लोबिया सफेद: 98 रुपये।

## एक नजर

### बीओबी ने नई जमा योजना शुरू की

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने सोमवार को एक नई जमा योजना की घोषणा की जो प्रति वर्ष 7.1-7.6 प्रतिशत के दायरे में ब्याज भुगतान की पेशकश करती है। बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने बयान में कहा कि उसकी विशेष अल्पावधि की खुदरा जमा योजना में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सालाना 7.60 प्रतिशत और अन्य लोगों के लिए 7.10 प्रतिशत की ब्याज दर पेशकश की गई है।

### आरईसी सोलर को बेचेगी रिलायंस

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने सोमवार को कहा कि वह अपनी इकाई आरईसी सोलर नॉर्वे एएस को लगभग 2.2 करोड़ डॉलर में एल्केम एएसए को बेचने जा रही है। आरईसी नॉर्वे, रिलायंस के नियंत्रण वाली आरईसी सोलर होल्डिंग्स की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई है। यह नॉर्वे में पॉलीसिलिकॉन का निर्माण करती है। रिलायंस की एक इकाई ने 2021 में 77.1 करोड़ डॉलर में इस सौर पैनल विनिर्माता का अधिग्रहण किया था।

# 759 अंक की छलांग और बना नया रिकॉर्ड

## सेंसेक्स 73,327 अंक के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर हुआ बंद, निफ्टी भी 22 हजार के पार

मुंबई, एजेंसी



सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों, रिलायंस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में जोरदार लिवाली से स्थानीय शेयर बाजारों ने सोमवार को भी रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन जारी रखा। तेजी के सिलसिले के बीच सेंसेक्स पहली बार 73,000 अंक के स्तर से ऊपर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 22,000 अंक के स्तर को पार कर गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स लगातार पांचवें सत्र में बढ़त में रहा और 759.49 अंक यानी 1.05 प्रतिशत उछलकर 73,327.94 के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान एक समय यह 833.71 अंक तक चढ़कर 73,402.16 के सर्वकालिक उच्चस्तर तक पहुंचा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 202.90 अंक यानी 0.93 प्रतिशत चढ़कर 22,097.45 के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान यह 221 अंक बढ़कर 22,115.55 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया। उम्मीद से बेहतर तीसरी तिमाही के नतीजों के बाद आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों इन्फोसिस, टीसीएस, विप्रो और एचसीएल टेक ने इस तेजी की अगुवाई की। आईटी शेयरों में जोरदार तेजी से सूचकांकों को नए रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंचने में मदद मिली। तेल एवं गैस और ऊर्जा क्षेत्र के शेयरों ने भी तेजी को बढ़ावा दिया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-आईटी कंपनियों के नए सौदे मिलने और खर्च बढ़ने की उम्मीद से इनके शेयरों में आई खरीदारी ने बाजार को रफ्तार दी। इसके अलावा फेडरल रिजर्व के ब्याज दर कम करने की संभावना से अमेरिका बॉन्ड का प्रतिफल भी घट गया। सेंसेक्स की कंपनियों में विप्रो ने छह प्रतिशत से अधिक की लंबी छलांग लगाई। एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी तेजी रही।

### निवेशकों की पूंजी 9.68 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में लगातार पांच सत्रों से जारी तेजी के बीच निवेशकों की पूंजी 9.68 लाख करोड़ रुपये बढ़कर अबतक के रिकॉर्ड 376 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स सोमवार को 759.49 अंक यानी 1.05 प्रतिशत उछलकर 73,327.94 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। यह सेंसेक्स में तेजी का लगातार पांचवां सत्र रहा। इन पांच सत्रों में सेंसेक्स ने कुल 1,972.72 अंक यानी 2.76 प्रतिशत की जोरदार छलांग लगाई है। तेजी के इस दौर में बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का सम्मिलित बाजार पूंजीकरण 9,68,544.93 करोड़ रुपये बढ़ गया। इस तरह कुल बाजार मूल्यांकन 3,76,09,510.01 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से निकले

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में पिछले 9 वर्ष में गरीबी दूर करने के प्रयासों में बड़ी कामयाबी हासिल हुई और इस काल-खंड में देश 24.82 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने में सफल हुआ है। नीति आयोग की एक परिचर्चा पत्र के इस निष्कर्ष का ब्योरा देते हुए सोमवार को कहा गया है कि 2013-14 से 2022-23 के दौरान आबादी में गरीबों का अनुपात तेजी से घट कर 29.17 प्रतिशत की जगह 11.28 प्रतिशत पर आ गया।

उल्लेखनीय है कि यह काल-खंड प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार है और इस दौरान देश ने कारोबार में आसानी लाने के मामले में उल्लेखनीय प्रगति की है और विश्व बैंक के ईज आफ डूइंग बिजनेस सूचकांक में ऊंची छलांग लगाई है। इसी अवधि में अर्थव्यवस्था को नोटबंदी और अभूतपूर्व वैश्विक कोविड19 महामारी का भी सामना करना पड़ा है। विज्ञप्ति में 2005-06 से अब तक भारत में बहुआयामी गरीबी शीर्षक इस चर्चा पत्र में कहा गया है कि यह सफलता गरीबी के सभी पहलुओं से निपटने के लिये केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न महत्वपूर्ण कदमों के कारण प्राप्त हुई है। कहा गया है कि इस रफ्तार से भारत बहुआयामी गरीबी को आधा करने के अपने स्वस्थ विकास के लक्ष्य (एसडीजी) को 2030 से पहले हासिल कर सकता है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त एक मापक है जो गरीबी को मौद्रिक पहलुओं अलावा भी उसके कई आयामों के आधार पर मापता है।

### नीति आयोग का दावा



### उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई

नीति आयोग के अनुसार-भारत में बहुआयामी गरीबी में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है, जो 2013-14 में 29.17 प्रतिशत से घट कर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई।" यानी इस अवधि में आबादी में गरीबी में रह रहे लोगों का हिस्सा प्रति सैकड़ा 17.89 अंक घटा। पिछले नौ वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में 5.94 करोड़ लोगों के बहुआयामी गरीबी से बाहर निकलने के साथ गरीबों की संख्या में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई है, इसके बाद बिहार (3.77 करोड़), मध्य प्रदेश (2.30 करोड़) और राजस्थान (1.87 करोड़) का स्थान है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,325 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,900-48,100 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,900 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,750 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,300 |
| चांदी तैयार | 74,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,850 |
| चांदी पक्की | 733 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 63,950 |
| चांदी आभूषण | 74,100। |

## सोना 150 रुपये मजबूत, चांदी में 300 रुपये का उछाल

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धतुओं की कीमतों में उछाल के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 150 रुपये की तेजी के साथ 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 300 रुपये के उछाल के साथ 76,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 76,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी।

## आवास वित्त कंपनियों के लिए जमा लेने से संबंधित मानकों में सख्ती का प्रस्ताव

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) के लिए जमा स्वीकार करने से संबंधित मानदंड कड़े करते हुए जमा की परिपक्वता अवधि को घटाकर पांच साल करने और देनदारियां चुकाने के लिए तरल संपत्ति रखने की जरूरत बढ़ाने का प्रस्ताव रखा।

आवासीय क्षेत्र को वित्त मुहैया कराने वाली एचएफसी को 12 महीने या उससे अधिक की अवधि के बाद भुगतान-योग्य सार्वजनिक जमा स्वीकार करने या नवीनीकृत करने की अनुमति फिलहाल मिली हुई है। लेकिन ऐसी जमा 120 महीने से अधिक की नहीं हो सकती है। आरबीआई के मुताबिक-अब यह निर्णय लिया गया है कि एचएफसी द्वारा स्वीकार या नवीनीकृत की गई सार्वजनिक जमा राशि 12 महीने या उससे अधिक की अवधि के बाद चुकानी होगी लेकिन 60 महीने के बाद नहीं। साठ महीने से अधिक की परिपक्वता वाली मौजूदा जमा उनके मौजूदा पुनर्भुगतान प्रोफाइल के आधार पर भुगतान की जाएगी। यदि उनकी साख रेटिंग न्यूनतम निवेश ग्रेड से नीचे है, तो ऐसे एचएफसी मौजूदा जमा को नवीनीकृत नहीं करेंगे।

## देश का निर्यात दिसंबर में एक प्रतिशत बढ़कर 38.45 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** देश का निर्यात दिसंबर 2023 में एक प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 38.45 अरब डॉलर रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, पिछले महीने आयात 4.85 प्रतिशत घटकर 58.25 अरब डॉलर रह गया। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ माह अप्रैल-दिसंबर में निर्यात 5.7 प्रतिशत घटकर 317.12 अरब डॉलर रहा है। इस अवधि में आयात में 7.93 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 505.15 अरब डॉलर रहा है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि देश का निर्यात का आंकड़ा सकारात्मक रहा है।

## देश की आर्थिक बुनियाद बाहरी झटके झेलने के बावजूद मजबूत

नई दिल्ली, एजेंसी

**एमपीसी की सदस्य आशिमा गोयल बोलीं**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने सोमवार को कहा कि 2020 के बाद से गंभीर बाहरी झटकों का सामना करने के बावजूद भारत की वृहद-बुनियाद मजबूत बनी हुई है। गोयल ने साक्षात्कार में कहा कि देश की आर्थिक विविधता, पर्याप्त भंडार और व्यवहार्य सुधारों ने नीतियों को मुद्रास्फीति से निपटने में सक्षम बनाया है। अधिक से अधिक कंपनियों तथा उपभोक्ताओं के मुद्रास्फीति कम करने के लक्ष्य से आगे बढ़ने से अर्थव्यवस्था के इस साल केंद्रीय बैंक के चार प्रतिशत के चार प्रतिशत के लक्ष्य पर पहुंचने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा-2020 के बाद से गंभीर बाहरी झटके (रूस-यूक्रेन युद्ध, इज़राइल-हमास युद्ध, तेल की कीमतें, हुती हमले) आए हैं। इनके बावजूद इस अवधि में भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत हुई हैं।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### दुष्कर्म के आरोपी वकील के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

**कोच्चि।** केरल पुलिस ने एक महिला से कई बार दुष्कर्म करने के आरोपी पूर्व वरिष्ठ सरकारी वकील के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने शिकायत के हवाले से बताया कि आरोपी ने अपराध को अपने कार्यालय और महिला के आवास पर अंजाम दिया था। पुतेनक्रूज के पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि केरल उच्च न्यायालय द्वारा आत्मसमर्पण करने के लिए तय तारीख 12 जनवरी बीतने के बाद 14 जनवरी को आरोपी वकील पी.जी.मनु के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया।

### उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ समन जारी

**पटना।** बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने सनातन धर्म पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर तमिलनाडु के युवा कल्याण एवं विकास विभाग के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ दाखिल मुकदमे में उनकी उपस्थिति के लिए आज समन जारी किया। सांसदों एवं विधायकों के मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष न्यायालय की न्यायाधीश सारिका बहालिया की अदालत ने पटना उच्च न्यायालय के वकील डॉ. कौशलेंद्र नारायण तथा महावीर स्थान न्यास समिति के सचिव एवं भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल की ओर से दाखिल किए गए दो शिकायती मुकदमों को संज्ञान लेने के बाद आज यह समन जारी किया है।

### मणिपुर में यिंगांगपोकपी मार्ग किया गया अवरुद्ध

**इंफाल।** मणिपुर की राजधानी इंफाल के सबुंगखोक खुनौ में सेना के जवानों द्वारा दस महिलाओं पर कथित हमले के विरोध में स्थानीय लोगों ने सोमवार को इंफाल-यिंगांगपोकपी मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि संदिग्ध हथियारबंद कूकी बदमाशों ने ग्रामीणों पर हमला करना शुरू कर दिया और 20 जाट रेजिमेंट के जवानों ने उन्हें सुरक्षा नहीं दी। इलाके की महिलाओं और सैनिकों के बीच टकराव शुरू हो गया जिसके बाद सेना के जवानों ने महिलाओं पर हमला कर दिया। अधिकांश घायल महिलाओं का इंफाल के दो अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा था।

# मणिपुर को शांतिपूर्ण बनाना चाहता हूं: राहुल

## कांग्रेस न्याय यात्रा का दूसरा दिनः मुख्य मार्ग पर लोगों ने समर्थन में लगाए नारे

सेनापति (मणिपुर), एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दूसरे दिन सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी मणिपुर के लोगों के साथ खड़ी है और राज्य को फिर से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण बनाना चाहती है। गांधी ने वॉल्वो बस में सोमवार सुबह आगे की यात्रा शुरू की। वह कुछ दूर पैदल भी चले। उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा।

जब गांधी की बस यहां के कई व्यस्त इलाकों से गुजरी, तो ज्यादातर महिलाओं और बच्चों समेत कई लोग यात्रा मार्ग पर कतार में खड़े रहे और उन्होंने गांधी के समर्थन में नारे लगाए। गांधी ने सेनापति में अपनी बस के ऊपर खड़े होकर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने कन्याकुमारी से कश्मीर की यात्रा की और इसका मकसद लोगों को एकजुट करना था। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत सफल यात्रा थी और इस दौरान वह 4,000 किलोमीटर पैदल चले। कांग्रेस नेता ने कहा-हम पूर्व से पश्चिम तक एक और यात्रा करना चाहते थे और हमने तय किया कि मणिपुर से यात्रा शुरू करना सबसे प्रभावशाली बात होगी। इससे भारत के लोगों को पता चल सकेगा कि मणिपुर के लोग किस दौर से गुजर रहे हैं, उन्हें किस कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।



इंफाल पश्चिम : मणिपुर में सोमवार को सेकमाई गांव में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी स्वागत करतीं युवतियां। ● एजेंसी

### राहुल गांधी ने लोगों से बातचीत की

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दूसरे दिन की शुरुआत सोमवार को यहां सेकमाई से की और उन्होंने रास्ते में उनके स्वागत के लिए कतार में खड़े लोगों से बातचीत की। गांधी ने आवश्यकता के अनुरूप परिवर्तित की गई वोल्वो बस में यात्रा शुरू की। वह कुछ दूर पैदल भी चले। उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। गांधी की बस यहां के कई व्यस्त इलाकों से गुजरी।

### सीआरपीएफ की महिला टीम ने दिखाया कौशल...



नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड 2024 के लिए रिहर्सल के दौरान सीआरपीएफ डेयरडेविल्स की एक महिला टीम ने दिखाया अपना कौशल। ● एजेंसी

## एमटीएचएल कार्यक्रम के दौरान करीब 1300 लोग हुए बीमार

मुंबई, एजेंसी

**रायगढ़ जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों ने दी जानकारी**

मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (एमटीएचएल) के उद्घाटन समारोह में उपस्थित एक लाख से अधिक लोगों में से लगभग 1,300 लोग लंबे समय तक गर्मी के संपर्क में रहने के बाद निर्जलीकरण और सिरदर्द के कारण बीमार पड़ गए। यह जानकारी रायगढ़ जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों ने दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 जनवरी को देश के सबसे लंबे समुद्री पुल 'एमटीएचएल' का उद्घाटन किया था और नवी मुंबई में एक जनसभा को संबोधित किया था। रायगढ़ जिले के सिविल सर्जन डॉ. नितिन देवमाणे ने सोमवार को कहा कि नवी मुंबई कार्यक्रम के बाद लगभग 1,300 लोगों के बीमार होने की सूचना है। डॉ. देवमाणे ने कहा-उम्मीद है कि ऐसे बड़े आयोजनों के दौरान कुछ लोग बीमार पड़ सकते हैं। यदि ऐसे खुले में होने वाले आयोजनों में भाग लेने वाले 1-2 प्रतिशत लोगों को निर्जलीकरण, सिरदर्द, मतली आदि जैसी कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, तो इसे हमारे पेशे में सामान्य माना जाता है।

उन्होंने कहा कि नवी मुंबई कार्यक्रम के बाद लगभग 1,300 लोगों के बीमार होने की सूचना है। उन्होंने बताया कि दो व्यक्तियों को एक दिन के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और अगले दिन छुट्टी दे दी गई। डॉ. देवमाणे ने यह भी कहा कि जिला प्रशासन और राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने अत्यधिक सावधानी बरती थी, जिसमें अतिरिक्त बिस्तरों की व्यवस्था करना, लगभग 70 एम्बुलेंस तैनात करना और सभी चिकित्सा अधिकारी एहतियात के तौर पर ड्यूटी पर थे। उन्होंने कहा-हमने सभी का उचित तरीके से इलाज किया। दो व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और अगले दिन छुट्टी दे दी गई। महाराष्ट्र आपदा प्रबंधन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जिन व्यक्तियों ने निर्जलीकरण की शिकायत की, उन्हें ओआरएस पानी, ग्लूकोज और हल्का भोजन दिया गया ताकि वे बेहतर महसूस करें। उन्होंने कहा-ऐसे आयोजनों में लोग जल्दबाजी में आते हैं और कभी-कभी वे अपने साथ पानी की बोतलें नहीं रखते हैं। ऐसी स्थितियों में, उन्हें निर्जलीकरण और कुछ समय के लिए सिरदर्द से पीड़ित होने की अधिक आशंका होती है।

## शरजील के मामले में पुलिस को चार्ट पेश करने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

**दिल्ली दंगा मामला**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को राजधानी की पुलिस से एक चार्ट दाखिल करने के लिए कहा ताकि वर्ष 2020 के सांप्रदायिक दंगों के पीछे की बड़ी साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में गिरफ्तार छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम की भूमिका को सह आरोपी नताशा नरवाल, देवांगना कलिता और आसिफ इकबाल तन्हा से अलग किया जा सके।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने कहा कि चार्ट में पुलिस आरोपी के इतिहास, उसकी भूमिका और उसके मामले को दूसरों से अलग करने वाले अन्य विवरणों का उल्लेख कर सकती है। पीठ ने मामले में जमानत की मांग करने वाली इमाम शरजील की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत इस मामले में अब अगली सुनवाई 19 फरवरी को करेगी। इमाम ने समानता के आधार पर जमानत की मांग करते हुए कहा कि प्राथमिकी में नामित 18 आरोपियों में से छह को पहले ही राहत दी जा चुकी है।

## दिल्ली में बहन की शिकायत सुनकर युवक ने जीजा को पीटा, मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार इलाके में 39 वर्षीय युवक को उसके साले ने अपने दोस्तों की मदद से पहले घर से घसीटकर बाहर निकाला और फिर उसकी क्रूरता पूर्वक पिटाई कर दी जिसके कारण बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी और कहा कि आरोपी की बहन ने पति से विवाद के बाद फोन करके अपने भाई से शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि घटना 29 दिसंबर की है जिसमें राकेश घायल हो गया था। पुलिस ने कहा कि राकेश की सोमवार को अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किया गया है।

## औरंगाबाद में कार पार्किंग को लेकर हुए विवाद में चार लोगों की मौत

**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद जिले में सोमवार को कार पार्किंग को लेकर हुए विवाद में चार लोगों की मौत हो गई । अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहम्मद अमानुल्लाह ने यहां बताया कि बारून - नबीनगर पथ पर नवीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ के पास नाश्ता पानी की दुकान के आगे कार पार्किंग को लेकर दुकानदार और कार सवार युवकों के बीच हुई झड़प में कार सवार एक युवक ने पिस्टल से फायरिंग कर दी जो दुकानदार को न लगकर पास रहे एक अन्य व्यक्ति को लग गई जिससे उसकी मौत हो गई। इधर, उक्त व्यक्ति की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कार सवार चार लोगों पर हमला बोल दिया।

# नैतिक अधमता के आरोप से बरी व्यक्ति को सशस्त्र बलों में नियुक्ति से नहीं किया जा सकता इनकार : हाईकोर्ट

चंडीगढ़, एजेंसी

**पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने की टिप्पणी**



पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने कहा है कि संदेह के लाभ के आधार पर, नैतिक अधमता के आरोप से बरी किए गए व्यक्ति को सशस्त्र बलों में नियुक्ति देने से इनकार नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति जगमोहन बंसल की एकल पीठ ने यह टिप्पणी हरियाणा के एक व्यक्ति की याचिका पर की, जिसमें भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) में कांस्टेबल के पद पर उसकी नियुक्ति को रद्द करने के मार्च 2022 के आदेश को निरस्त करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया था। अदालत ने कहा कि यह सर्वविदित तथ्य है कि देश में नौकरी, विशेषकर सरकारी नौकरी पाना बहुत कठिन है और याचिकाकर्ता को इस बात की अनदेखी करते हुए नियुक्ति देने से इनकार करना कि वह अपनी साख का खुलासा करने में हमेशा ईमानदार रहा, उसे ऐसे किसी अपराध के लिए सज़ा देने के समान होगा जिसमें उसे बरी कर दिया गया है।

अदालत ने कहा-मौजूदा मामले में, प्रतिवादी ने याचिकाकर्ता की पूर्व पृष्ठभूमि की पड़ताल नहीं की और उसका नियुक्ति पत्र केवल इस आधार पर रद्द कर दिया गया कि उसे संदेह का लाभ देते हुए बरी किया गया था। इसने कहा-प्रतिवादी ने कथित अपराध की प्रकृति, याचिकाकर्ता की उम्र और उस समय 'पीड़िता' की उम्र पर विचार नहीं किया है। याचिकाकर्ता किसी अन्य अपराध में शामिल नहीं है और उसे पहले ही बरी किया जा चुका है। याचिकाकर्ता को जनवरी 2022 में अनुकंपा के आधार पर आईटीबीपी में कांस्टेबल के पद पर नियुक्त किया गया था। हालांकि, उसके नियुक्ति पत्र को संबंधित अधिकारियों द्वारा रद्द कर दिया गया था क्योंकि उसने खुलासा किया था कि उसे एक आपराधिक मामले में फंसाया गया था और बाद में उसे बरी कर दिया गया था। अप्रैल 2018 में, याचिकाकर्ता पर बलात्कार और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# इटली पर बड़ी जीत आसान करेगी सेमीफाइनल की राह

## भारतीय महिला हॉकी टीम को इटली के खिलाफ बड़े अंतर से जीत ही दिलाएगी पेरिस ओलंपिक का टिकट

रांची, एजेंसी

पहला मैच गंवाने के बाद दूसरे मैच में जीत दर्ज करके अपना अभियान पटरी पर लाने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को इटली की टीम पर बड़ी जीत दर्ज करके एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी।

विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारत की टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे पूल बी के अपने पहले मैच में अमेरिका से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। सविता पूनिया की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने हालांकि अपने दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा।



### पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने का आखिरी मौका

एशियाई खेलों के जरिये क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद भारतीय टीम के पास इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों में जगह बनाने का यह आखिरी मौका है। इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। अमेरिका दो मैच में जीत दर्ज करके पूल बी में शीर्ष पर है, जबकि भारत और न्यूजीलैंड के तीन-तीन अंक हैं। गोल अंतर में हालांकि भारतीय टीम न्यूजीलैंड से पीछे है। ऐसी स्थिति में भारत को इटली की टीम के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी।

### पेनल्टी कार्नर को गोल में नहीं बदल पाना भारतीय टीम की बड़ी कमजोरी

भारत की सबसे बड़ी समस्या पेनल्टी कार्नर को गोल में नहीं बदल पाना है। उसने दो मैच में अब तक 13 पेनल्टी कार्नर हासिल किए हैं लेकिन उनमें से केवल एक बार ही गोल कर पाया। इटली ने अब तक अपने दोनों मैच गंवाए हैं और वह क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो गया है लेकिन उसकी टीम भारत के राह में रोड़ा बन सकती है और इसलिए सविता पूनिया की टीम अपने इस प्रतिद्वंद्वी को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी।

### इटली से सतर्क रहने की हिदायत

भारतीय कोच शोपमैन ने अपने खिलाड़ियों को इटली से सतर्क रहने की हिदायत देते हुए कहा कि यह मैच कड़ा हो सकता है क्योंकि इटली की टीम भी अर्जेंटीना की तरह साहसिक खेल खेलती है।

# रियाल मैड्रिड ने जीता स्पेनिश सुपर कप

रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी

विनीसियस जूनियर की हैट्रिक की मदद से रियाल मैड्रिड ने सऊदी अरब में खेले गए मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना को 4-1 से हराकर स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। विनीसियस ने मैच में अपने तीनों गोल पहले हाफ में किए, जिससे रियाल मैड्रिड सत्र की अपनी पहली ट्रॉफी हासिल करने में सफल रहा।

रियाल मैड्रिड ने सुपर कप में 13वां खिताब जीता। बार्सिलोना ने 14 बार यह ट्रॉफी जीती है। विनीसियस ने पहला गोल करने के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तरह जश्न मनाया। रोनाल्डो अभी सऊदी अरब की लीग में खेलते हैं।



स्पेनिश सुपर कप विजेता रियाल मैड्रिड की टीम। ● एजेंसी

विनीसियस ने मैच के बाद कहा कि यह क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए था, क्योंकि वह मेरे आदर्श हैं और अभी यहां खेल रहे हैं। वह अपने प्रदर्शन से खुश हैं। बार्सिलोना के खिलाफ खेलना और 4-1 से जीत दर्ज करना आसान नहीं होता है। हमने शानदार खेल दिखाया। रियाल मैड्रिड की तरफ से रोड्रिगो ने भी गोल किया, जबकि बार्सिलोना की तरफ से एकमात्र गोल रॉबर्ट लेवांडोस्की ने पहले हाफ में किया।

# निशानेबाज योगेश सिंह ने जीते दो स्वर्ण

## शॉटगन क्वालीफायर में लक्ष्य ने जीता कांस्य

जकार्ता, एजेंसी

एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारत के निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी है। योगेश सिंह ने 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में सोमवार को व्यक्तिगत और टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। योगेश ने 573 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत स्वर्ण जीता। ओमान के मुराद अल बालुशी (570) दूसरे और इंडोनेशिया के अनंग यूलियांतो (567) तीसरे स्थान पर रहे। भारत के पंकज यादव (567) और अक्षय जैन (564) क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे। भारतीय तिकड़ी ने 1704 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

कुवैत में शॉटगन क्वालीफायर में लक्ष्य ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 33 निशाने लगाकर कांस्य पदक जीता। वह क्वालीफिकेशन दौर के बाद 119 अंक के साथ चौथे स्थान पर थे।



### अब तक भारत जीत चुका है 15 स्वर्ण समेत 33 पदक

भारत एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2024 में 15 स्वर्ण, 10 रजत और आठ कांस्य पदकों सहित कुल 33 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है। भारतीय निशानेबाजों ने मीट से चार पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल किए हैं।

ईरान के मोहम्मद बेरानवांद ने 40 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने शूट ऑफ में चीन के युहाओ गुओ को पछाड़ा।

### श्रेयसी, मनीषा और भव्या ने टीम वर्ग में जीता रजत

महिला शॉटगन क्वालीफायर में राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह को महिलाओं के ट्रैप वर्ग में पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। वह पांच दौर में 115 अंक लेकर फाइनल में पहुंची थी लेकिन फाइनल में 19 अंक ही बना सकी। ताइपै की वान यू लियू (44) को स्वर्ण और चीन की शिंकियू झांग (39) को रजत पदक मिला। कजाकिस्तान की मारिया दमित्रियेंको (30) ने कांस्य पदक हासिल किया। भारत की श्रेयसी, मनीषा कीर और भव्या त्रिपाठी ने टीम वर्ग में कुल 328 स्कोर करके रजत पदक जीता। चीन को स्वर्ण और कजाकिस्तान को कांस्य मिला।

# एनआरएआई ने कहा- मानवजीत नहीं लेना चाह रहे थे कोई अनुचित लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

कुवैत में एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में ट्रैप निशानेबाज मानवजीत सिंह को दोषपूर्ण बंदूक के कारण अयोग्य ठहराए जाने को अन्यायपूर्ण करार देने वाले भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने अपीली जूरी को बताया है कि यह निशानेबाज किसी तरह का अनुचित लाभ नहीं लेना चाहता था। शॉटगन कोच विक्रम चोपड़ा ने टूर्नामेंट की अपीली जूरी को लिखे पत्र में कहा कि पूर्व विश्व चैंपियन मानवजीत ने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के नियमों का उल्लंघन नहीं किया है, जैसा कि आयोजकों ने भारतीय खिलाड़ी को अयोग्य घोषित करते हुए कहा था। मानवजीत को शनिवार को अभ्यास सत्र में भाग नहीं लेने दिया गया था, जबकि रविवार को उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। उनकी बंदूक को दोषपूर्ण करार देकर यह फैसला किया गया था।

# ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में नाओमी ओसाका बाहर

मेलबर्न, एजेंसी

ब्रेक के बाद ग्रैंडस्लैम में वापसी करने वाली दो बार की पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले ही दौर में कैरोलीन गार्सिया से हारकर बाहर हो गई। मां बनने के कारण पंद्रह महीने बाद टेनिस कोर्ट पर लौटी ओसाका को 4-6, 6-7 से पराजय झेलनी पड़ी। वहीं अमेरिका की कोको गॉफ और रूस के दानिल मेदवेदेव ने आसानी के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले साल सितंबर में अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने वाली 19 वर्षीय गॉफ ने अन्ना करोलिना श्मीडलोवा को 6-3, 6-0 से हराकर लगातार दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

महिला वर्ग में विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को पहले दौर में बाहर का रास्ता देखना पड़ा। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने



6-1, 6-2 से हराया। पुरुष वर्ग में मेदवेदेव ने अपने प्रतिद्वंदी टेरेंस एटमाने के मैच के बीच से हट जाने के कारण दूसरे दौर में जगह बनाई। जब 22 वर्षीय एटमाने ने हटने का फैसला किया तब मेदवेदेव 5-7, 6-2, 6-4, 1-0 से आगे चल रहे थे। पिछले साल फाइनल में नोवाक जोकोविच से हारने वाले स्टेफानोस सितसिपास ने जिजौ बर्ग्स को 5-7, 6-1, 6-1, 6-3 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 2014 के विजेता और तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टैन वावरिंका पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए।

## खेल डायरी

### टोटेनहैम ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को बराबरी पर रोका

**मैनचेस्टर।** टोटेनहैम ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-2 से बराबरी पर रोका। मैनचेस्टर यूनाइटेड का 25 प्रतिशत हिस्सा खरीदने के बाद यह पहला अवसर था जब ब्रिटेन के अरबपति जिम रेटक्लिफ मैच के दौरान उपस्थित थे। रासमस होजलुंड ने तीसरे मिनट में ही गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को बढ़त दिला दी। रिचार्लीसन ने 19वें मिनट में टोटेनहैम की तरफ से बराबरी का गोल किया। मार्कस रैशफोर्ड ने 40वें मिनट में मैनचेस्टर यूनाइटेड को फिर से बढ़त दिला दी। रोड्रिगो बेंटनकुर ने हालांकि दूसरे हाफ के 49वें सेकंड में गोल करके टोटेनहैम को फिर से बराबरी पर ला दिया।

### फुटबॉलर पर नफरत भड़काने का आरोप

**अंकारा।** तुर्किये ने हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के प्रति एक शीर्ष फुटबॉल लीग मैच के दौरान एकजुटता दिखाने वाले इस्राइली फुटबॉल खिलाड़ी सागिव जेहेकेल पर नफरत भड़काने का आरोप लगाया है। अंताल्यास्पोर टीम के इस खिलाड़ी को रविवार रात पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। उसने मैच के दौरान अपनी कलाई पर पट्टी बांध रखी थी, जिस पर लिखा था 100 डेज 7.10। उसका इशारा सात अक्टूबर की तरफ था, जब हमास ने इस्राइल पर हमला करके कई लोगों को बंधक बनाया था। इस्राइल के इस खिलाड़ी ने पुलिस से कहा कि वह सिर्फ इतना चाहता था कि जंग खत्म हो जाए। कानून मंत्री यिलमाज तुंक ने कहा कि जेहेकेल पर सार्वजनिक रूप से नफरत और दुश्मनी फैलाने के आरोप लगाए गए हैं। क्लब ने उन्हें टीम से निकाल दिया है।

### तेंदुलकर ने अपने फर्जी वीडियो पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर ने सोमवार को उस वीडियो को फर्जी करार दिया, जिसमें उन्हें गेमिंग से जुड़े



एक एप का प्रचार करते हुए दिखाया गया है जो उपयोगकर्ताओं को आसानी से पैसे कमाने का लालच देता है। इस वीडियो में तेंदुलकर को एप्लिकेशन की खूबियों के बारे में बताते हुए दिखाया गया है। वह कह रहे हैं कि उन्हें नहीं पता था कि पैसा कमाना इतना आसान हो गया है और उनकी बेटी भी इसका उपयोग करती है। तेंदुलकर ने वीडियो पोस्ट कर एक्स पर लिखा कि यह वीडियो फर्जी हैं। सभी से अनुरोध है कि वे इस वीडियो, विज्ञापन और एप की बड़ी संख्या में रिपोर्ट करें।

### एंडी मरे ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले ही दौर में बाहर

**मेलबर्न।** स्टेन वावरिंका और एंडी मरे सोमवार को अपने पहले दौर के मुकाबले



हारकर ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हो गए हैं। स्विट्जरलैंड के वावरिंका को पांच सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 20वीं वरीयता प्राप्त एड्रियन मन्नारिनो ने 6-4, 3-6, 5-7, 6-3, 6-0 से हराया। जबकि ब्रिटेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे को अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी ने 6-4, 6-2, 6-2 से हराया। कोर्ट एरेना में हुए मुकाबले में अर्जेंटीना के खिलाड़ी एचेवेरी ने मरे को सीधे सेटों में हराया। उन्होंने मरे को हराकर सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है।

### जापान और ईरान की एशिया कप में बड़ी जीत

**अल रेयान (कतर)।** खिताब के प्रबल दावेदार जापान और ईरान ने एशिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता में आसान जीत दर्ज की। रिकॉर्ड चार बार के चैंपियन जापान ने ग्रुप डी में वियतनाम को 4-2 से हराया, जबकि ईरान ने ग्रुप सी में फिलिस्तीन को 4-1 से करारी शिकस्त दी। जापान पिछले दो बार से यह टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है लेकिन इस बार उसे ट्रॉफी हासिल करने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। एक अन्य मैच में हांगकांग के फिलिप चान सिउ क्वान ने एशियाई कप के इतिहास में 1,000वां गोल किया, लेकिन उनकी टीम को संयुक्त अरब अमीरात से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा।

# बीमारी के कारण इंडिया ओपन से हटे एक्सेलसेन

**नई दिल्ली।** डेनमार्क के विश्व में नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन अस्वस्थ होने के कारण मंगलवार से शुरू होने वाले इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से हट गए हैं। एक्सेलसेन मलयेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के दौरान बीमार पड़ गए थे। वह इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में चीन के वाईक्यू शी से हार गए थे। एक्सेलसेन ने एक्स पर लिखा कि शनिवार को मैच के बाद वह बीमार पड़ गए और अभी मलयेशिया में उपचार करा रहे हैं। उन्हें अतिरिक्त जांच करवाने के लिए कहा गया है। इंडिया ओपन में एक्सेलसेन को शीर्ष वरीयता दी गई थी। इस स्टार खिलाड़ी ने टूर्नामेंट से हटने को निराशाजनक बताया।

# इंडिया ओपन में सात्विक-चिराग पर होगी निगाह

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय खिलाड़ी घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर मंगलवार से शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चमक बिखेरने की कोशिश करेंगे, जिसमें सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर टिकी रहेंगी। सात्विक और चिराग ने 2023 में 6 खिताब जीते थे, जबकि हाल में वह मलयेशिया सुपर 1000 टूर्नामेंट में उपविजेता रहे थे।

भारतीय बैडमिंटन संघ का यह महत्वपूर्ण टूर्नामेंट पिछले साल सुपर 750 वर्ग में रखा गया था लेकिन तब भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और कोई भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया था। इससे पहले 2022 में सात्विक और चिराग ने पुरुष युगल, जबकि लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल का खिताब जीता था।



आज से शुरू हो रहा बैडमिंटन टूर्नामेंट, भारतीय खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

### प्रणय और लक्ष्य का पहला मुकाबला चीनी ताइपे से

प्रणय और लक्ष्य मलयेशिया ओपन के पहले दौर में हार गए थे। इंडिया ओपन में वह चीनी ताइपे के चोउ टीएन चेन और प्रियांशु राजावत के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।





श्रीकांत का पहले दौर में सामना हांगकांग के ली चेउक यियू से होगा। प्रणय अभी विश्व रैंकिंग में आठवें नंबर पर हैं और ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ में सबसे आगे हैं। दूसरे स्थान की दौड़ में श्रीकांत और लक्ष्य हैं।

### पिछले साल चोट के कारण हटना पड़ा था

पिछले साल सात्विक के चोटिल होने के कारण भारतीय जोड़ी को दूसरे दौर के मैच से पहले हटना पड़ा था, लेकिन इस बार वे पूरी तरह से फिट हैं। पहले दौर में उनका मुकाबला फैंग जेन ली और फैंग चिह ली से होगा। सात्विक और चिराग जहां खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। वहीं एकल में एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत पर निगाहें टिकी रहेंगी, जबकि पीवी सिंधू घुटने की चोट के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही हैं।

### महिला युगल में होगा कड़ा मुकाबला

महिला युगल में भी ओलंपिक में जगह बनाने की दौड़ काफी कड़ी हो गई है। इसके लिए अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो व राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली दौड़ में हैं। अश्विनी और तनीषा पहले दौर में थाईलैंड की राविंडा प्राजोंगजई और जोंगकोलफान कितिथाराकुल से भिड़ेंगी, जबकि त्रीसा और गायत्री का सामना जापान की नामी मत्सुयामा और चिहारू शिदा से होगा।

# बीसीसीआई ने चयनकर्ता के लिए मांगे आवेदन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई ने पांच सीनियर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं में से किसी एक को बदलने के लिए सोमवार को आवेदन मंगाए और पूरी संभावना है कि नया चयनकर्ता पूर्व तेज गेंदबाज सलिल अंकोला की जगह लेगा क्योंकि पश्चिम क्षेत्र से चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के रूप में पहले ही एक प्रतिनिधि है।

बीसीसीआई ने अपनी वेबसाइट पर विज्ञापन दिया है। आवेदन करने वाले खिलाड़ी ने कम से कम सात टेस्ट मैच या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले हों। अगर उम्मीदवार ने 10 वनडे या 20 प्रथम श्रेणी मैच भी खेले हों तो वह भी आवेदन कर सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 जनवरी है।





# बॉलीवुड हलचल

## द राजा साहब में नजर आएंगे प्रभास

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास फिल्म द राजा साहब में काम करते नजर आएंगे। प्रभास ने अपनी आने वाली नई फिल्म का एलान कर दिया है। इस फिल्म का नाम द राजा साहब है। द राजा साहब के पोस्टर में प्रभास टी-शर्ट, लुंगी और चप्पल पहने सड़क पर घूमते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए प्रभास ने लिखा कि इस फेस्टिवल के सीजन पर द राजा साहब का फर्स्ट लुक जारी कर रहा हूं। आप सभी को ढेरों शुभकामनाएं। फिल्म का निर्देशन मारुति कर रहे हैं। उन्होंने फिल्म की कहानी भी लिखी है। वहीं म्यूजिक थमन एस तैयार करेंगे।





### यश कुमार और अवधेश की फिल्म अर्धनारी 2 का ट्रेलर रिलीज

रामा प्रसाद प्रोडक्शन की फिल्म अर्धनारी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें यश कुमार और अवधेश मिश्रा मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। इसके निर्माता अपूर्व मेड़तिया, रामा प्रसाद, मोनिका सिंह और चंद्रेश मेहता हैं, जबकि निर्देशक राज किशोर प्रसाद (राजू) हैं। इस फिल्म में यश कुमार डबल रोल में हैं, जबकि अवधेश मिश्रा थर्ड जेंडर की भूमिका में हैं। यश कुमार ने कहा कि यह फिल्म अर्धनारी की तरह ही कथ्य और कथानक से समृद्ध है। उम्मीद करता हूं कि दर्शकों को यह पसंद आएगी। अर्धनारी 2 की कहानी यश कुमार और एसके चौहान ने लिखी है। पटकथा एवं संवाद एसके चौहान का है। संगीतकार मुन्ना दुबे हैं। गीतकार प्यारेलाल यादव, शेखर मधुर, मुन्ना दुबे हैं।

## गणतंत्र दिवस पर रिलीज होगी ऋतिक की फाइटर

बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की आने वाली फिल्म फाइटर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर मुख्य भूमिका में है। ट्रेलर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर और करण सिंह ग्रोवर वायु सेना अधिकारी बने देशभक्ति के जज्बे में डूबे नजर आ रहे हैं। ट्रेलर की शुरुआत ऋतिक रोशन की आवाज से होती है, जिसमें वह कह रहे हैं कि फाइटर वह नहीं है, जो लक्ष्य को प्राप्त करता है, बल्कि फाइटर वह है, जो अपने दुश्मनों को ठोक देता है। अनिल कपूर बतौर कप्तान सर्वश्रेष्ठ वायु सेना अधिकारियों की एक टीम तैयार करते हैं, जिनमें ऋतिक, दीपिका और करण शामिल हैं। फिर पुलवामा बम ब्लास्ट के बाद सभी फाइटर जंग के लिए तैयार होते हैं और जान की बाजी लगाते नजर आते हैं। फाइटर में ऋतिक रौशन स्क्वाड्रन लीडर शमशेर पठानिया उर्फ पैटी की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं दीपिका पादुकोण स्क्वाड्रन लीडर मीनल राठौड़ उर्फ मिन्नी का किरदार निभा रही हैं। अनिल कपूर ग्रुप कैप्टन राकेश जय सिंह उर्फ रॉकी के किरदार में नजर आएंगे। फाइटर का निर्माण वायकॉम18 स्टूडियोज और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स द्वारा किया गया है। फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया कि भारत में पाकिस्तान की तरफ हुए आतंकी हमले से कई जवान शहीद हो गए हैं। इसके बाद भारत के प्रधानमंत्री पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए कहते हैं। फिर भारतीय एयरफोर्स के जवान मिशन पर निकल पड़ते हैं। फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर 25 जनवरी को रिलीज होगी।



## अयोध्या में घर बनवाएंगे अमिताभ बच्चन

बॉलीवुड के सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने श्रीराम की नगरी अयोध्या में एक प्लॉट खरीदा है, जिसकी कीमत करोड़ों में हैं। यहां उनका घर बनवाने का इरादा है। अमिताभ बच्चन ने यह प्लॉट मुंबई स्थित डेवलपर द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा से खरीदा है।



हालांकि अब तक इस प्लॉट का साइज और कीमत के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि कहा जा रहा है कि इसकी कीमत करीब 14.5 करोड़ रुपये है। अमिताभ ने कहा कि यह शहर उनके दिल के काफी करीब है। उनका अयोध्या से इमोशनल कनेक्शन है।

उन्होंने कहा कि वह आध्यात्मिक की राजधानी में अपना घर बनाने के लिए तैयार हैं। बता दें कि अमिताभ बच्चन जल्द ही प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ कमल हासन और दीपिका पादुकोण भी नजर आएंगी। यह फिल्म 9 मई को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।

### रोहित ने शेयर की सिंघम अगेन की झलक

रोहित शेट्टी ने रविवार शाम अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें रोहित शेट्टी कार में बैठे हैं और फिल्म सिंघम अगेन का एक सीन शूट कर रहे हैं। इस में गाड़ी उड़ती है और आग की चपेट में आ जाती है। रोहित शेट्टी ने इस वीडियो के साथ लिखा है, हैप्पी मकर संक्रांति, आप लोग पतंग उड़ाइए और मैं... मुझे अपने काम... एक्शन... नाइट शूट से प्यार है... हैदराबाद। इसके अलावा उन्होंने हैशटैग के साथ सिंघम अगेन लिखा है। रोहित शेट्टी के इस वीडियो पर फैंस जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा है कि पतंग उड़ाना था सर गाड़ी नहीं। एक फैन ने लिखा है कि मकर संक्रांति को भी इतने खतरनाक तरह से विश कर रहे हो। एक ने लिखा है कि एक्शन का बाप रोहित शेट्टी। एक अन्य ने लिखा है कि सिंघम अगेन का बेसब्री से इंतजार है।

### जब लगा था दम मारो दम गाने पर बैन

देव आनंद और जीनत अमानने अपने कॅरिअर में कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया और अपनी अदाकारी से फैंस के दिलों पर राज किया। देव आनंद और जीनत अमान ने साल 1971 में रिलीज हुई फिल्म हरे रामा हरे कृष्णा में काम किया था। इस फिल्म को देव आनंद ने ही डायरेक्ट किया था। इसके गाने काफी ज्यादा पॉपुलर हुए थे और आज 53 साल बाद भी लोग इन्हें गुनगुनाते हैं लेकिन फिल्म का हरे रामा हरे कृष्णा गाने को लेकर जमकर विवाद हुआ था और इसके गाने के भारत सरकार ने बैन कर दिया गया था। यह गाना था दम मारो दमा। इसे आशा भोसले ने अपनी आवाज दी थी। आरडी बर्मन ने और आनंद बख्शी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि सरकार को गाने में राम का नाम दम से जोड़ने पर आपत्ति थी। इसलिए शुरुआत में एआईआर और डीडी ने इस गाने को बैन कर दिया था। भारत सरकार का मानना था कि इस गाने की वजह से देश में हिप्पी संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# चाबहार की मजबूती पर भारत-ईरान का जोर

▸▸ ईरानी शहरी विकास मंत्री से जयशंकर ने की मुलाकात, बैठक में आईएनएसटीसी भी रहा मुद्दा

तेहरान, एजेंसी



तेहरान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर ने ईरान के शहरी विकास मंत्री के साथ बैठक की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच चाबहार बंदरगाह को लेकर मजबूती पर चर्चा की गई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्री जयशंकर दोनों पक्षों के बीच चल रही उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होने ईरान गए हैं।

सोशल मीडिया पोस्ट पर पोस्ट साझा करते हुए जयशंकर ने कहा कि ईरान के शहरी विकास मंत्री के साथ मेरी बैठक हुई। इस दौरान चाबहार बंदरगाह के जुड़े संबंधों को सुदृढ़ करने पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) भी बैठक का मुद्दा रहा। बता दें आईएनएसटीसी एक परिवहन मार्ग है, जो हिंद महासागर और फारस की खाड़ी को ईरान के जरिए से कैस्पियन सागर और रूस में सेंट पीटर्सबर्ग से उत्तरी यूरोप तक जोड़ता है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, जयशंकर का ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन से भी मिलने का कार्यक्रम है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की संभावनाएं हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल अगस्त में ईरानी राष्ट्रपति सैय्यद इब्राहिम रायसी के साथ मुलाकात की थी।

इस दौरान दोनों देशों के नेताओं ने कनेक्टिविटी हब के तौर पर चाबहार बंदरगाह की मजबूती के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया था। ईरान में स्थित चाबहार बंदरगाह भारत के लिए व्यापार के लिए अहम है। चाबहार बंदरगाह के जरिए ईरान, अफगानिस्तान और मध्य एशिया के बीच व्यापार किया जाता है।

## जापानः विमान में लगी आग, 122 यात्री बाल-बाल बचे

**टोक्यो।** टीवे एयर का बोइंग 737-800 विमान पक्षी से टकराने के बाद इंजन में आग लग गई। विमान में 122 यात्री सवार थे। विमान ने जापान से साउथ कोरिया के लिए उड़ान भरी, तभी अचानक पक्षी टकरा गया।

गनीमत है कि विमान में मौजूद सभी यात्री सुरक्षित हैं। आपात लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना दक्षिण कोरिया के इंचियोन हवाई अड्डे पर उतरने से पहले हुई है। मीडिया के मुताबिक, विमान आग की लपटे के साथ उड़ रहा था, रफ्तार तेज होने के कारण आग की लपटे पिछले हिस्से तक जा पहुंची। पायलट ने बड़ी सूझबूझ के साथ विमान की आपात लैंडिंग कराई।

# चंद्रमा की दौड़ में अमेरिका-चीन के बीच जुबानी जंग

▸▸ 2026 में अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारेगा नासा

नैनीताल कार्यालय



चंद्रमा की तस्वीर

### दोनों देशों का लक्ष्य चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव

चीन ने टाइकोनॉट्स मिशन के जरिए अंतरिक्ष दल को चंद्रमा की सतह पर उतरना चाहता है। पहले उसका लक्ष्य 2030 था, लेकिन अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के तेजी से बढ़ते कदम के चलते वह इस मिशन को पहले ही पूरा कर लेना चाहता है। बता दें कि संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन दोनों ही देश चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर निशाना साध रहे हैं, यह ऐसा क्षेत्र है जो पानी की पूर्ति के लिए बर्फ के रूप में समृद्ध माना जाता है।

**अमृत विचार :** मून मानव मिशन की होड़ में चीन व अमेरिका के बीच जुबानी जंग भी शुरू हो गई है। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा है कि चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने में चीन भले ही आक्रामक रवैया अपना रहा हो, लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका इससे जरा भी चिंतित नहीं।

2026 के नासा अपने अंतरिक्ष यात्रियों का दल चंद्रमा की धरती पर उतार देगा। चंद्रमा पर आधिपत्य जमाने के लिए दुनिया के कई देशों के बीच होड़ लगी है। इस जंग में चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका सबसे आगे हैं और यह दोनों देश इस दशक के खत्म होने से पहले चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को उतारने की पुख्ता योजना में तेजी से काम कर रहे हैं।

जिसके चलते अंतरिक्ष दौड़ की चर्चा फिर से शुरू हो गई है। नेल्सन का कहना है कि सच्चाई है कि हम अंतरिक्ष की दौड़ में शामिल हैं और वैज्ञानिक अनुसंधान की आड़ में चंद्रमा पर अपनी जगह पक्की कर लें। उन्हें विश्वास नहीं होता कि इस दौड़ में चीन बाजी मार ले जाएगा। क्योंकि कहना आसान है, लेकिन कर पाना उतना ही कठिन होता है। हम अपने आर्टेमिस 3 मिशन के लिए सितंबर 2026 को लक्ष्य निर्धारित करने जा रहे हैं और निश्चित ही हम अपने यात्रियों को चंद्रमा की सतह पर उतार देंगे और सकुशल वापस भी ले आएंगे। चीन की समयसीमा के बारे में नेल्सन कहा का कहना है कि चीन के पास बहुत आक्रामक योजना है और वह हमसे पहले उतरना चाहेंगे, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वह ऐसा कर पाएगा। चीन कई तिथि निर्धारित करने के बाद आगे बढ़ाता जा रहा है। मगर हमें विश्वास है कि सितंबर 26 में मून मानव मिशन की पहली लैंडिंग नासा की होगी।

## एक नजर

### एरिजोना में हॉट एयर बैलून दुर्घटनाग्रस्त, 4 की मौत, 1 घायल

**फीनिक्स।** अमेरिकी राज्य एरिजोना के रेगिस्तान में हॉट एयर बैलून के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मीडिया ने एलॉय पुलिस विभाग के बयान के आधार पर बताया कि दुर्घटना रविवार सुबह करीब 7.50 बजे शहर के पास एक ग्रामीण रेगिस्तानी इलाके में हुई, जो राज्य की राजधानी फीनिक्स से लगभग 105 किमी दक्षिण-पूर्व में स्थित है। स्थानीय केएनएक्सवी समाचार चैनल ने बताया कि जब यह हादसा हुआ तब हॉट एयर बैलून में कुल 13 लोग थे, जिनमें आठ स्काइडाइवर, चार यात्री और एक पायलट शामिल था। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुर्घटना से पहले स्काइडाइवर गोंडोला से बाहर निकल गए और प्रत्यक्षदर्शियों ने अधिकारियों को बताया कि जोरदार टक्कर से पहले बैलून काफी ऊपर-नीचे हुआ था।

### यूक्रेनः शरणार्थियों की मदद को 4.2 अरब डॉलर की जरूरतः यूएन

**बर्लिन।** संयुक्त राष्ट्र ने सोमवार को कहा कि यूक्रेन में शरणार्थियों की मदद के लिए इस साल 4.2 अरब अमेरिकी डॉलर की जरूरत है। कुल राशि का लगभग तीन-चौथाई, 3.1 अरब अमेरिकी डॉलर, यूक्रेन के अंदर लगभग 85 लाख लोगों का समर्थन करने के लिए है। शेष 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर यूक्रेन के बाहर शरणार्थियों और मेजबान समुदायों के लिए मांगे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय और संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने जिनेवा से एक बयान में कहा कि हाल में किए गए भीषण हमले आम लोगों के लिए युद्ध और कड़ाके की सर्दी में मानवीय मदद की जरूरत है।

मालदीव विवाद पर जयशंकर बोले-राजनीति तो राजनीति है, मैं इसकी गारंटी नहीं दे सकता

# हर देश हर समय हमारा समर्थन करेगा

नागपुर, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आखिरकार मालदीव के साथ चल रहे राजनयिक विवाद पर चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि इसकी कोई जिम्मेदारी नहीं ले सकता कि हर कोई हर समय भारत का समर्थन ही करेगा।



मालदीव के साथ हाल में नागपुर में टाउनहॉल बैठक में पैदा हुए तनाव के बारे में पूछे जाने पर जयशंकर ने कहा, 'राजनीति तो राजनीति है। मैं गारंटी नहीं दे सकता कि हर देश में हर कोई हर समय हमारा समर्थन करेगा या हमसे सहमत होगा।' उन्होंने आगे कहा, हम जो करने की कोशिश कर रहे हैं, वो है देशों के साथ संपर्क को मजबूत बनाना। हम काफी हद तक सफल हुए हैं। हमने पिछले 10 सालों में कई देशों से अच्छे संबंध बनाए हैं।

जयशंकर ने राजनीतिक संबंधों में उतार-चढ़ाव के बावजूद लोगों के बीच सकारात्मक भावनाओं को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए वैश्विक स्तर पर मजबूत संबंध बनाने के लिए पिछले एक दशक में भारत के प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि राजनीति उतार-चढ़ाव वाली हो सकती है, लेकिन उस देश के लोगों की भारत के प्रति अच्छी भावनाएं हैं और वे अच्छे संबंध रखने के महत्व को समझते हैं। इसके अलावा, उन्होंने अन्य देशों में बुनियादी ढांचे के विकास में भारत की भागीदारी का भी उल्लेख किया।

### मालदीव की संप्रभुता को चीन का पूरा समर्थनः मुइज्जू

**बीजिंग।** मालदीव में दो महीने पहले नई सरकार बनने के बाद चीन के साथ इसकी करीबी बढ़ रही है। चीनी राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक कर लौटे राष्ट्रपति मुइज्जू ने भरोसा जताया है कि आने वाले समय में दोनों देशों के संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि चीन मालदीव की संप्रभुता का पूरा समर्थन करता है। दोनों देश एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। मुइज्जू का बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि राजनयिक विवाद के कारण मालदीव और भारत के रिश्ते कड़वे हो चुके हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद पहली राजकीय यात्रा पर चीन पहुंचे मुइज्जू ने चीनी समकक्ष जिनपिंग के अलावा वहां के प्रधानमंत्री समेत कई शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की थी। यात्रा के दौरान डेढ़ दर्जन से अधिक समझौतों पर साइन करने के बाद बाद शनिवार को मालदीव लौटे मुइज्जू ने कहा, चीन ने 1972 में राजनयिक संबंध स्थापित करने के बाद से मालदीव के विकास में निरंतर सहायता की है। उन्होंने यह भी कहा कि चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) द्विपक्षीय संबंधों को एक नए स्तर पर ले गई है। उन्होंने कहा कि चीन ऐसा देश नहीं है जो मालदीव के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करेगा, यही कारण है कि दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध हैं। चीन के सरकारी चैनल-सीजीटीएन के साथ एक साक्षात्कार में मुइज्जू ने कहा, मालदीव और चीन एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। चीन मालदीव की संप्रभुता का पूरा समर्थन करता है। राष्ट्रपति ने विश्वास जताया कि चीन-मालदीव संबंध भविष्य में भी मजबूत होते रहेंगे। राष्ट्रपति शी जिनपिंग नागरिकों के हित को पहले रखते हैं और उनके नेतृत्व में चीन की अर्थव्यवस्था नई ऊंचाइयों पर पहुंची है। राष्ट्रपति मुइज्जू के मुताबिक राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उन्हें आश्वासन दिया है कि चीनी सरकार मालदीव को उसके लक्ष्य हासिल करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि जिनपिंग के साथ-साथ खुद उनके दृष्टिकोण में मालदीव की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप प्रगति लाना शामिल है।



## सीबीआईः आय से अधिक संपत्ति मामले में ले. कर्नल पर केस

नई दिल्ली। आय से अधिक संपत्ति मामले में लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक चंद्रा की मुश्किलें बढ़ने वाली है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में कई लाखों की नकदी जमा की थी। सोमवार को अधिकारियों ने मामले की जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार लेफ्टिनेंट कर्नल चंद्रा पर 2022 में कई विक्रेताओं से नकदी लेने का भी आरोप है।

अधिकारियों ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि सीबीआई ने उनकी जुड़ी संपत्तियों से जुड़े दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान वो पत्नी के पास संपत्ति से जुड़े सवाल का जवाब न दे सके। अधिकारी ने दावा किया कि जांच में पता चला कि पत्नी प्रिया चंद्रा और उन्होंने अपनी सास (प्रिया चंद्रा) के खाते में कैश डिपॉजिट वाउचर के जरिए 15 लाख रुपये जमा किए थे। एजेंसी ने आरोप लगाए हैं कि अभिषेक चंद्रा ने 31.29 लाख की संपत्ति अर्जित की, जो आय से 33 प्रतिशत अधिक थी।

# क्वाड देशों में अमेरिका भारत की भूमिका अहम

▸▸ अमेरिकी रक्षा उद्योग की शीर्ष कंपनी के मुख्य कार्यकारी विवेक लाल ने कहा-रक्षा सहयोग मजबूत

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका रक्षा जगत में भी करीबी सहयोगी हैं। संयुक्त सैन्य अभ्यास जैसी कवायद के तहत दोनों देशों के सैनिक अपने कौशल को निखारते हैं। क्षेत्रीय सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए क्वाड देशों के बीच भी परस्पर सहयोग होता है। ताजा घटनाक्रम में अमेरिकी रक्षा उद्योग की शीर्ष कंपनी- जनरल एटॉमिक्स ग्लोबल कॉरपोरेशन के मुख्य कार्यकारी विवेक लाल ने क्वाड में भारत और अमेरिका की मौजूदगी पर कहा, ऐसे वैश्विक संगठन में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग होता है। इससे क्षेत्रीय सुरक्षा मजबूत होती है।

उभरते भू-राजनीतिक खतरों का जवाब देने की क्षमता पर विवेक लाल ने कहा, भारत-अमेरिका के आपसी सहयोग से ताकत बढ़ती है। दोनों देशों का रक्षा उद्योग नियम-आधारित अंत व्यवस्था को बढ़ावा देता है। जनरल एटॉमिक्स के मुताबिक उनकी कंपनी भारत के भीतर अपना नेटवर्क बना रही है। भारतीय उच्च तकनीक क्षेत्र तक पहुंचने के प्रयास भी जारी हैं।

मीडिया के अनुसार, विवेक लाल ने कहा, क्वाड ढांचे के भीतर अमेरिका-भारत सहयोग से क्षेत्रीय स्थिरता आती है। उन्होंने कहा, समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान चुनौतियों से निपटने में रणनीतिक साझेदारी अहम है। क्वाड से इसे बढ़ावा मिलता है, नतीजतन क्षेत्रीय सुरक्षा भी बढ़ाती है। विवेक लाल क्वाड इन्वेस्टर्स नेटवर्क के सलाहकार बोर्ड में हैं। यह क्वाड देशों में निवेशकों और अधिकारियों का एक नेटवर्क है। लाल ने भारत और अमेरिका के बीच कई रणनीतिक रक्षा सौदों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालिया जनरल परमाणु ड्रोन में भी उनका रोल अहम रहा है। इस नेटवर्क का मकसद महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में सह-निवेश को बढ़ावा देना है।

# जम्मूः मुस्लिम छात्रा ने पहाड़ी भाषा में गाया राम भजन

जम्मू, एजेंसी



▸▸ सोशल मीडिया पर वायरल हुआ भजन, उत्तरी कश्मीर के उड़ी क्षेत्र की रहने वाली है छात्रा बतूल जहरा

जम्मू कश्मीर की मुस्लिम छात्रा सैयद बतूल जहरा ने हाल ही में राम भजन को अपनी मातृभाषा पहाड़ी में गाया। इसका वीडियो छात्रा ने सोशल मीडिया पर साझा किया, जो वायरल हो गया है। यूजर्स छात्रा की खूब तारीफ कर रहे हैं। छात्रा जहरा उत्तरी कश्मीर के उड़ी क्षेत्र की रहने वाली हैं और कॉलेज में प्रथम वर्ष में पढ़ती हैं।

सर्जिकल स्ट्राइक के लिए जाना जाने वाली उड़ी अब राम भजन के लिए जाना जाने लगा है। अपने 52 सेकंड के वीडियो से बतूल ने उड़ी को सुर्खियों में ला दिया है। वीडियो में छात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 दिन का व्रत रख रहे हैं। उन्होंने यह संकल्प राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के नेक आमद के लिए किया है। ऐसे में जम्मू कश्मीर भी इस समारोह में जुड़ गया है। जहरा ने इसके बाद पहाड़ी में राम भजन गाया। अपने भजन का वीडियो वायरल होने से जहरा बेहद खुश है। उसने बताया, मैंने जुबिन नौटियाल का एक गाना सुना और मुझे यह बहुत पसंद आया। मैंने सोचा कि अगर यह हिंदी में हो सकता है, तो पहाड़ी में क्यों नहीं हो सकता। फिर इसे पहाड़ी में लिखा और गाया। मैंने इसे रिकॉर्ड किया और अपने सर को दिखाया। उन्होंने इसे पोस्ट किया और यह वायरल हो गया।

## कनाडा में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की संख्या पर लगेगी लगाम

**ओटावा।** कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने कहा है कि उनका देश आवास की मांग में वृद्धि को कम करने और बेकाबू हो चुकी प्रणाली को दुरुस्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की संख्या सीमित करने की संभावना पर विचार कर रहा है।

इस कदम से भारतीय छात्रों पर असर पड़ सकता है। मिलर की टिप्पणी रविवार को तब आई जब ट्रूडो की सरकार को स्थायी और अस्थायी दोनों तरह के प्रवासियों की बढ़ती आबादी का स्वागत करने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा, क्योंकि देश को आवास की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। मिलर ने कहा कनाडा में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की बढ़ती संख्या परेशान करने वाली है। यह वास्तव में एक ऐसी व्यवस्था है जो नियंत्रण से बाहर हो गई है। 2022 में कनाडा में शीर्ष दस देशों में भारत पहले स्थान पर था।

# रेप पीड़िता का टू फिंगर टेस्ट, 5 लाख जुर्माना भरें डॉक्टरः कोर्ट

शिमला, एजेंसी

▸▸ हिमाचल हाई कोर्ट ने दिए जांच के आदेश, केंद्र सरकार द्वारा प्रतिबंधित है टू-फिंगर टेस्ट




दुष्कर्म पीड़िता की चिकित्सा जांच कानून के विपरीत किए जाने पर हाई कोर्ट ने सिविल हॉस्पिटल पालमपुर के डॉक्टरों पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। हाई कोर्ट ने इस राशि का भुगतान प्राथमिक तौर पर राज्य सरकार द्वारा पीड़िता को अदा करने के आदेश जारी किए हैं। इसके पश्चात इसकी भरपाई दोषी डॉक्टर से किए जाने के आदेश पारित किए गए है।

न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान व न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खण्डपीठ ने अपने निर्णय में कहा कि दुष्कर्म एक महिला के व्यक्तित्व और अंतर्निहित गरिमा पर मानसिक हमला है। यह एक महिला की पवित्रता और समाज की आत्मा के खिलाफ अपराध है। किसी का शारीरिक ढांचा ही उसका मंदिर होता है और उस पर अतिक्रमण का अधिकार किसी को नहीं है। केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार टू-फिंगर टेस्ट, जिसे चिकित्सा शब्द के अनुसार, प्रति-योनि परीक्षा को सख्ती से प्रतिबंधित किया गया है। यह दिशानिर्देश हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा भी अपनाए गए हैं और इस कारण यह दिशानिर्देश पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य पेशेवरों पर लागू होते हैं।

चूंकि टू-फिंगर टेस्ट दुष्कर्म पीड़िताओं की निजता, शारीरिक व मानसिक अखंडता और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है। इस कारण इन दिशा निर्देशों की अवहेलना होने पर प्रदेश हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग को दुष्कर्म पीड़िता के लिए मुआवजे के तौर पर 5 लाख रुपये की राशि का भुगतान करने के आदे जारी किए।

# पीएम मोदी ने की पुतिन से बात, मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की। फोन के जरिए हुई इस बातचीत में ब्रिक्स में रूस की अध्यक्षता सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी और पुतिन दोनों एक-दूसरे के संपर्क में रहने पर सहमत हुए।

पीएम मोदी ने ट्वीट किया, 'राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत हुई। हमने रणनीतिक साझेदारी में हुए विकास चर्चा की। हमने भविष्य की पहल के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर भी सहमति जताई। विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी बात की। दोनों ने ब्रिक्स में रूस की अध्यक्षता सहित अन्य मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। बताया गया कि टेलीफोन पर हई बातचीत में दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने 2024 में रूस के ब्रिक्स की अध्यक्षता के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दीं। पीएम मोदी ने रूस को भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन भी दिया।

### लुढ़का पारा...



**जम्मू :** शीतलहर और कोहरे के बीच जम्मू में पारा जमाव बिंदु की ओर सिकुड़ रहा है। शनिवार रात को न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। यह सामान्य से साढ़े चार डिग्री कम है। इस तापमान के साथ जम्मू के लोगों ने इस सीजन की सबसे ठंडी रात गुजारी। ● एजेंसी

## सर्वे

रिसर्च एंड कंसल्टिंग फर्म गार्टनर के सर्वे में दावा, 2 साल में 50 फीसदी घट सकते हैं यूजर

# सोशल मीडिया पर आधी पोस्ट कर रहे सॉफ्टवेयर

नई दिल्ली, एजेंसी

अगले 2 साल में 50% तक लोग सोशल मीडिया से तौबा कर सकते हैं। लोगों को लगता है कि सोशल मीडिया अब बदल गया है। इस पर भ्रामक और मनगढ़ंत सूचनाओं का प्रसार ज्यादा होने लगा है।

रिसर्च एंड कंसल्टिंग फर्म गार्टनर के सर्वे में 53 फीसदी लोगों ने कहा कि सोशल मीडिया 5 साल पहले तक बेहतर था। इसका सबसे बड़ा कारण गलत सूचनाओं के साथ-साथ सॉफ्टवेयर के जरिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल है। सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर फोटो, वीडियो, म्यूजिक आदि पोस्ट किए जा रहे हैं। खास बात यह है कि आम यूजर्स के लिए यह जान पाना लगभग नामुमकिन है कि जो पोस्ट वो देख रहे हैं, वो किसी व्यक्ति द्वारा पोस्ट की गई है या सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर किसी एआई बॉट द्वारा। सर्वे के अनुसार जैसे-जैसे सॉफ्टवेयर (बॉट) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सोशल मीडिया में इस्तेमाल बढ़ेगा, लोगों की दिलचस्पी घटती चली जाएगी। 10 में से 7 यूजर्स ने कहा कि सोशल मीडिया में एआई की एंट्री अखरेगी और ज्यादा लोग इससे दूरी बनाएंगे। डिजिटल मार्केटिंग के लिए सोशल मीडिया फायदेमंद रहेगा, पर आम कंज्यूमर कम होंगे। साइबर सिक्योरिटी फर्म 'इंपर्वा' के अनुसार साल 2022 में इंटरनेट पर अपलोड लगभग आधी (47.4%) सामग्री किसी ने व्यक्तिगत रूप से नहीं, सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर डाली गई। हर साल इसमें 5.1% का इजाफा हो रहा है।

दूसरी ओर लोगों द्वारा अपलोड कंटेंट सिर्फ 52.6% रह गया है। 72% लोगों का मानना है कि सोशल मीडिया पर मिलने वाली जानकारी विश्वसनीय नहीं होती। गार्टनर ने उम्मीद जताई है कि साल 2026 तक करीब 60% कंपनियां कंटेंट की विश्वसनीयता जांचने-परखने पर जोर देंगी, ताकि यूजर्स का सोशल मीडिया पर भरोसा बरकरार रखा जा सके।

### सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल बढ़ाता है तनाव

सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताने पर तनाव, नकारात्मकता बढ़ती है। घंटों बिताने वालों को ऑनलाइन नहीं रहने पर कुछ महत्वपूर्ण छूटने का डर सताता है। इसे फियर ऑफ मिसिंग आउट (फोमो) कहते हैं। जर्मनी में रुहर यूनिवर्सिटी बोचुम में मानसिक स्वास्थ्य अनुसंधान और उपचार केंद्र की एसोसिएट प्रोफेसर जूलिया ब्रिलोव्स्काया ने कहा, सोशल मीडिया का सीमित इस्तेमाल हमें सकारात्मक महसूस करवाता है, पर लंबे समय तक ज्यादा इस्तेमाल से नकारात्मकता बढ़ने लगती है।




## पाकिस्तानः तैयारियां पूरी, टाला नहीं जा सकता चुनावः ईसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आम चुनाव तय समय आठ फरवरी को ही होगा। चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा है कि इसे टाला नहीं जा सकता है, क्योंकि सारी तैयारियां हो चुकी हैं। चुनाव आयोग की ओर से यह बयान सीनेट में चुनाव टालने के प्रस्ताव के बीच आया है।

प्रस्ताव में यह तर्क दिया गया था कि कड़ाके की सर्दी और सुरक्षा कारणों को देखते हुए इसे आगे बढ़ाया जाना चाहिए। हालांकि इसे अधिक पार्टियों का समर्थन प्राप्त नहीं हुआ। सीनेट में मौजूद 100 सदस्यों में से सिर्फ 14 ने इसका समर्थन किया था। चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में भी आठ फरवरी को चुनाव कराने का संकल्प प्रस्तुत किया है। उन्होंने इसके अलावा कहा कि पिछले राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव भी ठंड के मौसम में ही हुए थे।

# गिरफ्तार टीएमसी नेता से जुड़े परिसरों पर ईडी की छापेमारी

कोलकाता, एजेंसी

▸▸ राशन वितरण घोटाला मामले में इसी महीने आध्या को किया गया था गिरफ्तार

पश्चिम बंगाल में राशन वितरण घोटाला मामले के तहत गिरफ्तार तृणमूल नेता से जुड़े कई परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की। ईडी ने सेंट्रल कोलकाता के चार परिसरों में छापा मारा। केंद्रीय एजेंसी के एक अधिकारी ने बताया कि सॉल्ट लेक के एक चार्टर्ड अकउंटेंड के आवास पर भी छापेमारी की गई। चौरंगी लेन स्थित एसआर आध्या फाइनेंस में ईडी की रेड जारी है।

ईडी के अनुसार, जहां भी छापेमारी की जा रही है, ये सभी स्थान टीएमसी नेता और बोनगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शंकर आध्या से जुड़े हैं। छापेमारी के दौरान केंद्रीय बल को परिसर की निगरानी करते हुए देखा गया। इसी महीने आध्या को उनके परिसर से गिरफ्तार किया गया था। आध्या को राज्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का करीबी माना जाता है, जिसे पिछले साल ही राशन वितरण घोटाला मामले के तहत गिरफ्तार किया गया था। बता दें कि पांच जनवरी को राशन वितरण घोटाला मामले की जांच के तहत टीएमसी नेता शाहजहां शेख के आवास पर छापेमारी के दौरान उनके समर्थकों ने ईडी अधिकारियों पर हमला कर दिया था।

इस हमले में ईडी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे। ईडी ने इस मामले पर शिकायत दर्ज कराई थी। वहीं, केंद्रीय जांच एजेंसी के खिलाफ टीएमसी नेता और राज्य पुलिस ने अन्य पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया था।

## श्रीलंका ने 10 और भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका ने अपने जल क्षेत्र में कथित तौर पर अवैध शिकार करने के आरोप में 10 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है। श्रीलंकाई नौसेना ने मछुआरों की नावों को भी जब्त कर लिया। मछुआरों को पकड़े जाने की घटना दो दिन पहले की है।

श्रीलंका ने एक आधिकारिक बयान जारी करके में सोमवार को इस बात की जानकारी दी। इससे पहले शनिवार को श्रीलंका जल क्षेत्र में कथित तौर से अवैध शिकार करने के आरोप में 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया था। श्रीलंका नेवी ने मछुआरों के तीन ट्रॉलर भी जब्त कर लिए थे। बता दें कि ये मुद्दा भारत और श्रीलंका के बीच अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में एक विवादास्पद मुद्दा बना रहा है। श्रीलंका की नौसेना ने मछुआरों पर गोलीबारी भी की और श्रीलंकाई सेना कई कथित घटनाओं में उनकी नौकाओं को जब्त कर लिया।